राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 352 | रांची, बुधवार, 26 जून 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com

## आज का दिन

देश–दुनिया के इतिहास में 26 जून की तारीख तमाम अहम वजह से दर्ज है। संयुक्त राष्ट्र के इतिहास में इस तारीख का खास महत्व है। संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक महत्व से सभी वाकिफ हैं। इसकी मुख्य भूमिका युद्ध को टालने, कमजोर देशों को सहायता और शांति स्थापना है। यह अंतरराष्ट्रीय संगठन औपचारिक रूप से तो 24 अक्टूबर 1945 को वजूद में आया, लेकिन इसके घोषणापत्र को उसी वर्ष 26 जून को स्वीकार किया और इस पर 50 देशों के प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए।



# साप्ताहिक जन शिकायत दिवस में आम नागरिकों को मिल रही है सहायता

## आज के साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में लगभग 50 से अधिक आवेदकों ने की उपायुक्त से मुलाकात

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**गुमला** – गुमला जिला मुख्यालय स्थित आज मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित साप्ताहित जन शिकायत दिवस में जिले के दूर दराज से लगभग 50 से अधिक आवेदकों ने आकर उपायुक्त से मुलाकात की। प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को आयोजित पूर्वाह्न 11ः00 बजे से प्रारंभ जन शिकायत निवारण दिवस में सैंकड़ों आवेदकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। जन शिकायत निवारण दिवस में सिसई की रहने वाली संगीता कुमारी ने बताया कि वह पीएम किसान सम्मान निधि योजना की लाभुक है परंतु उक्त योजना के तहत गलत बैंक खाते का का नाम एवं नंबर अपडेट किया गया है जिस कारण वह योजना का लाभ नहीं ले पा रहीं हैं एवं उन्होंने उपायुक्त से बैंक खाता से संबंधित जानकारी को अपडेट करने हेतु आग्रह किया, उपायुक्त ने सिसई सी.ओ. को अविलंब कारवाई करते हुए समस्या का समाधान करने हेतु निर्देशित किया।

रायडीह प्रखंड के नवाडीह ग्राम निवासी रूपा देवी ने बताया कि उनके द्वारा स्वयं खरीद की गई भूमि में वे अबुआ आवास योजना के तहत आवास निर्माण करवाना चाहती हैं परंतु कार्य प्रारंभ करने पर सुरसांग निवासी लक्ष्मण सिंह के द्वारा उनके जमीन पर कब्जा करते हुए उनके आवास निर्माण करने के कार्य में बाधा डालने जा कार्य किया जा रहा है , जिसपर रूपा देवी के द्वारा उपायुक्त से सहायता की मांग की गई , जिसपर उपायुक्त ने अंचल अधिकारी रायडीह को इससे संबंधित जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। रायडीह प्रखंड के केम्टे पंचायत अंतर्गत रैसा टोली के ग्रामीणों ने अपना आवेदन समर्पित करते हुए कहा कि उनके ग्राम अंतर्गत खुरसुता पुल से रैसा गांव तक 4 किलो मीटर के पथ निर्माण करने हेतु उपायुक्त से आग्रह किया।

इसी प्रकार अन्य कई आवेदकों ने विभिन्न योजनाओं के लाभ लेने हेतु भी अपना आवेदन समर्पित किया। इस दौरान चैनपुर प्रखंड के अजीत असुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शौचालय की मांग की,रायडीह प्रखंड के अमरूद विरहोर ने भी शौचालय बनवाने की मांग की, सिसई के रूही प्रवीन ने प्रधानमंत्री आवास योजना की मांग की।बाजार टांड़ के पास अवैध रूप से घर के निर्माण किए जाने से संबंधित जानकारी वहां के आम नागरिकों ने दी।

इसके अलावा आज जनता दरबार में राशन, पेंशन, आवास योजना, निजी एवं सामाजिक मुद्दों को लिए आवेदकों ने उपायुक्त से मुलाकात की। एवं सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं सभी विषयों पर अविलंब कार्रवाई करने हेतु अधिनस्तो को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक ललन कुमार रजक सहित अन्य संबंधित कर्मी ।

## सामाजिक सुरक्षा योजना से जुडे पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन जरूरी

**गुमलाः** सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियमों के अनुसार सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत वर्ष 2024 के लिए पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन दिनांक 19 जून से 10 जुलाई 2024 तक सभी पंचायत कार्यालयों में किया जा रहा है। सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी ,ललन कुमार रजक ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए पेंशनर के लिए पेंशनर का जीवित प्रमाण बाबत वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाना आवश्यक है ताकि पेंशन धारकों को बिना किसी समस्या के नियमित रूप से पेंशन योजना का लाभ मिल सके।

पेंशनर अपने वार्षिक भौतिक सत्यापन के लिए अपने नजदीकी पंचायत कार्यालय में अपना आधार कार्ड लेकर जाएंगे जिससे उनका भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके अलावा आवश्यक पड़ने पर अन्य प्रक्रियाओं के माध्यम से भी पेंशन धारकों का भौतिक सत्यापन करने का कार्य किया जाएगा। इस अवधि में किसी पेंशनर द्वारा जनाधार से जु?ी किसी अन्य सरकारी योजना का लाभ बायोमैट्रिक या ओटीपी के माध्यम से लिया गया हो यथा राशन, चिकित्सा, बीमा आदि तो ऐसे पेंशनर को पृथक से भौतिक सत्यापन करवाने की आवश्यकता नहीं होगी। अतः जिला प्रशासन की अपील है कि सभी पेंशन धारियों से अपील है कि वे अपने पेंशन से जुड़े भौतिक सत्यापन अवश्य करवा लें।

## दस वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ , 17 वर्षीय किशोर ने किया बलात्कार



**गुमला** – गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर थाना क्षेत्र की एक दस वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ , एक 17 वर्षीय नाबालिग किशोर ने उक्त नाबालिक लड़की के साथ , पीड़ित लड़की के इच्छा के विरुद्ध , बजबरदस्ती बलात्कार किया , जिसे उक्त घटनास्थल पर ही , आपत्तिजनक स्थिति में उक्त 17 वर्षीय नाबालिक किशोर को ग्रामीणों ने दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी गई, और फिर उक्त आरोपी किशोर को बिशुनपुर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया ,? जिसे बिशुनपुर थाना पुलिस ने काफी गंभीरता से लेते हुए और त्वरित कार्रवाई करते हुयें , उक्त आरोपी किशोर को बिशुनपुर थाना पुलिस ने न्यायालय में प्रस्तुत कर , न्यायालय के आदेश अनुसार उक्त आरोपी किशोर को गुमला बाल सुधार गृह में रखवाया गया हैं , बिशुनपुर थाना पुलिस ने उक्त घटना को काफी गंभीरता से लेते हुए, गहराई से पूछताछ और छानबीन शुरू कर दी हैं, बताया जाता हैं की उसके माता-पिता काफी गरीब और मजबूर होने के कारण उसके माता-पिता और पीड़ित लड़की , उक्त धटना के दिन अपने गांव के पास स्थित हाट बाजार में सामान बेचने आयें हुए थे, संध्या होने के कारण उनके माता-पिता ने अपनी 10 वर्षीय लड़की को अपने बारी में चर रहे बकरियों को , घर ले जाने के लिए भेजा, इसी क्रम में उक्त नाबालिक किशोरी को , उक्त आरोपी नाबालिग किशोर ने उसे रास्ते में दबोचकर उसे , एक झाड़ी के पीछे लेजाकर उक्त नाबालिग लड़की के इच्छा के विरुद्ध बलात्कार कर रहा था, इसी क्रम में उक्त गांव के ग्रामीणों ने उक्त नाबालिक किशोर को आपत्तिजनक स्थिति में पड़कर उसकी जमकर धुनाई कर दी गई और फिर उक्त आरोपी किशोर को ग्रामीणों ने बिशुनपुर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया, जिसपर बिशुनपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, उक्त आरोपी नाबालिग किशोर को बिशुनपुर थाना पुलिस ने न्यायालय में प्रस्तुत कर उक्त नाबालिग किशोर को बाल सुधार गृह गुमला में रखवाया गया हैं ।

## विभिन्न मांगों को लेकर 26 को बलकुदरा खुली खदान का सम्प्रेषण व परिवहन ठप करायेंगे ग्रामीण



**भुरकुंडा (रामगढ)**।विभिन्न मांगों को लेकर0 विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति की चारों राजस्व गांव कुरसे, देवरिया, दुंदुआ और बलकुदरा के ग्रामीणों की मंगलवार को कुरसे में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रामदास बेदिया व संचालन जयदेव सिंह ने किया। बैठक में रोजगार और जन समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 26 जून बुधवार को भुरकुंडा कोलियरी अंतर्गत बलकुदरा खुली खदान में कोयला का सम्प्रेषण (डिस्पैच) व परिवहन (ट्रांसपोर्टिंग) ठप कर दिया जायेगा। इस दौरान विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति से जु? चारो राजस्व गांव के सैंक?ों महिला-पुरूष अपनी मांगों को लेकर सम्प्रेषण व परिवहन ठप करा देंगे। साथ ही पुनः प्रबंधन को समिति अपनी मांगों से अवगत करायेगा। बावजूद इसके समिति की मांगों पर पहल नहीं की गई तो क्रमवार आंदोलन किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। समिति की मांगों में भुरकुंडा लोकल सेल चालू करने, हेवी ब्लास्ट पर रोक लगाने, जल एवं वायु प्रदूषण बन्द करने, ग्रामीणों को रोजगार से जो?ने के लिए पेलोडर की जगह मैनुअल लोडींग कराने, पीएसएम में स्थानीय बेरोजगार को रोजगार मुहैया कराने आदि शामिल है। मौके पर जयदेव सिंह, रामदास बेदिया, संजय यादव, मनोज मांझी, टिंकु प्रजापति, अनिल सोनी, राजू मुंडा, विक्की करमाली, विक्की प्रजापति, कमलेश यादव सहित दर्जनों ग्रामीण मौजद थें।

## अखिल भारतीय किसान सभा झारखंड राज्य परिषद का दो दिवसीय सम्मेलन 29-30 जून को पतरातू मेंः महेंद्र पाठक



**पतरातू**। अखिल भारतीय किसान सभा झारखंड राज्य परिषद का पतरातू प्रखंड के लबगा स्थित अतुल कुमार अंजन नगर शोभा मैरेज पैलेस में आगामी 29-30 जून को दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम दिन में 11 बजे पतरातु रिसोर्ट से गाजे- बाजे व गा?ियों के काफिले के साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड डी राजा का स्वागत करते हुए शोभा मैरिज पैलेस लाया जाएगा। जहां सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को कई अतिथि संबोधित करेंगे। सम्मेलन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा, एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, एआईकेएस के महासचिव महेंद्र पाठक, बौधिष्ट सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव बलदेव सिंह, आजादी बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष डॉ. मिथिलेश दांगी, लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार अपने संबोधन से कार्यकर्ताओं में नये ऊर्जा का संचार भरेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन में राज्य के किसानों के दशा एवं दुर्दशा पर विस्तारित चर्चा की जाएगी। विस्थापन एवं पुनर्वास को लेकर बृहद संघर्ष की रूपरेखा भी बनाई जाएगी। साथ ही झारखंड में किसानों के संगठन एवं आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए आगे ।

## विधायक सुनीता चौधरी ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

### रामगढ विधानसभा क्षेत्र का विकास मेरा लक्ष्यःसुनीता चौधरी




**रामगढ**।रामगढ विधानसभा क्षेत्र के हेसला कुसुम टोला से श्मशान घाट दामोदर नदी तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास मुख्य अतिथि रामगढ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की रामग? विधानसभा का सम्पूर्ण विकास ही मेरा लक्ष्य है। कहा की मैं विधानसभा क्षेत्र का लगातार दौरा कर रही हूं और जहां भी विकास योजनाओं को धरातल पर उतरने की जरूरत होती हैं वहां योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। ताकि लोगों को किसी भी तरह की परेशानी नही हो । उन्होंने कहा की विधानसभा क्षेत्र में जहां भी लोगों को किसी तरह की परेशानी है मुझे जानकारी दें।उनकी समस्याएं शीघ्र दूर करने का कार्य करूंगी । विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभ दिलाया जा रहा है। साथ ही मैं लोगों के सुख दुःख में हमेशा उनके साथ हूं । मौके पर वार्ड नंबर 26 के पार्षद देवधारी महतो, डिया महतो, प्रदीप बेदिया, दिनेश बेदिया, प्रदीप प्रजापति, गणेश बेदिया, कैलाश बेदिया, बबिता देवी, ललिता देवी, कोमल ठाकुर, गौतम राम, खेमलाल बेदिया, बबलू महतो, पंचमी देवी, बिरजू बेदिया, सुमन गर्ग, विशेश्वर ठाकुर, महेश प्रजापति, प्रकाश बेदिया, सरिता देवी, मीना देवी, काजल देवी, दशमी देवी, बसंती देवी आदि उपस्थित थे ।

## सबों को एक सूत्र में पिरोकर यूनियन को और बुलंदियों तक ले जाऊंगाःसतीश सिन्हा




**भुरकुंडा (रामगढ)**।अखिल झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी के द्वारा सतीश सिन्हा को अखिल झारखंड श्रमिक संघ का केंद्रीय महासचिव एवं चंदन श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। कहा गया कि इनके मनोनयन से पूरे क्षेत्र में सांगठनिक विकास कर मजदूरों के समस्या का समाधान किया जाएगा। उनके मनोनयन पर मंगलवार को सयाल स्थित यूनियन कार्यालय में समारोह पूर्वक नवमनोनित केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा और कोषाध्यक्ष चंदन श्रीवास्तव को फूल माला पहनाकर यूनियन के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। मौके पर सतीश सिन्हा ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ मुझे यह दायित्व सौंपा गया उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सबों को एक सूत्र में पिरोकर यूनियन को और बुलंदियों तक ले जाना मेरा लक्ष्य होगा। पदाधिकारियों के चयन पर एजेकेएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष मुन्ना श्रीवास्तव, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम, क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, केंद्रीय सदस्य संतोष ठाकुर, क्षेत्रीय सह सचिव सन्नी कुमार, बिनोद कुमार, अनिल राम, शंकर सिंह, बिनोद सिंह, भुनेश्वर महतो, राजू प्रसाद, अशोक पाठक, राहुल रंजन, राजेश पटेल, विकास कांत सिन्हा, गुरुदयाल ठाकुर, कमलेश कुमार, कमल कुमार, शंकर कुमार, लाममोहन माहली आदि हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## एक-नजर

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में करियर मेले का आयोजन



**रांचीः** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मेगा करियर मेले का आयोजन प्ब्3 फोरम के सहयोग से किया गया। रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स तथा निकटवर्ती जिलों के 10 से अधिक विद्यालयों के 1500 से अधिक छात्र-छात्राएं और 15 विश्वविद्यालय इस सत्र में उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम की शुरुआत मेडिटेशन से हुई जिसमें प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह का आरंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। साथ ही विद्यालय के बच्चों द्वारा कत्थक नृत्य प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। प्राचार्या ने इस सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। सत्र के मुख्य वक्ता नॉलेज रिसोर्स क्यूरेटर श्री परनब मुखर्जी थे। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया और उन्हें सफलता का वास्तविक अर्थ समझाया। इसके बाद छात्रों और अभिभावकों के लिए करियर मेले का आयोजन किया गया। 'परामर्श के माध्यम से स्कूलों का रूपांतरण' और 'नए युग के कौशल और करियर' पर सत्र हाई स्कूल के प्रतिनिधियों के लिए आयोजित किए गए, जिनका संचालन प्ब्3 मूवमेंट के संस्थापक, श्री गणेश कोहली और प्ब्3 संस्थान के शैक्षणिक प्रबंधक रतिश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर छात्रों और अभिभावकों के लिए 'बूट कैंप' का आयोजन किया गया। इसका विषय 'फ्रॉम कंपटीशन टू कंपीटेंस। 'कम्पैशन एंड माइंडफुलनेस इन काउंसलिंग', विषय पर एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। इस पैनल चर्चा में प्रो.(डॉ.) गोपाल पाठक, कुलपति, सरला बिरला यूनिवर्सिटी, रांची, प्रो.(डॉ.) रमन कुमार झा, कुलपति, प्ब्थ्प् विश्वविद्यालय, डॉ. सुभाष कुमार, प्राचार्य, टॉरियन वर्ल्ड स्कूल रांची, डॉ. कैप्टन सुमित कौर, प्राचार्या, गुरु नानक हाइयर सेकेंडरी स्कूल रांची, श्रीमती तनुश्री सरकार, अध्यक्ष, बाल कल्याण आयोग, डॉ. शालिनी लाल, सहायक प्रोफेसर (वनस्पति विज्ञान विभाग), डीएसपीएमयू, रांची तथा हमारे स्कूल के पूर्व छात्र उज्जवल मोहता जैसे प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

दर्शकों को संलग्न रखने के लिए एक विशेष नेटवर्किंग क्विज का आयोजन किया गया। सीखने के इस क्रम के अंतिम सत्र का विषय था 'बीकमिंग द चेंजः वे फॉरवर्ड' जिसका संचालन योगेश्वर नेवलकर, इवेंट मैनेजर, प्ब्3 मूवमेंट ने किया। कार्यक्रम का समापन स्कूल की हेड गर्ल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से इंटरैक्टिव बूथों से लेकर आकर्षक प्रस्तुतियों तक, छात्रों को विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों से सीधे जु?ने, प्रश्न पूछने और विभिन्न कार्यक्रमों और कैरियर विकल्पों के बारे में मूल्यवान जानकारी प्राप्त करने का मौका मिला।

प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि वर्तमान युग के छात्र सौभाग्यशाली हैं क्योंकि उन्हें अपने करियर की संभावनाओं को चुनने के लिए कई विकल्प मिलते हैं। उन्होंने मुख्यधारा के पाठ्यक्रम में अपरंपरागत और कौशल-आधारित पाठ्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करने की सीबीएसई की पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को उनकी गरिमामय उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया और इस मंच का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की बैठक

**रामगढ**।आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों आदि को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में 1 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 एवं विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुरीक्षण कार्यक्रम के दौरान किए जाने वाले विभिन्न कार्यों, आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर विभिन्न कारणों से मतदान केंद्रों के भवन में परिवर्तन आदि को लेकर सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक के दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ आशीष गंगवार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी प्रभात शंकर,भारतीय जनता पार्टी से रंजन फौजी, जेएमएम से अरुण बैनर्जी, सीपीआई से लोविंद महतो, आजसू से अनुज तिवारी, आरजेडी सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सुरक्षा विभाग सिरका ने झाडियो से दूसरे दिन करीब 6 टन कोयला उठाया, डंपिंग में किया अनलोड

**गिद्दी**। सिरका परियोजना में दूसरे दिन भी सुरक्षा विभाग के द्वारा बंद प? सीएचपी के पास झा?ियो में छुपाए गए तकरीबन 6 टन अवैध कोयले को बरामद कर टिफिन ट्रक में लोड करवा कर कोयला डंपिंग में अनलोड किया गया। सुरक्षा विभाग ने बताया कि झा?ियो के अंदर गड्ढे में अवैध कोयला जमा किया गया था।जिसे बरामद किया गया उक्त अभियान चलता रहेगा। मौके पर सुरक्षा सिरका हवलदार गंगा राम, होमगार्ड बंटी कुमार समेत गई सुरक्षाकर्मी व मजदूर मौजूद थे।

### नगर भवन गुमला में निपुण समागम 2024 का हुआ आयोजन

**गुमलाः** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार जिला शिक्षा विभाग द्वारा निपुण समागम 2024 का आयोजन करते हुए नगर भवन गुमला में टीएलएम मेला का आयोजन किया गया । आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी उपस्थित थे । विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त गुमला, दिलेश्वर महतो, तथा अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाइक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, आरती कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन उपस्थित थे ।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां द्वारा स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी गई । जिले के चयनित 100 शिक्षकों के द्वारा केजी से कक्षा तीन तक के बच्चो के बीच भाषा एवम गणित के साथ खेल खेल में पढ़ाई के लिए पिछले चार दिन तक कार्यशाला कर मॉडल बनाए गए थे जिसके प्रदर्शन के लिए प्रखंडवार स्टाल लगाया गया था ।

उपायुक्त तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रखंडवार स्टॉल का भ्रमण किया गया । इस मौके पर उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा गया कि ऐसे गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जाना चाहिए । आज के इस टीएलएम मेले से चयनित मॉडल को राज्य स्तरीय निपुण समागम में भेजा जाएगा तथा सभी लोग 4 से 6 जुलाई तक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे । गुमला से कुमार सुंदरम भारद्वाज तथा शिक्षिका सोनाली त्रिपाठी द्वारा मंच संचालन किया गया । आज के इस मेला में रोबो रेस तथा रोबो फाइट गतिविधियों का भी प्रदर्शन किया गया ।

# रांची पुलिस को मिली नशा कारोबारियों के खिलाफ सफलता, आठ गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में रांची पुलिस ने तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए दो महिला सहित आठ नशा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही भारी मात्रा में नशा का समान बरामद किया है। विधानसभा थाना क्षेत्र से कुल 900 पुडिया ब्राउन शुगर, अरगोडा थाना क्षेत्र में 100 पुड़िया ब्राउन शुगर (कुल 1000 पुड़िया) बरामद किया है। साथ ही ईटकी थाना क्षेत्र से 1500 बोतल नशे के काम में आने वाला कफ सिरप जब्त किया है। एक साथ 1000 पुड़िया ब्राउन शुगर पहली बार रांची में जब्त किया गया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि विधानसभा थाना क्षेत्र अन्तर्गत नयासराय कल्लु मैदान के पास शिशुपाल लोहरा पूर्व उसके परिवार के जरिये ब्राउन शुगर की खरीद-बिकी की जाती है। सूचना के बाद हटिया डीएसपी पीके मिश्रा के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो महिला एवं एक व्यक्ति को पकड़ा। जांच के




दौरान घर के उपर वाले कमरे में रखे पुराने कुलर में एक काला प्लास्टिक में लपेट कर छुपाकर रखा कागज के छोटे-छोटे 900 पुडिया बरामद किया गया।

एसएसपी ने बताया कि दूसरा मामला अरगोड़ा थाना क्षेत्र का है। गुप्त सूचना के आधार पर कठरु बोखाबाड़ी बगीचा टोली के समाने अवैध रूप से ब्राउन शुगर, अन्य नशीले पदार्थ की खरीद बिक्री की जा रही है। इस सूचना पर हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया । टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बगीचा टोली के पास छापेमारी में दो ब्राउन शुगर कारोबारियों को पकड़ा। इनके पास से 100 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया गया। एसएसपी ने बताया कि तीसरा मामला ईटकी थाना क्षेत्र का है। गुप्त सूचना के आधार पर रांची पुलिस ने 1500 बोतल नशे के रूप में उपयोग में आने वाले ओरनेक्स कफ सिरप जब्त किया है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों नशे के कारोबार से जुड़े है।

**ये है गिरफ्तार आठों नशा कारोबारी**

विधानसभा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार नशा कारोबारियों में शिशुपाल लोहरा, उसकी पत्नी आरती देवी, शिशुपाल की मां करमी देवी शामिल है। जबकि अरगोडा थाना क्षेत्र गिरफ्तार नशा कारोबारियों में मो अताउल्लाह और शमीम अंसारी शामिल है। इसके अलावा ईटकी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार नशा कारोबारियों में इमरान अंसारी, मोहसीन और दानिश अंसारी शामिल है।

## सार-संक्षेप

### रातू में लगा लोक अदालत शिविर



**रातू:** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची तत्वाधान में रातू प्रखंड सभगार में भू राजस्व संबंधी लोक अदालत शिविर मंगलवार को लगाया गया था । लोक अदालत शिविर में लोगों की राजस्व संबंधी मामलों का निपटारा किया गया। लोक अदालत में डालसा के अधिवक्ता रविशंकर प्रसाद तथा पीएलवी पुष्प लता देवी ने अपना विचार रखा और कहाँ कि लोक अदालत का उद्देश्य लोगों को न्याय देना है। ताकि छोटे-मोटे कार्यों के लिए जनता को अदालत का चक्कर न लगाना पड़े। शिविर में रातू के अंचल पदाधिकारी रवि कुमार ,सीआई , अंचल के प्रधान सहायक, कर्मचारी गण उपस्थित थे । स्वागत पीएलवी सुनीता देवी ने किया।

### किसानो को हुई फसल क्षति की मुआवजा राशि का चेक वितरण



**चान्हो।** प्रखंड परिसर में मंगलवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने ओला दृष्टि से नुकसान हुए फसल की क्षतिपूर्ति राशि का चेक किसानों के बीच वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा को तो रोक नहीं जा सकता लेकिन आर्थिक क्षति को मुआवजा देकर सरकार किसाने को आर्थिक नुकसान होने से बचाएगी। उन्हें किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए झारखंड सरकार सदैव तत्पर है । इस कार्यक्रम में चान्हो प्रखंड के विभिन्न गांव मूर्तो , मेलानी, बेयासी समेत अन्य गांव में जहां ओलावृष्टि से फसलों का नुकसान हुआ था वैसे किसानों को चिन्हित कर उनके बीच मुआवजा राशि वितरीत की गई ।किसानों ने कहा कि क्षतिपूर्ति तो नाकाफी है। सरकार को बढ़ाकर मदद करनी चाहिए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, अजित सिंह मो इस्तेयाक, मंगलेश्वरवर उरांव , इरशाद खान, अब्दुल्ला अंसारी, , महादेव भगत, सुजीत शाही समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### सरायकेला : मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने किया बैठक

**सरायकेला** : मंगलवार को जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिला उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के आगामी 30 जून 2024 को राजनगर में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने उद्घाटन शिलान्यास सह परिसम्पति वितरण कार्यक्रम में आगमन की तैयारी को लेकर बिंदुवार समीक्षा कर 26 जून 2024 को विभिन्न विभाग के द्वारा उद्घाटन शिलान्यास एवं परिसंपत्ति वितरण हेतु सूची जिला योजना कार्यालय में उपलब्ध करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने राजनगर प्रखंड अंतर्गत डिग्री कॉलेज राजनगर में आयोजित होने वाले शिलान्यास उद्घाटन सह परिसम्पति वितरण कार्यक्रम की रुपरेखा को लेकर भी बिंदुवार चर्चा किया।

## राज्यपाल से ले. जनरल राम चन्द्र तिवारी सहित अन्य ने की मुलाकात

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को ले. जनरल राम चन्द्र तिवारी, यूवाईएसएम, एवीएसएम, एसएम, जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमानड ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर ले. जनरल राजीव पूरी, एवीएसएम, वीएसएम कोर कमांडर, 17 कोर, मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, वीएसएम, जीओसी 23 इन्फैंट्री डिवीजन एवं मेजर जनरल एमपी सिंह, वाईएसएम एस.एम भी उपस्थित थे।

वहीं राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन से रांची विश्वविद्यालय, राची अंतर्गत विभिन्न अल्पसंख्यक महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने राज भवन में भेंट की एवं संस्थान की गतिविधियों व समस्याओं से अवगत कराया।

राज्यपाल से भारतीय वन सेवा



(2022 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज भवन में भेंट की। राज्यपाल महोदय ने उक्त प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सदैव अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया।

राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दूबे ने राज भवन में भेंट की एवं विश्वविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया तथा 44वें स्थापना दिवस समारोह में आमंत्रित किया।

राज्यपाल से सुरेश टाना भगत के नेतृत्व में टाना भगत शिष्टमंडल प्रतिनिधि कमिटी के सदस्यों ने राज भवन में भेंट की। कमिटी ने राज्यपाल महोदय का कतिपय समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

राज्यपाल से ओडिशा के राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार डॉ शुक्ला मोहंती ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा एवं नागेन्द्र नाथ मिश्रा, वरिष्ठ निदेशक (आईटी), एनआईसी को राज भवन बुलाकर रांची विश्वविद्यालय, रांची अंतर्गत अल्पसंख्यक महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा उल्लेख किए गए समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की तथा आवश्यक समाधान का निदेश दिया।

## रांची उपायुक्त ने जगन्नाथपुर रथ यात्रा मेले के सफल आयोजन के लिए की बैठक

**रांची,** । उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को जगन्नाथपुर रथ यात्रा मेला के सफल आयोजन को लेकर बैठक हुई। उन्होंने मेले में व्यवस्था से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर मंदिर न्यास समिति के सदस्यों से विचार-विमर्श करते हुए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में पंचमुखी मुहाने पर वॉच टावर, लाईट-पेयजल की व्यवस्था, मेला परिसर एवं मौसीबाड़ी में बिजली, जेनरेटर की व्यवस्था, मेला परिसर की स्वच्छता, चिकित्सक,एम्बुलेंस की व्यवस्था, अग्निशमन, चलंत शौचालय की व्यवस्था, यातायात व्यवस्था आदि को लेकर विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। नगर निगम के पदाधिकारी को मोरम या छाई या स्टोन डस्ट से मेला परिसर के गड्ढ़ों को भरने का निर्देश दिया गया। मेला परिसर में मांस-मछली एवं शराब के विक्रय पर रोक के



लिए आम सूचना जारी करने को कहा गया।

मेला के दौरान विभिन्न समितियों के स्वयंसेवकों को आईडी कार्ड उपलब्ध कराने, वाहन पास जारी करने, मंदिर (मुख्य) में सुरक्षा बलों एवं मौसीबाड़ी में सुरक्षाबलों की तैनाती, रथ के चारों ओर सुरक्षा बलों की तैनाती आदि पर भी विचार-विमर्श करते हुए निर्देश दिये गए।

जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति को मेला से संबंधित निविदा को फाइनल करने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि दर ऑगेर्नाइज्ड हो, यह सुनिश्चित करें कि बेस रेट के अनुसार ही कलेक्शन हो।

बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, जिला नजार उपसमाहर्त्ता सुदेश कुमार, आवासीय दंडाधिकारी हटिया, स्मृति कुमारी, जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति रांची के प्रभारी अध्यक्ष, रणेन्द्र कुमार, सचिव मिथलेश कुमार सहित अन्य संबंधित सम्बंधित पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

कार्यालय, जिला परिषद, पलामू।
E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com

सूचना

इस कार्यालय के ज्ञापांक 87/जि0प0, दिनांक 07.02.2024 के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य चिकित्सक एवं कर्मियों के नियुक्ति हेतु निर्गत विज्ञापन (Walk In Interview हेतु आम सूचना) जिसका PR No. 318193 (District) 2023-24 है, को अपरिहार्य कारणो से रद्द किया जाता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 327590 Palamu(24-25)D

## कांग्रेस पार्टी के डीएनए में भ्रष्टाचार और तानाशाही : बाबूलाल मरांडी

**रांची,** । प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को आपातकाल दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया। भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं ने काला बिल्ला लगाकर इसे मनाया। प्रदेश के सभी 27 सांगठनिक जिलों में गोष्ठी आयोजित कर वक्ताओं ने आपातकाल की चर्चा की। साथ ही देश की नई पीढ़ी को इसे जानने और समझने का आह्वान किया।

रांची महानगर भाजपा की ओर से आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के डीएनए में तानाशाही और भ्रष्टाचार है। 25 जून, 1975 को इंदिरा गांधी के द्वारा देश में लागू आपातकाल भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का एक काला अध्याय है। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र और संविधान बचाने का ढोंग करने वालों ने भारत से लोकतंत्र को ही



समाप्त करने की कोशिश की। ये वही कांग्रेस है, जिसने अपने हित में बार-बार संविधान में संशोधन किए। तानाशाही रवैया ऐसा कि केवल आपातकाल ही नहीं लगाया, बल्कि सत्ता का दुरुपयोग करते हुए 100 से ज्यादा बार चुनी हुई सरकारों को गिराकर राष्ट्रपति शासन लगाए।

मरांडी ने कहा कि राहुल गांधी संविधान की बात करते हैं। उन्हें मनमोहन सरकार के कैबिनेट के निर्णय को चौराहे पर फाड़ने की बात याद रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी लगाकर इंदिरा गांधी ने जनता के साथ क्रूरता की पराकाष्ठा की। प्रेस तक की आजादी छीन ली। कांग्रेस के कुकृत्य के खिलाफ बोलने वालों को जेल में डाल दिया गया। लाखों लोगों पर झूठे मुकदमे लगाए गए। जबरन नसबंदी कराए गए।

मरांडी ने कहा कि कांग्रेस का यही चरित्र आज भी है। कांग्रेस पार्टी सत्ता से बाहर छटपटा रही है। अब सदन में प्रोटेम स्पीकर पर भी हंगामा कर रही। इनके बयान सिलेक्टिव होते हैं। अपने सहयोगियों पर भी कही समर्थन तो कहीं प्रबल विरोध का नाटक करते हैं। कांग्रेस ने सत्ता का उपयोग सेवा के लिए कभी नहीं किया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के काले कारनामों को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। हम अधिक से अधिक लोगों के बीच जाएं और कांग्रेस के वास्तविक चरित्र को उजागर करें। खासकर नई पीढ़ी को कांग्रेस के काले कारनामों से परिचित कराने की जरूरत है।विचार गोष्ठी में आपातकाल के दौरान मीसा कानून के तहत जेल जाने वाले रांची के विधायक सीपी सिंह, पूर्व विधायक राम चंद्र नायक, भगवान प्रसाद, उमासंकर केडिया, प्रेम मित्तल, राजकुमार गुप्ता, प्रमोद मिश्रा, शिव गोविंद पांडेय, राधेश्याम अग्रवाल, यतींद्र लाल दास, जगन्नाथ महतो एवं भोला नाथ मिश्रा सहित आपातकाल में जेल जाने वाले आंदोलनकारियों को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सम्मानित किया।

## रामलला का तीर-धनुष हमारे पास है, हम रामलला को बारिश में भींगते नहीं देख सकते : झामुमो

**रांची,** । झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि रामलला का तीर-धनुष हमारे पास है। हम रामलला को बारिश में भींगते नहीं देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहली ही बारिश में अयोध्या में बने राम मंदिर की छत से पानी टपकना शुरू हो गया। इस बात की पुष्टि किसी बाहर के आदमी ने नहीं, बल्कि मंदिर के महंत सत्येंद्र दास ने की है।

सुप्रियो भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मंदिर की छत से पानी टपक रहा है और गर्भगृह से इसके निकासी की जगह नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि शंकराचार्य पहले ही आधा बने मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा करने से मना चुके थे। साथ ही कहा कि केवल गृभगृह नहीं, जिस रामपथ का निर्माण किया गया

समाहरणालय, कोडरमा
(जिला खेल कार्यालय)
E-mail:-sportskoderma17@gmail.com

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची का ज्ञापांक 192 दिनांक 08.06.2024 एवं जिला खेल पदाधिकारी, चतरा का ज्ञापांक 237 दिनांक 21.06.2024 के आलोक में राज्य के विभागान्तर्गत स्वीकृत नये आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं सेंटर ऑफ एक्सेलेन्स (एकलव्य केन्द्रों) में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने हेतु छोटानागपुर प्रमण्डल स्तरीय प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2024–25 का आयोजन चतरा जिला में निर्धारित है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र० | प्रमण्डल का नाम | आयोजनकर्त्ता जिला | प्रतिभ चयन ट्रायल हेतु आयोजन स्थल | प्रतिभा चयन ट्रायल की आयोजन तिथि | खेल विधा का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल | चतरा | जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा | 28 एवं 29 जून, 2024 (सुबह 08:00 बजे से भाम 04:00 बजे तक) | एथलेटिक्स(बालक एवं बालिका) तीरंदाजी (बालक एवं बालिका) एवं फुटबॉल (बालक एवं बालिका) |

उक्त प्रतियोगिता में चयन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, चतरा मो0 नं0–9455226589, जिला खेल समन्वयक, चतरा मो0 नं0–9334965759 तथा श्री जितेन्द्र कुमार, अनुसेवक, जिला खेल कार्यालय, चतरा का मो0 नं0–8083771175 से सम्पर्क कर सकते हैं।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 327647 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 24-25 (D)

## प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को नकारने वालों को उनकी याद आ गई : प्रतुल शाह देव

**रांची,।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पर पलटवार कहते हुए इंडी गठबंधन को रामद्रोही करार दिया। प्रतुल ने कहा कि सितंबर 2007 में यूपीए की सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में एफिडेविट करके रामलला के अस्तित्व को नकारा था और रामायण को काल्पनिक ग्रंथ बताया था।

प्रतुल ने कहा कि यूपीए के कार्यकाल में लंबे समय तक प्रभु श्रीराम टेंट में विराजमान रहे थे। प्रभु श्रीराम के मंदिर के उद्घाटन समारोह के न्योता को जिस इंडी गठबंधन के लोगों ने ठुकराया हो, आज उन्हें प्रभु श्रीराम याद आ रहे हैं। प्रभु श्रीराम उनके लिए आज तक कभी आस्था के प्रतीक नहीं रहे।प्रतुल ने कहा कि राम मंदिर में जल रिसाव की बात चार दिन पुरानी है। झामुमो को ये आज ज्ञान हुआ। राम मंदिर निर्माण समिति के



आधिकारिक प्रवक्ता ने बयान देकर स्पष्ट किया कि नाली में अवरोध की समस्या के कारण आने का जमाव हो गया था, जिसे तीन घंटे के भीतर ठीक कर लिया गया। प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा बिना तथ्यों की तहकीकात किए हुए अनर्गल बयानबाजी कर रही है।

प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को बताना चाहिए कि उनके दल से जुड़े एक पूर्व मुख्यमंत्री ने मोरहाबादी में रावण दहन कार्यक्रम में जाने से क्यों इंकार कर दिया था? क्या उस कार्यक्रम में नहीं जाना प्रभु श्री राम का अपमान नहीं था? उन्होंने ऐसा कर के 140 करोड़ देशवासियों की भावनाओं को आहत किया था। प्रतुल ने कहा ये लोग सुविधा की राजनीति करते हैं। कभी उनके लिए रावण श्रेष्ठ हो जाता है, तो कभी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम याद आ जाते हैं।

## चांडिल : झारखंड नवनिर्माण समिति ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**नाला में मिट्टी डालकर समतलीकरण करने के कार्य को अविलंब बंद करने की मांग**

**सरायकेला :** चांडिल प्रखंड के दालग्राम में साहेब बांध से निकलने वाले नाले पर मिट्टी डालकर उसे समतल किए जाने के खिलाफ मंगलवार को झारखंड नवनिर्माण समिति के सदस्य संदीप मंडल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी को एक ज्ञापन पत्र सौंपा। ज्ञापन में नाले पर डाले गए मिट्टी को तत्काल उठाकर उसे पूर्ववत करने की मांग की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपे गए पत्र में बताया गया है कि दालग्राम, बनडीह, कदमडीह, चांडिल, हिरमिली आदि गांव के किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए चांडिल प्रखंड के मौजा दालग्राम थाना नंबर 248 में साहेब बांध से एक नाला निकला है। उस पानी को एकत्रित करने के लिए एक चेक डैम का निर्माण पहले ही किया गया है। उस चेक डैम के पानी से उक्त गांवों में सिंचाई की व्यवस्था किया गया है। समिति ने अपने पत्र में बताया कि उक्त चेक डैम के नाला को अवैध रूप से रेलवे के निर्माण कार्य के तहत मिट्टी से समतलीकरण किया जा रहा है। झारखंड नवनिर्माण समिति ने एसडीओ से रेलवे के निर्माण कार्य के तहत नाला को मिट्टी डालकर समतलीकरण करने के कार्य को अविलंब बंद करते हुए उसे पूर्व की स्थिति में करने की मांग किया है। पत्र में कहा गया है कि डाले गए मिट्टी को हटाकर नाला को पहले की तरह बना दिया जाए, जिससे खेती के दौरान किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। निर्माण कार्य के दौरान इस प्रकार के गैर जिम्मेदाराना काम करने वाले के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे दंडित किया जाए, ताकि भविष्य में कोई इस प्रकार का काम ना करे। पत्र सौंपने वालों में समिति के कार्तिक कालिंदी, अवधेश मुर्मू, सोनाराम मार्डी व संदीप मंडल शामिल थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला
Email-eedwsd.gumla@gmail.com

अति–अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (द्वितीय आमंत्रण)
प्रथम आमंत्रण का PR No 325873
निविदा सूचना संख्या : 01/2024-25 दिनांक –: 25.06.2024

1. Name of Work:- Construction of rural water supply Scheme with DC Solar motor pump complete set & with new Source/Existing Source for PVTG Tola at different blocks of Gumla Dist. under Drinking Water and Sanitation Division, Gumla for the year 2024- 25 (Head PM JAN MAN Yojna & JJM).

| ग्रुप संख्या | योजनाओं की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| GML/PVTG/Jari –Gr.01 | 04 | 45,95,721.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| GML/PVTG/Bishunpur –Gr.03 | 04 | 40,40,710.00 | 81,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| GML/PVTG/Ghaghra –Gr.18 | 05 | 50,09,778.00 | 1,00,500.00 | 10,000.00 | 03 Months |
| GML/PVTG/Ghaghra –Gr.20 | 05 | 40,47,660.00 | 81,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |

| क्र० | विवरण | तिथि / विवरण |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 29.06.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 06.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 06.07.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 08.07.2024 समय 11.00 बजे पूर्वाह्न |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम ;- | ई0 मंतोष कुमार मणि, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 7488491963 |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 7488491963 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गुमला

PR 327626 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रेस को किया संबोधित

## मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर साझा की जानकारी

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने प्रेसवार्ता आयोजित कर मिडिया को संबोधित किया। उन्होने बताया कि स्वच्छ,समावेशी एवं त्रुटिरहित निर्वाचक सूची के निर्माण के लिए सभी पात्र नागरिकों का निबंधन एवं मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जाना आवश्यक है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त निर्वाचक सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। आयोग से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम में दो चरण यथागतिविधियों के लिए दिनांक 25 जून 2024 से 24 जुलाई 2024 तक की अवधि निर्धारित है। ऋ1द्वह्यद्वश्ठ गतिविधियों के लिए दिनांक 25 जुलाई 2024 से दिनांक 20 अगस्त 2024 तक की अवधि निर्धारित है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जुलाई 2024 को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन एवं दिनांक 20 अगस्त 2024 को निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 01 जुलाई 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए 18 वर्ष पूरे करने वाले नए मतदाताओं को मतदाता सूची से जो?ने का कार्य किया जाना है । साथ ही शिफ्टेड, डुप्लीकेट और मृत मतदाताओं का सत्यापन करते



हुए मतदाता सूची से उनके नाम का विलोपन नियमानुसार सुनिश्चित करना है । मतदाता सूची प्रारुप का प्रकाशन 25 जुलाई, दावा और आपत्ति दाखिल करने की तिथि 25 जुलाई से 09 अगस्त तथा दावों और आपत्तियों का निपटारा 19 अगस्त को किया जाएगा। साथ ही सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को किया जायेगा । विशेष कैंपेन दिनांक 27 एवं 28 जुलाई तथा 03 एवं 04 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विशेषकर, 85+ आयु वर्ग, दिव्यांगजन, आश्रय गृहों में निवास करने वाले सभी पात्र नागरिकों का निर्वाचक सूची में शत-प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निम्नवत् समावेशी सप्ताह का आयोजन किया जाएगा-

29 जुलाई 2024 (सोमवार) को एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले जनसमूह को अभियान के तहत मतदाता सूची में निबंधन की कार्रवाई की जाएगी। 30 जुलाई 2024 (मंगलवार) को जिलान्तर्गत रैन बसेरों/आश्रय गृहों में आवासित पात्र नागरिकों का निबंधन हेतु अभियान चलाया जायेगा।

31 जुलाई 2024 (बुधवार) को पात्र दिव्यांगजनों का निबंधन एवं मतदाता सूची में स्व्डुह्लद्मद्वठ्ठद्द हेतु विशेष अभियान चलाया जायेगा। इस कार्य में सामाजिक सुरक्षा एवं समाज कल्याण कार्यालय तथा क्षेत्र में कार्यरत ष्टस्ह्र, का सहयोग प्राप्त किया जायेगा। 01 अगस्त 2024 (गुरुवार) को 85+ आयु वर्ग के निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाया जायेगा। विशेष अभियान के तहत कर निर्वाचक सूची में पूर्व से पंजीकृत उक्त श्रेणी के मतदाताओं का शत-प्रतिशत सत्यापन कराते हुए छूटे हुए पात्र नागरिकों का निबंधन किया जायेगा। 02 अगस्त 2024 (शुक्रवार) को सभी पात्र का निबंधन हेतु अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर/बरही,उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार उपस्थित रहे।

## नशा से लोगों को सामाजिक और आर्थिक हर तरह का नुकसान है : डॉ विमल किशोर

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने हेतु रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही द्वारा एक जागरूकता अभियान के तहत महाविद्यालय में कार्यक्रम एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में कराया गया। मंच संचालन एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. अरुणा रानी के द्वारा कराया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विमल किशोर मौजूद थे।कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय कैडेट कोर के अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ अजय कुमार रंजन ने शपथ दिलाया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ विमल किशोर ने मादक पदार्थ से विद्यार्थियों को दूर रहने की सलाह दी। साथ ही अपने मित्रों और आस पास के लोगों को भी जागरूक करने के




लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया की कैसे नशा आपका भविष्य ख़राब कर रहा है। नशा से सामाजिक आर्थिक हर तरह का नुकसान है। नशे के कुचक्र से निकलना बहुत जरुरी है, तभी हम सुंदर समाज की परिकल्पना कर सकते है और इसके लिए हर वर्ग की सहभागिता जरुरी है, तब ही इसे दूर किया जा सकता है। डॉ संजय बरनवाल ने कहा कि खासकर युवाओं को मादक पदार्थो से दूर रहने व अन्य को इसकी चपेट में आने से बचने के लिए जागरूक करना होगा। मादक पदार्थों की चपेट में आने से सिर्फ सेहत ही नहीं खराब होती, बल्कि उनका भविष्य, समाज और देश का भविष्य भी इससे प्रभावित होता है। लोग मादक पदार्थो से दूर रहें और दूसरों को भी प्रेरित करें। मौके पर डॉ संजय बरनवाल, डॉ. संगीता चौधरी, डॉ. कुमारी सुषमा, डॉ. गिरधारी यादव, प्रोफेसर हीरामन साव, डॉ. नैयर इकबाल, डॉक्टर अजय प्रताप सिंह, डॉ. सरिता सिन्हा, डॉ. बद्री साव, डॉ. अंजली कुसुम ओम, प्रो जोगेश्वर यादव, प्रो संजय बक्शी, ।

## लगातार लोगों को निगल रहा दनुआ घाटी, सडक सुधार की बातें सिर्फ फाइलों में सिमट कर रह गई

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चौपारण।** लगातार लोगों की जिंदगियां निगल रहा दनुआ घाटी, उसके बावजूद भी स?क सुधार की प्रक्रिया सिर्फ फाइलों में सिमट कर रह जाती है। प्रखण्ड के दनुवा घाटी में एनएचएआई के अनदेखी के कारण मौत का खेल जारी है। दुनुवा घाटी में मंगलवार दोपहर फिर से ब?ा हादसा हुआ। जिसमें गा?ी संख्या आरजे 14 जी जीरो 5481, डब्लू बी 25 के 8573, आरजे 19 जीएफ 3634, यूपी 22 टी 8425, आरजे 01 जीबी 6223 के बीच हुए टक्कर में दो निर्दोष लोगों की जान चली गई। मिल रही जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे दुनुवा घाटी में हथिया बाबा के समीप एक ही दिशा में बिहार कि ओर जा रही तीन गा?ियों में भयंकर टक्कर के पश्चात पलट गई। इसी बीच एक बाइक



सवार और एक ट्रक का चालक गा?ी को रोक कर घायलों को देखने के लिए रुका। पर दुर्भाग्यवश पीछे से तेजी से आ रहा एक ट्रेलर ने आगे चल रही ट्रेलर को पीछे से जोरदार धक्का मार कर बाइक सवार और निचे ख? चालक को अपने आगोश में ले लिया। जिससे बाइक सवार जसविंदर सिंह पिता हरभजन सिंह सोनापटी राधा कॉम्प्लेक्स ,झुमरीतिलैया और नीचे ख? ट्रक चालक छोटू राम गुर्जर पिता रघुनाथ ,बि?काचियावास अजमेर,राजस्थान का मौके पर ही मौत हो गया। जानकारी के मुताबिक बाइक सवार खालसा होटल , दनुवा का संचालक था जो तिलैया से अपना होटल जा रहा था। वहीं दुर्घटना में 2 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिसे आपदा एंबुलेंस चालक शक्ति कुमार,एनएचएआई एंबुलेंस सहयोगी प्रकाश रजक,चालक उपेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया। घायलों की पहचान विजय यादव तिलैया,हरिनाथ प्रजापति यूपी, कंटेन्टर चालक यूपी के रूप में हुई। लोगों का माने तो डीजल चोरी करने के ख्याल से अधिकांश चालक घाटी में 7 किमी तक डाउन मार देते हैं,इसी के दौरान इनका अचानक ब्रेक फेल हो जाता है और दुर्घटना का शिकार हो जाते है।

## हजारीबाग के भाजपाइयों ने आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** शहर के झंडा चौक स्थित सांसद सेवा केंद्र, विश्वेश्वर दयाल जायसवाल पथ में, आपातकाल को काला दिवस के रूप में हजारीबाग के भाजपाइयों द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष दामोदर कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर रविंद्र राय, निदेशक हुडको सह पूर्व सांसद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा उपस्थित हुए।

25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था। तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की अनुच्छेद 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी थी, और चुनाव स्थगित कर दिया गया तथा नागरिक अधिकारों को




समाप्त कर दिया गया। इंदिरा गांधी के राजनीतिक विरोधियों को कैद कर जेल में डाल दिया गया। साथ ही प्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। प्रधानमंत्री के बेटे संजय गांधी के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर मनमाने तौर पर पुरुष नसबंदी अभियान चलाया गया था। 1971 के आम चुनाव में इंदिरा गांधी से पराजित प्रतिद्वंदी राजनारायण द्वारा हाई कोर्ट में चुनाव परिणाम को चुनौती दी गई थी ,की इंदिरा गांधी द्वारा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया था एवं पैसे देकर वोट को प्रभावित किया गया था। 4 साल बाद जब इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया गया और कहा गया की 6 वर्षो तक कोई पद नहीं संभाल सकती ।जिसको लेकर सर्वोच्च न्यायालय में इंदिरा गांधी द्वारा अपील की गई। परंतु राजनीतिक विरोधियों एवं आंदोलनकारी नेताओं के विकराल रूप को देखते हुए, 5 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा राष्ट्रपति द्वारा करवा दी गई एवं स्वयं इसकी पुष्टि रेडियो प्रसारण के माध्यम से की । इंदिरा गांधी अपने राजनीतिक विरोधियों जैसे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, लाल कृष्ण आडवाणी, जयप्रकाश नारायण, पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ,अरुण जेटली ,लालु यादव, नीतीश कुमार ,सुशील मोदी ,जॉर्ज फर्नांडीज ,रवि शंकर प्रसाद जैसे नेताओं के साथ-साथ अपने विरोधियों को साधने के लिए मीशा कानून को लागू करते हुए , एक लाख से भी ऊपर अपने राजनीतिक विरोधियों को जेल में डलवा दी। 21 महीना के बाद श्रीमती गांधी द्वारा आपातकाल समाप्त करते हुए आम चुनाव की घोषणा की गई ।कांग्रेस पार्टी बुरी तरह पराजित हो गई ,इतना तक की स्वयं इंदिरा गांधी रायबरेली से चुनाव हार गई और पूर्ण बहुमत से मोरारजी देसाई के नेतृत्व में पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार बनी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमरदीप यादव, ओबीसी मोर्चा, प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा ,केपी ओझा, बटेश्वर मेहता, सुदेश चंद्रवंशी, टुन्नू गोप , सांवरमल अग्रवाल, हरीश श्रीवास्तव, अशोक कुमार यादव, उदयभान नारायण सिंह।

## बिजली कटौती से लोग परेशान, बढ रहा जनाक्रोश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** बरही क्षेत्र में इन दिनों बिजली की समस्या गहराती जा रही है। लोगों को भीषण गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है और रात की नींद हराम है। वहीं अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की समस्याओं को और भी बढ़ा दिया है। बरही में कुछ दिन से ऐसी कटौती हो रही है कि दिन में न सुकून मिल रहा है और न ही रात में सही से नींद आ रही है। वहीं पसीने से तर बतर होने के साथ ही लोग जागकर रात गुजारने को विवश हो रहे हैं। वहीं जिम्मेदार सब कुछ जानकर चुप्पी साधे हुए हैं। क्षेत्र में इस समय महज चार से छह घंटे बिजली मिल रही है, लेकिन उसके भी आने का कोई समय नहीं रह गया है। हर समय थोड़ी-थोड़ी देर में बिजली कटती रहती है। इधर शाम




के समय जब भी बारिश होने की संभावना दिखती है, हवा चलती हैं तो बिजली बंद कर दी जाती है। यह समस्या कई दिनों से बनी हुई है। इस तरह से बार-बार अघोषित बिजली कटौती से क्षेत्र की जनता तथा आम लोग बुरी तरीके से परेशान एवं त्रस्त हो चुके हैं। लोगों का मानना है कि यदि बिजली कटौती की पूर्व में सूचना दे दी जाये, तो लोग अपने अनुसार जल की व्यवस्था करने में सक्षम होंगे और छोटे छोटे काम निपटा लेंगे।.

# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

### सड़क सुरक्षा के प्रावधानों को प्रभावी तरीके से अमल में लाने पर हुई चर्चा

**हजारीबाग।** सडक हादसों को नियंत्रित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रावधानों को प्रभावी तरीके से अमल में लाने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार मंगलवार को समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सडक सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन कराने के साथ ही आये दिनों में हो रहे सड़क दुर्घटना के रोकथाम व बचाव हेतु कई आवश्यक बिंदुओं पर कार्य करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए, जिसमें जिले में सक सुरक्षा नियमों के अनुपालन व सक हादसे में कमी लाने, ब्लैक स्पॉट, वल्नरेबल एक्सीडेंटल पॉइंट्स एवं सकों के कर्व स्थलों को चिन्हित करते हुए आवश्यकतानुसार सुधार करने, जिले के सभी मीडिल व हाई स्कूलों में सक सुरक्षा नियमों के प्रति बच्चों को जागरूक करने, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड, बिना सीट बेल्ट एवं स्टंट करने वाले चालकों पर की कार्रवाई करने के अलावा जिले के



सभी थानों में पुलिस कर्मियों को फर्स्ट एड का प्रशिक्षण देने एवं कॉलेज व स्कूल में पने वालों बच्चों को कार्यशाला के माध्यम से जागरूक करने, हिट एण्ड रन से जु लंबित मामलों का ससमय निराकरण करने, गुड समारिटन का परिचय देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने आदि को लेकर चर्चा की गई।

इस दौरान अपर समाहर्ता ने सक सुरक्षा समिति द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए। शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा के दौरान ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उन स्थानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का निदेश दिया, ताकि ब्लैक स्पॉट वाली जगह हादसों में कमी लाई जा सके। एनएचएआई से संबंधित पथों पर ब्लैक स्पॉट एवं वल्नरेबल एक्सीडेंटल पॉइंट्स आदि पर विभिन्न आवश्यक सामग्रियों यथा-स्पीड ब्रेकर, कन्वैक्स मिरर तथा सोलर ब्लिंकर आदि को इंस्टॉल करा दिए जाने की जानकारी परियोजना निदेशक एनएचएआई के द्वारा दी गई। शहरी क्षेत्र के अलावा स्कूल, कॉलेज के आसपास छोटे व बे वाहनों द्वारा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ट्रिपल लोडिंग, रैश ड्राइविंग एवं नियमों के उल्लंघन करने वालों पर की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इन्होंने नो हेलमेट नो पेट्रोल का बैनर हर पेट्रोल पंप में लगाने को कहा।साथ ही जिले में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ सभी अस्पतालों में इससे संबंधित बैनर-पोस्टर का अधिष्ठापन करने का निदेश दिया गया ताकि स?क दुर्घटना के गोल्डेन पिरियड के भीतर घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाकर उसकी मदद करने वाले व्यक्ति को बिना पुछताछ किये पुरस्कृत किया जा सके।

## एक-नजर

### दो संगे भाईयो का तालाब में डूबने से मौत, गांव में पसरा मातम

**हजारीबाग।** जिले के इचाक थाना क्षेत्र के डाढा गांव के रामसागर तालाब में डूबने से डाढा गांव के दो बच्चों की मौत हो गई। मृतक बच्चों में भाई राजकुमार (9 वर्ष) एवं उसका छोटा भाई एस राज (7 वर्ष) दोनों सगे भाई थे । घटना मंगलवार को करीब दो बजे दिन को घटी।बताया जा रहा है की दोनों मृतक बच्चों के पिता शिवकुमार मेहता की मृतक माता सकरी देवी का दशकर्मा था। घाट से छौर क्रम करने के बाद परिजन एवं ग्रामीण सभी अपने घर लौट गए थे ।दोपहर का खाना खाने के बाद चुपके से दोनो मृतक समेत तीन बच्चे पुनः तालाब में स्नान करने चले गए थे।स्नान करने के क्रम में दोनो बच्चे गहरे पानी में डूब गए । दोनो बच्चे की मौत से माता पिता शिवकुमार मेहता एवं परिजनों के चीत्कार से पूरा गांव का माहौल गमगीन हो गया है और गांव में मातम पसर गया।

### विष्णुगढ़ प्रखंड के भलुआ निवासी मंगर महतो की वज्रपात से मौत

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बकसपुरा पंचायत के भलुआ में मंगलवार को दोपहर साढ़े बारह बजे 53 वर्षीय भलुआ निवासी मंगर महतो पिता स्व0 जानकी महतो की वज्रपात से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस संबंध में बकसपुरा पंचायत मुखिया नन्हकू महतो ने बताया कि मंगर महतो घर के बगल अपने बाड़ी (खेत) में कृषि का कार्य कर रहा था।इसी दरमियान अचानक आकाशीय बिजली करेंट की चपेट में आने से अचेत होकर अपने खेत में गिर पड़ा।काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर उनके परिजनों ने खोजबीन करने लगे, इसी बीच देखा गया कि बेहोश जमीन पर गिरा हुआ हैं। उसे आनन-फानन में इलाज हेतु विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच-पड़ताल के पश्चात मृत घोषित कर दिया।वही बक्सपुरा पंचायत के उपमुखिया हेमंत महतो ने बताया कि मृतक मंगर महतो का एक बेटा,तीन बेटी है ,जिसमे छोटी बेटी एक पैर से जो विकलांग है, आगे कहा कि इस हृदयविदारक घटना से उनके घर में मातम पसरा हुआ है सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद विष्णुगढ़ पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंतपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया है।

### मादक पदार्थों के रोकथाम एवं जागरूकता के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**हजारीबाग।** जिला प्रशासन एवं पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची के निर्देश के आलोक में सोमवार को कर्जन स्टेडियम स्थित जिला खेल कार्यालय हजारीबाग के सभागार में मादक पदार्थ के दुरुपयोग को समाप्त करने के लिए हजारीबाग जिला मे संचालित आवासीय बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र एवं डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों एवं अन्य खेल के खिलाड़ियों के साथ निबंध प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 80 खिलाड्यिों ने भाग लिया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिम्मी कुमारी,द्वितीय स्थान राखी कुमारी, तृतीय स्थान कल्याणी कुमारी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ीयो को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल प्रशिक्षकों का मुख्य योगदान रहा।

### 10 जुलाई को मुख्यमंत्री के संभावित दौरे की तैयारी को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**चतरा।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड कार्यालय स्थित अपने कक्ष में बीडीओ निखिल गौरव कमान कछप ने विभिन्न विभाग के पदाधिकारी के साथ कई अलग-अलग बैठक किये। इस दौरान 10 जुलाई को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के हंटरगंज के संभावित दौरे को लेकर विधि व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विभागों के साथ चर्चा किया गया। इस दौरान बिजली विभाग, प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी, आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य कई विभागों के पदाधिकारी के साथ बैठक कर अधतन स्थिति का जायजा लिया गया। साथ ही मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए अपने-अपने विभाग से संचालित सरकारी योजनाओं को चुस्त दुरुस्त करने की बात बताया गया। इस दौरान मुख्य रूप से बिजली विभाग के एसडीओ हरिमोहन चौधरी के साथ बीडीओ ने बैठक कर हंटरगंज के गोपालपुर गांव स्थित बिरहोर टोला और चकला गांव स्थित बैगा परिवार के टोला में बिजली की व्यवस्था से संबंधित जानकारी लिया। इस दौरान गोपालपुर बिरहोर टोला में विद्युत आपूर्ति बाधित होने की बात सामने आई। बीडीओ ने अभिलंभ बिरहोर टोला में विद्युत आपूर्ति बहाल करने का निर्देश बिजली विभाग को दिया। मालूम हो कि 10 जुलाई को मुख्यमंत्री के संभावित दौरे के दौरान मुख्यमंत्री बिरहोर परिवार और बैगा परिवार के टोला पहुंचेंगे और उनके वर्तमान स्थिति से अवगत होंगे। इस दौरान अन्य कई बिंदुओं पर भी गहन मंथन किया गया। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन एक्टिव मोड में नजर आ रही है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के दौरे की खबर के बाद बैगा, बिरहोर परिवारों के बीच सुविधा मुहैया कराने में प्रशासन की टीम जुट गई है। मुख्यमंत्री आए या ना आए लेकिन इसी बहाने बिरहोरों का कुछ कल्याण हो जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

### अतिक्रमणकारियों को प्रसाशन का 29 जून तक अल्टीमेटम

**चतरा।** जिले के सिमरिया के जिला परिषद ने सिमरिया चौक के स्टॉल धारको को अतिक्रमण को 29 जून तक हटाने का अल्टीमेटम दिया है। अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा है। यह अल्टीमेटम जिला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी शिशिर पंडित के द्वारा दिया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी मंगलवार को दलबल सहित सिमरिया चौक पहुंचे थे। उनके साथ सिमरिया अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे, जिला परिषद के कर्मचारी और सशस्त्र बल शामिल थे। उन्होंने कहा कि दुकानदार 29 जून तक अपना अतिक्रमण हटा लें अन्यथा 30 जून को प्रशासन इसे बलपूर्वक हटाएगी। जिला परिषद के टीम ने सिमरिया चौक के दुकानों का घूम- घूमकर के निरीक्षण किया और चेतावनी दी। उन्होंने दुकानदारों को अपना एग्रीमेंट पेपर दुकानों में लगाने का निर्देश दिया। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि दुकानों में मार्किंग कर दी गई है , उससे अधिक कब्जा को अतिक्रमण मानकर उन्हें हटाने का आदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सिमरिया चौक पर बस पड़ाव और टेंपो पड़ाव के स्थल को भी चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि उन्हें भी व्यवस्थित किया जा सके। बस और टेंपु पडाव नही रहने के कारण आम लोगो को काफी परेशानी हो रही है।

### शादी का प्रलोभन देकर लडकी को यूपी मे बेचा,पहुची वापस

**चतरा।** जिले के उग्रवाद प्रभावित कुन्दा थाना क्षेत्र में मानव तस्करी का सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है।थाना क्षेत्र अंतर्गत डोकवा गाँव की 33 वर्षीय कविता देवी ने दो नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध कुन्दा थाना में मानव तस्करी का मामला दर्ज कराया है। कविता देवी ,पति अजीत रविदास ने अपने लिखित आवेदन में कुन्दा थाना क्षेत्र के खुटेर गाँव निवाशी कविता देवी पति उमेश दास एवं यूपी के शहजपुर निवाशी रामदास मोची समेत एक अन्य के खिलाफ धोखे से अपहरण कर दूसरे राज्य में जबरन शादी व बच्चा को खरीद बिक्री करने की बात कही है।वही मामले में कुन्दा पुलिस लिखित आवेदन के आधार पर कांड संख्या 30/24 में धारा 363,366, 370 व 334 के तहत मामला दर्ज करते हुए खुटेर गाँव निवाशी कविता देवी को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।वही एक नामजत व एक अज्ञात के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो की मामले में पीतिा के पति अजीत रविदास ने महीना पूर्व कुन्दा थाना में अपनी चार वर्षीय बच्चा समेत पत्नी की गुमशुदगी ।

## दुर्भावना से ग्रसित होकर पत्रकारों के खिलाफ मुकदमा करना दुर्भाग्यपूर्ण : बालेश्वर कुमार

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड अंतर्गत चट्टीबारियातू कोल परियोजना से कोयले की ढुलाई का कार्य कर रही प्रगति नामक ट्रांस्पोर्टिंग कम्पनी के एक कर्मी ने बीते दिनों टंडवा के पत्रकारों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने को लेकर केरेडारी थाना में दिए गये आवेदक को लेकर केरेडारी के वरिष्ठ भाजपा नेता बालेश्वर कुमार ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जनहित मुद्दों की बात उठाने वाले पत्रकारों के खिलाफ दुर्भावना से ग्रसित होकर साजिश के तहत मुकदमा दर्ज करने की बात दुर्भाग्यपूर्ण है। कम्पनी अपना कार्य करने में अपनी कमी में सुधार के बजाय गलत राजनीति का कार्य कर रही है।अपनी कमी व गलतियों में सुधार करे, मुकदमा वापस ले, नही तो इसका परिणाम बुरा होगा। उन्होंने पत्रकारों के खिलाफ दिए गये आवेदन की कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि टंडवा पत्रकार संघ के हर कदमों पर ।

# चौपारण पुलिस ने अफीम,डोडा व शराब के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता





**चौपारण।** थाना प्रभारी दीपक सिंह के नेतृत्व में चौपारण पुलिस बहुत ही उम्दा काम कर रही है। थाना प्रभारी ने कहा की जीटी रोड किनारे लगभग होटल में अवैध कारोबार किया जाता है थाना प्रभारी ने जोर देते हुए कहा कि अवैध कारोबार कर रहें होटलों को चिन्हित कर करवाई किया जा रहा और किया जाएगा, इस संदर्भ में प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि रात्री में पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा गुप्त सुचना मिली की झारखंड बिहार बॉडर चोरदाहा स्थित झोपडी लाइन होटल में तस्करी करने के लिए भारी मात्रा में अवैध शराब एवं अफीम छुपाकर रखा हुआ है। सुचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी दीपक सिंह के द्वारा छापामारी दल का गठन किया गया साथ में पुअनि निलेश कुमार रंजन, पुअनि बिन्देश्वर महतो एवं सशस्त्र बल के साथ थाना से प्रस्थान किया। जब छापामारी दल चोरदाहा स्थित झोपडी लाइन होटल के पास पहुँचा तो देखा की होटल के पीछे से कुछ व्यक्ति निकल कर भाग रहे है जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से भाग रहे एक व्यक्ति को खदे? कर पकड़ लिया गया पकडाए व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम महावीर यादव पिता देवधारी यादव ग्राम तेतरिया थाना बाराचट्टी जिला गया बिहार बताया गया। तत्पश्चात होटल में आकर विधिवत तलाशी लिया तलाशी के क्रम में होटल के अन्दर एक कमरा के पलंग के बॉक्स में प्लास्टिक में रखा अफीम 1.8 किग्रा, पिसा हुआ डोडा 02 किग्रा0, अलग-अलग कम्पनी का अंग्रेजी शराब कुल- 101 पीस, केन बियर-72 पीस एवं बोतल बियर 60 पीस बरामद किया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0-213/24 धारा-272/273/290/भा0 द0 वि0, 17 (ष्ट) /18(ष्ट) एनडीपीएस एक्ट एवं 47 उत्पाद अधि0 अंकित कर पकडाए व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में हजारीबाग भेज दिया गया।.

## एक-नजर

### बागवानी का शुभारंभ बीडीओ जितेंद्र मंडल ने किया

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत बागवानी योजना का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल द्वारा गड्ढा खोदकर किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री मंडल बड़कागांव प्रखंड के बादम पंचायत एवं नापो खुर्द पंचायत में मनरेगा टीम के साथ पहुंच कर बागवानी योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि जिन लाभुकों को इस योजना का लाभ लेना है वह संबंधित पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सचिव के माध्यम से ग्राम सभा करते हुए योजना को प्रस्तावित कर जमा कर सकते हैं। पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए सरकार की यह महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना संचालित की गई है। श्री मंडल ने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायत में यह योजना संचालित करना है। उन्होंने आगे कहा कि एक बागवानी के लिए न्यूनतम 50 डिसमिल एवं अधिकतम एक एकड़ भूमि का प्रस्ताव आवश्यक है। 1 एकड़ प्रस्तावित भूमि में 112 आम तथा 80 इमारती पौधे लगाने का प्राक्कलन है। जबकि 50 डिसमिल प्रस्तावित भूमि पर 56 आम एवं 45 इमारती पौधे लगाना है। बागवानी स्थल को ट्रेंच एवं अस्थाई घेराबंदी का भी प्रस्ताव प्राक्कलन के साथ संलग्न है। उन्होंने कहा कि फिलहाल उन्हीं स्थलों पर योजना की स्वीकृति मिलेगी जहां पूर्व से पौधा सिंचाई का साधन हो। मनरेगा बीपीओ हीरो महतो एवं अरुण पासवान ने कहा कि बड़कागांव प्रखंड को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 142 एकड़ भूमि पर बागवानी करने का लक्ष्य दी गई है। अब तक 122 एकड़ भूमि का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है जिसमें 90 एकड़ के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। ज्ञात हो की झारखंड सरकार ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अरुण कुमार सिंह के द्वारा झारखंड के सभी उपायुक्त सह जिला कार्यक्रम समन्वयक, सभी विकास आयुक्त सह अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक को पत्र देते हुए बिरसा हरित ग्राम योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए निर्देशित की गई है जिसके तहत पूरे झारखंड में 2024-25 में 50 हजार एकड़ में बागवानी लगाने का लक्ष्य निश्चित है। इसी योजना के तहत बड़कागांव प्रखंड को 142 एकड़ भूमि पर आम बागवानी लगाने का लक्ष्य मिला है। इस अवसर पर कनीय अभियंता मोहम्मद शमसुद्दीन, रोजगार सेवक फजरुल रहमान, पंकज कुमार सहित लाभुक एवं ग्रामीण शामिल थे।

### दो मोटरसाइकिल में भिड़ंत, दो घायल, एक गंभीर रेफर



**बड़कागांव।** बड़कागांव- बादम रोड स्थित चिरैया नदी के पास सोमवार को विपरीत दिशा से दो मोटरसाइकिल में भिड़ंत हो गई जिसमें एक व्यक्ति बुरी तरह से जख्मी हो गया। बताया जाता है कि बरवाडीह निवासी महेंद्र राणा के पुत्र चंदन राणा बड़कागांव से सांढ की तरफ जा रहा था। वहीं हरली निवासी प्रभु महतो के पुत्र गोविंद महतो हरली गांव से बड़कागांव की ओर आ रहा था। इसी बीच चिरैया नदी के पास आपस में टक्कर हो गया। जिससे दोनों व्यक्ति घायल हो गये है । चंदन कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं गोविंद कुमार को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।

## आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा बड़कागांव ने मनाया काला दिवस, विचार गोष्ठी का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बड़कागांव।** 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को बड़कागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी के अध्यक्षता में बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आपातकाल का घोषणा पूरे देश में की गई थी। भारतीय लोकतंत्र की हत्या कांग्रेस सरकार के द्वारा किया गया था। जिसमें विपक्ष के सभी गणमान्य नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया था। किसी भी राजनीतिक पार्टी के गतिविधियों पर पाबंद लगा दिया गया था। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ समाचार तंत्र को भी प्रतिबंधित कर दिया गया था। सारी शक्तियां पुलिस प्रशासन के हाथों में दे दी गई थी। नागरिकों के कई मौलिक अधिकार पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। चुनाव आयोग के अधिकार पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था। यह आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा और पहला काला अध्याय जो हमारे संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर के संविधान पर काला प्रहार था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवम् वरिष्ठ कार्यकर्ता अवध किशोर यादव जी उपस्थिति रहें। जिसमें काले कारनामों का चर्चा किया गया। उस काल खंड में बड़कागांव प्रखंड से जेल जाने वालों में भारतीय जनता पार्टी का वरिष्ठ कार्यकर्ता अवध किशोर यादव, स्व. केदार सिंह, स्व. निर्मल सिंह एवम् स्व. खेदन साव मुख्य रूप से शामिल थे। गोष्ठी में ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. बालेश्वर महतो, पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार मेहता, पूर्व मुखिया अनिता देवी, मंडल महामंत्री नर्सिंग प्रसाद, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ़ शिबू मेहता, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, स्वरूप नारायण, फूलचंद गिरी, सत्यजीत विद्या अलंकार, उदय मेहता, अवधेश मिश्रा, फूलचंद राम, तिलानाथ साव, शंकर राम, अवध किशोर कुमार, बूथ अध्यक्ष राज कुमार राणा, अनुज कुमार यादव, संदीप सिंह, राज कुमार राणा, कलीनाथ गुप्ता, जगन्नाथ राम के साथ साथ दर्जनों कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

## 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक कई मामले पर हुए गर्म तेवर

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**दारू ।** दारु प्रखंड में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने किया। जिसमें प्रखंड स्तर के कई विभाग के अधिकारी उपस्थिति हुए। तो कई अनुपस्थित। जिस विभाग का अधिकारी अनुपस्थित थे उन्हे कड़ी फटकार लगाई गई, और उनसे स्पष्टीकरण पुछा गया है। वहीं कैलाश पतिदेव और बालेशवर प्रसाद मनरेगा, आंगनबाड़ी, शिक्षा और पेयजल मिशन पर कड़ी प्रश्न किया गया, और गत बैठक में उठाए गए प्रश्न का उत्तर लिखित रूप से नहीं देने पर सदस्यों ने कड़ा विरोध जताया। सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा 2022-24 वित्तीय वर्ष की प्रगति रिपोर्ट सौपन का आदेश दिया गया। वहीं बार-बार मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार का विरोध किया गया। जिसमे जेसीबी मशीन से बिरसा सिंचाई कूप निर्माण, डोभा निर्माण तो अबुआ आवास में भी भ्रष्टाचार पर मुद्दा गर्म रहा। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद और भी सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने सभी अधिकारियों को संबंधित विभाग का वार्षिक रिपोर्ट सौपन को कहा। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष कैलाशपति देव 20 सूत्री सदस्य बालेशवर प्रसाद, मोहम्मद एनुल, सुनील कुमार उर्फ भोला, कलावती देवी, रामचंद्र महतो,डा.अपरेश कुमार,आशीष कुमार, बीपीओ स्वाति वर्मा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विद्यासागर ,अंचल निरीक्षक रागिनी कुमारी, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिका अंजनी कुमारी सहित कई विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम का किया जा रहा आयोजन



**हजारीबाग।** नशे के खिलाफ सभी प्रखंडों में व्यापक स्तर से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 19 से 26 जून तक चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, हजारीबाग के सभी 16 प्रखंडों में रूट प्लान के अनुसार नुक्कड़ नाटक के माध्यम युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न कलादलों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी जा रही है। नशे को न और जिंदगी को हां आधारित नाटक का मंचन किया जा रहा है।

**नशे के दुष्परिणामों से लोगों को कराया जागरूक**

समाज में दिन प्रतिदिन फैल रही नशे की प्रवृत्ति की आदतों का चित्रण किया गया। कलाकारों द्वारा स्थानीय भाषाओं के माध्यम से सभी दर्शकों को नशाखोरी के विरुद्ध सामूहिक प्रयास की शपथ ली गई। इस दौरान स्थानीय लोगो को पैंपलेट,हैंड बिल का वितरण किया गया तथा एलईडी स्क्रीन के माध्यम से नशा मुक्ति से संबंधित वीडियो से लोगो को जागरूक किया गया। जन जागरूकता हेतु प्रत्येक प्रखंडों व शहरी क्षेत्र में नशा मुक्ति से संबंधित होर्डिंग्स भी लगाए गए हैं।

**इन लोगों ने प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक**

सुधीर दास एंड पार्टी, महिला उत्प्रेरण केंद्र, तरंग ग्रुप, एम.डी ग्रुप ऑफ थिएटर,हो इंटरटेनमेंट,युवा विकास केंद्र आदि नाट्य कलादलों द्वारा जिले भर में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कार्य हुआ शुरू, बरहीवासियों की परेशानी अब होगी कम



**बरही।** अनुमंडलीय अस्पताल बरही में पोस्टमार्टम भवन बनकर पिछले कई माह से प?ा था। मंगलवार को अनुमंडल चिकित्सीय उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि मंगलवार को चौपारण थाना क्षेत्र के चोरदाहा में हुई स?क दुर्घटना में दो मौत हुई, दोनों शव का पोस्टमार्टम शुरू कर दिया गया। अनुमंडल अस्पताल में पोस्टमार्टम नहीं होने से अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र के लोगों को पोस्टमार्टम कराने के लिए कम से कम 90 से 100 किमी की दूरी तय कर ह?रीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज का चक्कर काटना प?ता था। खासकर स?क दुर्घटना, अस्वाभाविक मौत व अन्य कारणों से किसी गरीब परिवार की मौत हो जाए तो वह अपने स्वजनों के निधन से परेशान रहते थे। दूसरी ओर शव का पोस्टमार्टम कराना उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं था। डॉ ज्ञानी ने बताया कि स्थानीय लोगों की परेशानी को देखते हुए कुछ सहयोगी चिकित्सक को प्रशिक्षण दिलाने के बाद यह निर्णय लिया गया कि अब पोस्टमार्टम हाउस की शुरुआत सम्भव है, तब जाकर इसकी शुरुआत हो पाई है। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम शुरू होने से लोगों को अब काफी सहूलियत होगी। पोस्टमार्टम कार्य डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ रामानुज कुमार, एसिस्टेंट नीरज कुमार व सहयोगी सोहन पासवान के सहयोग से संपन्न हुआ। मंगलवार को चौपारण के दनुआ घाटी में हुए भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई।

### युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है जागरूकता रैली : चन्द्रशेखर कुमार




**बरही।** बरही थाना और आईलेक्स पब्लिक स्कूल के द्वारा संयुक्त रूप से 26 जून को अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आईलेक्स पब्लिक स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि आजकल समाज में नशा का चलन काी ब गया है। आज के युवा भी शराब, बी?ी, सिगरेट, पान मसाला, गुटखा, पान, खैनी जैसे नशे के गिरफ्त में फँसते हीं जा रहे हैं। इसी के तहत आईलेक्स पब्लिक स्कूल के द्वारा कल एक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। यह अभियान आईलेक्स के सभी ब्रांच, पंचमाधव, गोरिया करमा, बकागांव, गाकिला, बरकठा, पाण्डेबारा में एक साथ चलाया जायेगा। इस जागरूकता अभियान की तैयारी में सभी शिक्षक और बच्चे कई दिनों से लगे हुए हैं। वहीं बरही थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि आज के बदलते परिवेश को देखते हुए यह अतिआवश्यक है कि समय-समय पर इस तरह के जागरूकता अभियान चलाया जाए। वरीय पदाधिकारियों का निर्देश है कि मादक पदार्थ के दुरुपयोग को रोकने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाना है। इसी निमित यह अभियान चलाया जा रहा है। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि शिक्षक होने के नाते हमारा यह मौलिक कर्तव्य है कि हम समाज में बते नशे के लत को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाएं और इसके लिए पहले लोगों को जागरूक करना अति आवश्यक है।

### घर का दरवाजा तोडकर कर हाथी घुसा घर के अंदर,8 से 10 किंटल अनाज कर गया चट



**दारू।** दारू प्रखंड अंतर्गत बवार गांव के निवासी लिलो यादव पिता बुधा गोप के घर सोमवार के रात्रि में तकरीबन 1¬30 बजे पूरा परिवार अपने छत पर सो रहे थे। अचानक घर के दरवाजा टूटने की आवाज घर के मुखिया लिलो यादव को सुनाई दी। जब लिलो यादव ने उठकर देखा तो उनके घर मे एक जंगली हाथी घुस गया है।उसके बाद पूरा परिवार एक लकी के छोटा सा सीढी से छत के पीछे से एक एक करके छत से उतरे ओर मैदान में पूरा परिवार चले गए। उतरने के तुरंत बाद वे व्यक्ति गांव में हल्ला करने लगा । देखते ही देखते गांव के बहुत ग्रामीण लोग जमा हो गए। लगभग एक घंटा के बाद ग्रामीणों के सहयोग से हाथी को घर से निकालने में कामयाबी मिली। घर के मुखिया लिलो यादव के द्वारा बतलाया गया कि हमारे घर मे हाथी घुस जाने से हमारे घर का दरवाजा टूट गया। ओर लगभग 7 किंटल ऊ सना चावल, 50 किलो अरवा चावल, 100 किलो गेंहू, हाथी खा गया। और वही हाथी के द्वारा घर मे रखे पूरा अनाज इधर से उधर बिखेर दिया गया।

## अवैध बालू उठाव के खिलाफ चला पुलिस का डंडा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बरही।** अवैध बालू के उत्खनन को लेकर राज्य सरकार के तेवर तल्ख है। अवैध बालू उत्खनन रोकने का लगातार निर्देश प्राप्त हो रहा है। इसी कड़ी में बरही पुलिस द्वारा सोमवार को बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरियाकरमा में कार्यवाही करते हुए बालू से लदा ट्रॉली व ट्रेक्टर समेत दो ट्रॉली जब्त किया है। बता दे की सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने पांच पुलिस अवर निरीक्षकों की एक टीम बनाकर कार्रवाई को भेजा, जिससे बरही पुलिस को सफलता हाथ लगी है। इस बाबत जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्यवाही हुई है। साथ ही एक व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया की राज्य में अब एनजीटी लगा हुआ है, नदियों से बालू उठाव पूर्ण रूप से बंद है, ऐसे में कोई अगर अवैध रूप से बालू का उत्खनन करता है और पुलिस को जानकारी मिलती है तो निश्चित ही उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।छापेमारी दल में बरही थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक श्रवण कुमार, सुशील कुमार, सौरभ कुमार, सुरजीत चौधरी, शिवम गुप्ता समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे। इधर बालू के खिलाफ हुई ।

## उपायुक्त के जनता दरबार में दूर- दराज से पहुंचे दो दर्जन फरियादी, सभी आवेदनों पर उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करने का दिया निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन कार्यालय वेश्म में किया। मौके पर उपायुक्त ने लगभग दो दर्जन मामलों पर सुनवाई की तथा ऑन द स्पॉट निष्पादन के लिए संबंधित विभाग व पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित किया। इस मौके पर जमीन, दिव्यांग, पीएम आवास, भूमि अतिक्रमण, इंदिरा आवास, राशन कार्ड, मुआवजा, मारपीट, गबन, वित्तीय अनियमितता आदि मामलों की शिकायतें सुनी गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि, जिलेवासिओं का हित सर्वोपरी है। इस दिशा में जिला प्रशासन हर संभव कार्रवाई हेतु तत्पर है। सुनवाई के क्रम में ब?कागांव +2 उच्च विद्यालय के सरकारी खाते से वित्तीय अनियमितता एवं गबन करने मामला, कुटुमसुकरी, ईचाक से रीना देवी के द्वारा अबुआ आवास से वंचित रहने का के संबंध में, हजारीबाग के ओकनी, न्यू एरिया, से दुलार राम के द्वारा राशन कार्ड बनाने के संबंध में, कटकमदाग के ग्राम सिरसी से हरिजन मोहल्ले के ग्रामीणों के द्वारा चापानल उपलब्ध कराने, चकडेबो चौपारण के बालेश्वर रजक ने झोला छाप डाक्टर द्वारा जानलेवा इलाज करने एवं मोटी राशि की उगाही करने के संबंध एवं हजारीबाग के बाबा पथ, हु?हुडु निवासी प्रमिला देवी द्वारा मारपीट से संबंधित उपायुक्त को आवेदन दिया गया। उपायुक्त ने इन आवेदनों को तत्काल निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किया। इस मौके पर सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी निवेदिता राय की उपस्थिति रहीं।

# प्रेरणा शाखा की बैठक में 28 को विश्व संगीत पखवाड़ा को ले भजन संध्या आयोजित करने का निर्णय

उज्ज्वल दुनिया सं

**जन सेवा ही मारवाड़ी युवा मंच का उद्देश्य : सारिका**



झुमरी तिलैया : मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा की एक बैठक श्री अग्रसेन भवन में आयोजित की गई। बैठक में जून माह के अंतिम सप्ताह और जुलाई माह के आयोजित कार्यक्रमों के रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा कि जन सेवा ही मारवाड़ी युवा मंच का उद्देश्य है और इसी कड़ी में समाज के अंतिम पायदान तक लोगों को सामाजिक ताना-बाना से जोड़ना मुख्य लक्ष्य होगा। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य शिविर, कन्या भ्रूण संरक्षण अभियान, गौ सेवा जैसे मुद्दों पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जुलाई माह में प्रेरणा शाखा के द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधे लगाने और वितरण किया जाएगा। पेड़ पौधे के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। जीवन के लिए पेड़ पौधा उतना ही जरूरी है जितना की हवा और पानी। सचिव शीतल पोद्दार ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच की इकाई महिला सशक्तिकरण के रूप में बेहतर कार्य कर रही है।

जुलाई माह में सावन मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभ्यता और संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रम किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मायुमं विश्व संगीत दिवस पखवाड़ा का आयोजन कर रहा है। इसी उद्देश्य को लेकर 28 जून को श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर (चौधरी ब्रदर्स) एड्डी बंगाल में संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा उसमें नवीन सनातन सकीर्तन मंडल के नवीन पांडया, आराध्या सिंहा के अलावा गिरधारी सोमानी, तन्मय लड्ढा, साक्षी भदानी सहित अन्य कलाकार भजन की प्रस्तुति देंगे।बैठक में जुलाई माह में नए सदस्यों को जोड़ने के अलावा जून माह में आयोजित योग कार्यक्रम, अमृतधारा, पौधारोपण का कार्यक्रम, रक्तदान,गौहार की सफलता के लिए कार्यक्रमों की परियोजना निर्देशकों को धन्यवाद दिया गया।

कोषाध्यक्ष नेहा बजाज ने मई माह के आय व्यय ब्यौरा प्रस्तुत किया जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया। इसके अलावा इस माह में आने वाले सदस्यों के जन्मदिन पर केक काटकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी गई ।इस बैठक में उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया कृतिका मोदी, दीपा गुप्ता, प्रीति केडिया, प्रिया अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, स्नेह अग्रवाल मीना हिसारिया, नीतू अग्रवाल नेहा जैन ,अनु संघई आदि उपस्थित थे।राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन किया गया।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में शहीद संतोष पासवान को दी गई भावभिनी श्रद्धांजलि

**झुमरी तिलैया :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में मंगलवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर शहीद संतोष कुमार पासवान को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, जयप्रकाश सिंह, राकेश पांडेय, सतीश कुमार, शंकर कुमार और पायल सिंह आदि शिक्षकों ने संतोष कुमार पासवान की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि देश सेवा के क्षेत्र में संतोष कुमार पासवान के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनके कार्य हमेशा बच्चों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। ज्ञात हो की संतोष कुमार पासवान सतगावा प्रखंड के भखरा गांव के रहने वाले थे। 2007 में उन्होंने आर्मी जॉइन किया था। 2013 में उत्तराखंड में आई बाढ़ की विभीषिका में फंसे लोगों को बचाने के क्रम में आईटीबीटी के 18 जवान हेलीकॉप्टर पर सवार होकर मुआयना कर रहे थे।

तभी मौसम खराब होने की वजह से हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया और सभी शहीद हो गए थे। बाद में उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा हुआ उनके गांव पहुंचा था।

संक्षिप्त खबरें

## विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन



**मरकच्चो :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकर रांची के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के निर्देशपर मंगलवार को मरकच्चो प्रखंड सभागार में 29 जून को होने वाले विशेष लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी मरकचो परमेश्वर कुशवाहा मौजूद थे । अंचलाधिकारी ने जानकारी देते हुवे बताया कि पूरे राज्य में भूमि एवं राजस्व के मामले पर विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जून को हो रहा है। विशेष लोक अदालत भूमि एवं राजस्व मामले में तेजी और प्रभावी न्यायिक समाधान प्रदान करने के लिए विशेष मंच है। वही जागरूकता कार्यकर्म में पारा लीगल भोलिंटियर महेश्वरी कुशवाहा, मुकेश प्रसाद, विकाश रजक के अलावे सभी अंचल कर्मी बी एल ओ एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## दो बाईक की आमने-सामने से हुई जबरदस्त भिड़ंत

**मरकच्चो :** थाना क्षेत्र के मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग स्थित बजरंग बली मंदिर के समीप दो बाईक की आमने सामने से हुई जबरदस्त भिड़ंत मे दोनों बाईक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान पथलडीहा निवासी बीस वर्षीय सूरज सिंह व 22 वर्षीय एयाज अंसारी पिता कमरुद्दीन अंसारी नादकरी निवासी के रूप में की गयी है। घटना सोमवार की देर शाम लगभग आठ बजे की है। जानकारी अनुसार युवक बंधन चौक की ओर से ब्लॉक रोड स्थित अपने मामा घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बाईक से उसकी जबरदस्त टक्कर हो गयी जिससे सूरज व एयाज अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन उसे आंनन फानन में समुदायिक स्वास्थ केंद्र मरकच्चो ले गए जहाँ उसका प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवक को बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया।घटना की जानकारी मिलने पर एस आई विशाल कुमार घटना स्थल पर पहुँच दोनों बाईक को कब्जे मे लेते हुवे थाना ले आये।

## डबल मर्डर केस के पीड़ित परिवार से मिले बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह



**पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद दिलाने का भरोसा**

**कोडरमा।** बीते दिनों बाघिटांड़ में हुई गोलीबारी मामले में दो लोगों की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार से बगोदर विधायक कॉमरेड विनोद कुमार सिंह ने मुलाकात की। बतादें की शनिवार की रात अपराधियो ने जलवाबाद में रहने वाले और बाघिटांड़ में होटल व्यवसाय से जुड़े नसीम एराकी और अंजार आलम की निर्मम हत्या कर दी गयी थी। हालांकि मामले में 6 आरोपी को घटना के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। इधर बगोदर विधायक विनोद सिंह ने सोमवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता देने को लेकर मुलाकात की। वहीं उन्होंने रांची से लौटने के दौरान देर शाम जलवाबाद पहुंचे। उन्होंने मृतक नसीम एराकी और अंजार आलम के घर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। वहीं उन्होंने पीड़ित परिवार को सरकारी स्तर से मदद दिलाने का भरोशा दिलाया। माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि घटना काफी दुखदायी है और वे पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते है।उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं पर पुलिस को चौकसी बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री को लिखित आवेदन देकर आश्रितों को इंसाफ देने को लेकर सीएम से पहल करने की बात हुई है।सीएम ने भी मामले पर हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया है। वहीं मामले को लेकर पीड़ित परिवार के साथ सीएम से मिलकर शीघ्र ही लिखित आवेदन दिया जाएगा। मौके पर जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव, माले जिला सचिव राजेन्द्र मेहता, संदीप कुमार, विजय पासवान,रवि पासवान, नीरज सिंह,साजिद हुसैन लल्लू, परवेज आलम,सोहैल आलम, मन्नान खान,राजू खान,असीम सरकार, सरयू दास, बाली यादव, शमशेर आलम, मो रब्बानी,मो आबिद अली,तुलसी कुमार राणा, अमर कुमार यादव, राजू कुमार साव, मो नसीम, पंकज मोदी, सहदेव मंडल, मो कलीम, गणेश राणा समेत पीड़ित परिवार के लोग एवं जलवाबाद के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत शपथ दिलाई गई



ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान के अन्तर्गत शपथ दिलाई गई । उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मृदुला भगत के द्वारा समाज एवं राष्ट्र को नशा मुक्त करने हेतू विभिन्न उपायों पर विस्तारपूर्वक प्रकश डाला गया ।*

महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु विकास कुमार यादव ने सभी प्रशिक्षुओं एवं महाविद्यालय के सदस्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी गयी

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने कहा कि युवा वर्ग ही देश का अग्रिम भविष्य है और आज के वर्तमान दौर में युवा वर्ग ही सबसे ज्यादा नशा से ग्रसित है । कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु मो. सम्मीउल्लाह, सदाकात अंसारी, रविकुमार यादव, मुरली यादव, अजीत यादव, निरंजन कुमार, रेनू कुमारी, नूतन कुमारी, रिंकी कुमारी, प्रीती कुमारी, अर्चना कुमारी, पुजा रवि, सीमा जोजो, मिनल कुमारी आदि शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

## मरकच्चो में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया



**मरकच्चो :** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत मरकच्चो पुलिस ने मंगलवार को थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ शर्मा के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने हेलमेट नहीं लगाने वालों को माला पहनाकर व हाथ जोड़कर नियमों का पालन करने की अपील की। इससे लोगों को शर्मिंदगी उठानी पड़ी। उन्होंने भविष्य में हेलमेट पहन कर चलने तथा चार पहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट का प्रयोग करने की बात मरकच्चो पुलिस से की। बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों से थाना प्रभारी ने कहा कि अपने लिए न सही, लेकिन अपने परिजन, बच्चों और माता-पिता के लिए हेलमेट का प्रयोग करें। हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों का सुरक्षा कवच है। हेलमेट पहने रहने से दुर्घटना होने पर 90 प्रतिशत बचने की गारंटी होती है। हेटलमेट प्रदूषण तथा गर्मी व सर्दी से भी बचाव करता है। करीब एक घंटे तक अभियान चला। अभियान में एस आई गोविंद सिंह के अलावे पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## दीप यज्ञ का किया गया आयोजन



**झुमरीतिलैया :** अशोका होटल के पीछे दीपा-मंटू गुप्ता के आवास पर गायत्री शक्तिपीठ झुमरी तिलैया के द्वारा उनके घर की वार्षिक उत्सव पर दीप यज्ञ का कार्यक्रम किया गया।यज्ञ का
प्रारंभ गुरु वंदना से एक तुम ही आधार सद्गुरु तथा मातृ वंदना एवं गायत्री माता तेरी महिमा अपरंपार है के साथ शुरू किया गया।

भीष्म गुप्ता ने विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला,गुरु शरण में जाता है, निहाल हो जाता है, जन्म जन्ममांतर का दुष्कर्म मिट जाता है तथा सदमती को प्राप्त करता है अर्जुन राणा ने कहा भावना से भगवान मिलते हैं जैसे, मीरा को, शिवानी को भवानी साक्षात्कार हुआ है। 101 दीप जलाकर दीप महयज्ञ संपन्न किया गया।गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ की संयोजिका सोनी जयसवाल के नेतृत्व मे किया गया। इस कार्यक्रम में फुल कुमारी भारती, सारिका भदानी कविता आर्य , सुनीता भगत, सरोज गुप्ता ,अलका गुप्ता ,राखी भदानी समेत कई मौजूद थे।

## पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



सतगावां पुलिस अधीक्षक कोडरमा अनुदीप सिंह को मिली सूचना प्राप्त हुई कि सतगांवा थानान्तर्गत कुछ व्यक्तियों द्वारा लोगो को लौन दिलाने के नाम पर साईबर ठगी किया जा रहा है। मामले की जांच एवं विधि-सम्मत कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाना प्रभारी विजय गुप्ता के नेतृत्व में विषेष टीम का गठन किया गया।

गठित टीम द्वारा छापामारी करते हुए दो साईबर अपराधी टुन्नी कुमार, उम्र 20 वर्ष, पिता -पवन सिंह, सा०-भण्डाजोर, थाना-रोह, जिला-नवादा (बिहार) ,तथा मनीष कुमार, उम्र-30 वर्ष, पिता-बलम सिंह, सा०-मरचोई, थाना-सतगांवा, जिला-कोडरमा को पकड़ा गया। छापामारी के क्रम में इन दोनों के पास से भारी संख्या में मोबाईल फोन, सीम कार्ड, ए०टी०एम० कार्ड, बैंक पासबूक, लाईन वाला पेज, हस्तलिखित संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुआ। साईबर अपराधी से पुछताड़ के क्रम में जानकारी प्राप्त हुआ कि इनलोगो के द्वारा स्वीकार किया गया कि ये लोग आम लोगो को लोन दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। इस संबंध में सतगांवा थाना काण्ड संख्या-45/24, दर्ज कर विधि-सम्मत आवष्यक कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तार आरोपी से 13 मोबाइल,सीम कार्ड दो पीस,एटीएम कार्ड दो एक पासबुक तथा हस्तलिखित संदिग्ध दस्तावेज बरामद किया गया।

छापेमारी दल में :-थाना प्रभारी - विजय गुप्ता, एस०आई०रौशन कुमार पासवान, सशस्त्र बल व तकनीकी शाखा कर्मी शामिल थे।

## सदर अस्पताल के पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सौरभ ने चिकित्सक डॉ धर्मेंद्र पर लगाया गंभीर आरोप

उज्ज्वल दुनिया सं

**पूर्व में भी सदर अस्पताल के प्रबंधक के द्वारा मुझे झूठे केस में फसाया गया- डॉ. कुमार सौरभ**



**कोडरमाः** सदर अस्पताल कोडरमा के पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुमार सौरभ ने सदर अस्पताल पर कार्यरत डॉ.धर्मेंद्र पर लगाया गंभीर आरोप। इस संबंध में डॉ. कुमार सौरभ ने बताया कि मेरे परिजन मनोज शर्मा पिता रामचंद्र शर्मा झूमरी तिलैया निवासी काफी गंभीर हालत में अस्पताल में आपातकालीन वार्ड में भर्ती थे। मेरे परिजन के माध्यम से सूचना होने पर मैं अपने परिजन का हाल-चाल लेने के लिए सदर अस्पताल गया था। जहां मुझे देखने को मिला कि मेरे परिजन की हालत नाजुक एवं गंभीर बनी हुई है। जब मैं वहां पर ड्यूटी में तैनात डॉक्टर धर्मेंद्र से मैंने विनम्र आग्रह

किया कि मेरे परिजन को आपातकालीन बेहतर सुविधाएं प्रदान किया जाए। ताकि मेरे परिजन की हालत में सुधार आ सके। इस बात को लेकर डॉक्टर धर्मेंद्र मेरे साथ अमर्यादित भाषा एवं बदतमीजी की है। मैंने उनके विनम्रता पूर्वक बात कर कर कहा कि मैं भी एक चिकित्सक हूं और मैं भी अपनी सेवाएं सदर अस्पताल में दिया है। साथ ही उनसे कहा कि अगर मेरे परिजन के हालत में सुधार नहीं हो रही है तो उन्हें तत्काल रेफर कर दिया जाए। इस घटना के बारे में मेरे द्वारा सारी जानकारी सदर अस्पताल प्रशासक सह अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह को सारी जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध करा दिया है।

इसके बावजूद मेरे साथ सदर अस्पताल प्रबंधन एवं डॉ धर्मेंद्र के निदेर्शों पर अस्पताल के सुरक्षा पर तैनात होमगार्ड के जवान ने मेरे परिजन के साथ आए हुए लोग के साथ मारपीट एवं गाली गलौज अभद्र व्यवहार किया गया। तथा डॉक्टर धर्मेंद्र ने मुझे कड़े लहजे में धमकी देते हुए कहा कि तुम्हें तो जेल में भिजवाकर छोड़ेंगे। मैंने इस बारे में कोडरमा थाना प्रभारी के नाम आवेदन दिया है जिसमें मेरे द्वारा कहा गया कि इसके पूर्व में भी मुझे सदर अस्पताल प्रबंधक द्वारा झूठे मुकदमे में फसाया गया है। सदर अस्पताल प्रबंधक आज तक मेरे विरुद्ध साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाया है। डॉक्टर धर्मेंद्र के द्वारा जिस तरह मुझे धमकी दी जा रही है उससे प्रतीत होता है कि उनका इरादा मुझे नुकसान पहुंचाने का है। मेरे ऊपर या मेरे परिवार के ऊपर किसी भी प्रकार जानलेवा हमला या किसी प्रकार का अप्रिय घटना होता है तो इसका सारा जीवन भर सदर अस्पताल के प्रबंधक एवं डॉ .धर्मेंद्र पर होगा।

## 45 झारखंड बटालियन के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर केदूसरे दिन हुए कई कार्यक्रम

**झुमरीतिलैया :** संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन ग्रुप हेड क्वार्टर हजारीबाग के तत्वाधान में राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा के प्रांगण में 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कर्नल विजय कुमार सेवा मेडल के नेतृत्व में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से आए 540 एनसीसी कैडेट को मैप रीडिंग फील्ड क्राफ्ट,बैटल क्राफ्ट,टेंट पिचिंग फायरिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान एनसीसी कैडेट को पर्सनालिटी डेवलपमेंट लीडरशिप क्वालिटी वर्ग कार्य डिप्टी कैंप कमांडेंट व्याख्याता सह एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट संतोष कुमार के द्वारा लिया गया। वही आज 45 झारखंड बटालियन के कर्नल विजय कुमार सेवा मेडल के द्वारा ओपनिंग एड्रेस में कडेड को महत्वपूर्ण बातें बताई। एनसीसी के मोटो एनसीसी के उद्देश्य युवा नागरिकों के बीच अनुशासन चरित्र भाईचारे साहसी कार्य देशभक्ति राष्ट्र का विकास निःस्वार्थ सेवा की संकल्पना एनसीसी छात्रों को शस्त्र बलों में शामिल और प्रेषित कर अनुकूल वातावरण तैयार करने की बात कही। कर्नल विजय ने कहा कि संयुक्त वार्षिक कैंप के अंतर्गत राज्य भर से आए एनसीसी छात्रों को इंटर ग्रुप बैनर प्रतियोगिता के अंतर्गत कर्तव्य पथ प्रधानमंत्री रैली गार्ड ऑफ ऑनर फ्लैग एरिया के प्रतिभागियों को कठिन प्रशिक्षण इंडियन आर्मी के इंस्ट्रक्टर के द्वारा दिया जा रहा है।

मौके पर 45 झारखंड बटालियन के सूबेदार मेजर रमेश कुमार राय,सैनिक स्कूल तिलैया के एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर विकास कुमार,22 बटालियन के बॉयज एवं 22 बटालियन के गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर संतोष प्रसाद, सूबेदार एसबी भगत, सूबेदार आलोक कुमार, सूबेदार ए एन ठाकुर, नया सूबेदार घसीटाराम, हवलदार विकास कुमार, हवलदार रंजन कुमार नायब, सूबेदार चंद्रहार, हवलदार मनोज कुमार,




हवलदार रंजन कुमार, बटालियन के सहायक सिद्धार्थ कुमार एवं सहायक सोहित कुमार सिंह उपर्युक्त सभी इस प्रशिक्षण शिविर में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पलामू की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस समारोह धूमधाम से आयोजित करने का निर्णय किया गया। इस मौके पर शहीद सैनिकों की वीर नारियों और युद्ध के दौरान घायल वीर सैनिकों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक हस्तियों के साथ-साथ पलामू प्रमंडल के सभी पूर्व सैनिकों को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा देश भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। बैठक में जिला मंत्री दामोदर मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह, उपाध्यक्ष गिरवर प्रजापति, महा सचिव दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष दया शंकर शर्मा, मोहम्मद रफीक अंसारी, पेंशन अधिकारी कामाख्या नारायण सिंह, सचिव समता प्रसाद शर्मा, संगठन मंत्री हरिहर तिवारी, सम्मानित सदस्य प्रेमचंद शुक्ला ।

# शांतिपूर्ण चुनाव के लिए आयोग ने की पुलिस प्रशासन की सराहना

## पलामू, गढवा व लातेहार एसपी को मिला प्रशस्ति पत्र

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** दशकों बाद पलामू जोन में हिंसा मुक्त चुनाव हुआ है। पिछले तीन दशक से नक्सली संगठन चुनाव के दौरान हिंसक घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव में पलामू, लातेहार और गढवा के इलाके में किसी भी तरह की हिंसा नहीं हुई है। लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने पलामू, लातेहार और गढवा एसपी को प्रशस्ति पत्र भेजा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार का पत्र पलामू एसपी रीष्मा रामेशन, लातेहार एसपी अंजनी अंजन और







गढवा एसपी दीपक कुमार पांडेय को मिला है। पलामू और गवा, पलामू लोकसभा क्षेत्र जबकि पलामू का पांकी विधानसभा एवं लातेहार, चतरा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

पलामू का इलाका नक्सल हिंसा के लिए पूरे देश भर में चर्चित रहा है और पूर्व में चुनाव के दौरान कई बडी घटनाएं हुई हैं। जबकि गवा और लातेहार का सीमावर्ती क्षेत्र पर बूा पहा मौजूद है, जो माओवादियों का ट्रेनिंग सेंटर रहा है।

बूडा पहाड के कई इलाकों में तीन दशक के बाद मतदान केंद्र बनाया गया था, जहां बंपर वोटिंग हुई है। वहीं पलामू के कई इलाकों में केंद्रों तक पोलिंग पार्टी सडक मार्ग से मतदान केंद्र तक गई है। पलामू के चक के इलाके में पहली बार मतदान कर्मी सडक मार्ग से गए थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने तीनों एसपी को पत्र लिखकर चुनाव के दौरान किए गए कार्यों की सराहना की है।

## एक-नजर

### खाद्य सामग्रियों का किया वितरण




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** शांतिकुन्नाम आवासीय विद्यालय के डायरेक्टर एवं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी सह कार्यालय सचिव सतीस कुमार अग्रवाल ने मिशन समृद्धि संस्था द्वारा कचरवा में संचालित समृद्धि की पाठशाला में अपनी माता की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों के बीच आटा, आलू, मशाला का वितरण किया। खाद्य सामग्रियों के वितरण में मिशन समृद्धि की बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, आशा शर्मा, रंजीता से सहयोग किया।.

### प्रभा सेवा सदन अस्पताल का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (उज्ज्वल दुनिया)।** हुसैनाबाद के सिद्धनाथ गेट के समीप प्रभा सेवा सदन का उद्घाटन भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह और डेहरी ऑन सोन के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार बोस ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद के लिए यह बहुत ही अच्छी खबर है कि सुप्रसिद्ध डॉक्टर सुनील कुमार बोस इस शहर में ओपीडी करेंगे। अब मरीजों को 70 किलोमीटर की दूरी तय कर बाहर नहीं जाना पडेगा।.

### राशन कार्ड आधार सीडिंग कैंप का आयोजन

**हेरहंज (उज्ज्वल दुनिया)।** झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्रखंड के दो पंचायत सलैया व हेरहंज पंचायत सचिवालय परिसर में नया राशन कार्ड बनाने व आधार सीडिंग करने को लेकर सोमवार को विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। जहां शिविर में सलैया पंचायत से 25 व हेरहंज से 03 नया कार्ड के लिए आवेदन प्राप्त हुवे हैं।

वहीं नाम जोने हेतु हेरहंज पंचायत से दो आवेदन व आयुष्मान कार्ड के लिए पांच आवेदन प्राप्त हुवे। मौके पर सलैया पंचायत में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सूर्य प्रकाश,रिंकू देवी (मुखिया),पंचायत समिति सदस्य,वार्ड सदस्य वहीं हेरहंज पंचायत सचिवालय में डीलर,वार्ड सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

### बाजार में धराया पॉकेटमार पुलिस ने भेजा जेल

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** शहर थाना पुलिस ने मंगलवार को एक पॉकेटमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पॉकेटमार धर्मेंद्र कुमार पाटन थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव का रहने वाला है। वह रोज गांव से आकर शहर में पॉकेटमारी करता था। सोमवार की शाम वह रंगेहाथ मेन मार्केट में पका गया था। इस स बंध में आढत रोड के रहने वाले फारुख हवारी के पुत्र आसू हुसैन ने थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। आसू के मुताबिक वह अपने घर के लिए एक दुकान से सामान खरीद रहा था। तभी एक व्यक्ति उसके पॉकेट में हाथ डालकर पैसे निकाल कर भागने लगा। बाजार में मौजूद लोगों की मदद से पॉकेटमार को पका गया। फिर पुलिस के हवाले कर दिया गया। मंगलवार को उसे न्यायिक हिरासत मे ं भेज दिया गया।

### सडक की मरंमत कराने की मांग

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने उपायुक्त को पत्र लिखकर चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर सेमरा लोहरसिमी जर्जर सक को बनवाने की मांग की है। मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने पत्र में कहा है कि झारखंड को छत्तीसग से जोने वाली यह सक दयनीय स्थिति में है। छोटे-ब वाहन हिचकोले खाते अपने गंतव्य तक जाते हैं। स?क की जर्जर स्थिति के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी है और कितनों ने अपनी जान गंवा दी है। जनता के हित में इस सक बनवाना बहुत जरूरी है।

### मां जीवन हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन

**पांकी (उज्ज्वल दुनिया)।** पांकी थाना रोड में मां जीवन हॉस्पिटल का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने फीता काटकर किया। मौके पर हॉस्पिटल के संचालक डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि यहां जेनरल फिजिसियन एवं सर्जन 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे, जो बेहतर सेवा देंगे। यहां लोगों का बेहतर इलाज किया जायेगा। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य मिथलेश यादव, बबलू भुइंया, चैंम्बर कार्यकारी अध्यक्ष एनामुल आजाद, छोटे सिंह, मिंटू शर्मा, डॉ. अब्दुल रजिक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जनता को भ्रमित कर रही है राज्य सरकारः सतीश

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने झारखंड सरकार पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बयान जारी कर कहा है कि पिछले विधानसभा चुनाव में झामुमो ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में किया गया एक भी वादा पूरा नहीं किया है। अब विधानसभा चुनाव करीब होने पर फिर से जनता को गुराह करने की कोशिश कर रही है। अब जनता इनकी नौटंकी को समझ चुकी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में सबक सिखाने का मन बना लिया है।

### 65 वर्षीय व्यक्ति की अचानक हुई मृत्यु घर मे पसरा मातम।

**कांडी(उज्ज्वल दुनिया )**हरिहरपुरओपी क्षेत्र अंतर्गत चौबे मझिगावां गाँव के अस्राखांड टोले निवासी जानकी राम उम्र 65 वर्ष पिता स्व शिवनाथ राम की मृत्यु मंगलवार की सुबह हो गई। मृत्यु से परिवार सहित आसपास के लोग भी गहरे सदमें में हैं। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को शाम तक अपने घरों का काम काज कर रात्रि में भोजन कर विश्राम कर सोए तब तक वे पूरी तरह से स्वस्थ्य थे। उसके बाद उन्हें मंगलवार की सुबह लगभग तीन बजे सीने में हल्की दर्द होने को बताया उसके बाद घर में उपस्थित महिलाओं ने आसपास से प्राथमिक उपचार कराया, सुबह पाँच बजे के आसपास उनकी मृत्यु हो जाती है।

जानकी राम के दो पुत्र हैं बा लका मनोज राम यूट्यूब चैनल ग्रीनलाइन में कुछ दिनों तक पत्रकारिता किये उसके पश्चात वर्तमान में उत्तरप्रदेश के रेनुकूट में एक निजी कंपनी में कार्य कर रहा है। वहीं छोटा पुत्र प्रवेश राम सीआरपीएफ में छत्तीसग के सुकमा जिले में कार्यरत है। मृत्यु की सूचना दोनों पुत्रों को दिया गया। समाचार लिखे जाने तक बा पुत्र यूपी से आ चुका था अंतिम संस्कार के लिए छोटे पुत्र के आने का इंतजार किया जा रहा था। जानकी अपने पीछे दो पुत्र व तीन पुत्रियों से भरापूरा परिवार छो गए हैं।मृत्यु की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया पति शंभूनाथ साह ने मृतक के घर जाकर परिजनों को ढाँढस बंधवाया।

## सरकारी विद्यालय में सर्टिफिकेट के नाम पर पैसे वसूलने का सामने आया मामला

**हेरहंज (उज्ज्वल दुनिया)।** शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार थमने का नाम नही ले रही है। ऐसा ही मामला हेरहंज प्रखंड में फिर सामने आया है। प्रखंड क्षेत्र के सेरनदाग पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लावाग?ा में प्रभारी प्रधानाध्यापक बिनोद कुमार द्वारा आठवीं पास विद्यार्थियों से विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र देने के एवज में प्रत्येक विद्यार्थियों से दो सौ पचास रुपये लेने का मामला सामने आया है। विद्यार्थियों द्वारा पैसा नहीं देने पर सर्टिफिकेट नहीं दिया जा रहा था। जब सर्टिफिकेट देने के नाम से शिक्षक द्वारा पैसे की मांग की जा रही थी तब इसकी शिकायत बच्चों द्वारा अविभावकों को दिया गया। शिकायत मिलने पर अविभावक विद्यालय परिसर पहुंचे और शिक्षक



से पूछ ताछ की गई। जहाँ शिक्षक द्वारा पैसे की मांग की गई को सत्य बताया। कहा हमने पैसा खर्च के नाम पर मांगे हैं। जीसान अंसारी,आतिक अंसारी,सुपियाना परवीन,संगीता कुमारी,गुलफसा खातून,दिलकश परवीन,फरजाना परवीन समेत 28 विद्यार्थी शामिल हैं। विद्यार्थियों ने बताया कि कई विद्यार्थी जो पैसे दिए उन्हें सर्टिफिकेट दे दिया गया। और जब हमलोग मांगे तो पैसे की मांग की गई। पैसे नही देने पर विद्यालय से भगा दिया गया। वहीं महिलाओं द्वारा शिकायत की गई है कि एमडीएम में भी सही खाना नहीं दी जाती है। अंडा कभी कभार दिया जाता है। यह मामला बीते शनिवार की है। इस विद्यालय में कुल 209 बच्चे नामांकित हैं। इस सम्बंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निर्मला लता से पूछे जाने पर बताया ।

## उप विकास आयुक्त ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** जिले के उप विकास आयुक्त सह जिला जल एवं स्वच्छता समिति के नोडल पदाधिकारी रवि आनंद ने समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन टू अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन टू अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिला में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति की जानकारी ली साथ ही ग्राम स्तर पर स्वच्छताध्ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु ग्राम कार्य योजना तैयार करने से संबंधित समीक्षा की।बैठक में फाइव स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने को लेकर माहवार लक्ष्य का निर्धारण व प्रगति पर भी चर्चा किया गया।इस दौरान



ओडीएफ प्लस का सर्टिफिकेशन देने में गति लाने पर बल दिया गया।इसके अतरिक्त व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, गोबरधन,सामुदायिक स्वच्छता केंद्र,कचरा प्लास्टिक प्रबंधन सहित अन्य बिंदुओ पर विस्तार पूर्वक समीक्षा कर विभिन्न निर्णय लिया गया।बैठक में स्वास्थ्य विभाग के तरफ से सभी पीएचसी स्तर पर एक-एक समुदायिक शौचालय निर्माण को आवश्यक बताया गयामौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार,विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चैधरी,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार,पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता,पंचायती राज पदाधिकारी समिति अन्य उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब ने मरीज का कराया मुफ्त ऑपरेशन

## गरीबों में बांटे समोसा-मिठाई, किया रक्तदान

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** लायंस क्लब द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में समोसा एवं मिठाई वितरण किया। साथ ही असहाय मरीजों का मुफ्त ऑपरेशन कराया एवं रक्तदान किया। विश्रामपुर थाना के करी गांव के 66 वर्षीय वीरू राम कामुफ्तऑपरेशन कराया गया। वह सफर करते समय किसी वहन के धक्का से घायल हो गया था। उसका दाहिना पैर कटकर अलग लटका हुआ था। ऐसी स्थिति में पैर को बचा पाना बहुत मुश्किल था। कई डॉक्टरों का चक्कर लगाते हुए वह लायंस निलेश चंद्र के माध्यम से निर्मला



मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पहुंचा और इलाज में होने वाले खर्च देने में अपनी असमर्थता जताई। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने बिना ऑपरेशन चार्ज के स्पेशल ऑपरेशन थिएटर में उसका सफल ऑपरेशन किया। डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि ऐसे समर्थहीन व्यक्ति की सेवा करने में बा सुकून महसूस होता है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब का उद्देश्य ही सेवा है। क्लाब सदस्यों के रिकमेंडेशन पर जो भी ऐसे पेशेंट आते हैं मैं उनके लिए सदा तैयार रहता हूं। लायन गुरबीर के सौजन्य से उनके चाचा स्वर्गीय परविंदर सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में संध्या छह बजे से समोसा एवं मिठाई का वितरण किया गया। साथ ही अलग-अलग जरूरतमंदों को रक्तदान भी किया गया। महिला समाजसेवी शीतल वर्मा द्वारा वालिया परिवार के थैलेसीमिया पीति बच्चा के लिए अपना रक्तदान किया गया। वही रणजीत मिश्रा द्वारा बाइपास रोड बैरिया के एनीमिया से ग्रसित वृद्ध मरीज को रक्तदान कर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजन अग्रवाल, प्रियंका आनंद साहू, डॉ. निशांत, डॉ. रविश कुमार, डॉ अमित सिंह, परिमल प्रसून, नवीन कुमार पांडे एवं रणजीत मिश्रा शामिल थे।

## आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा दुकानों का निरीक्षण



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू पलामू के निदेशानुसार आज दिनांक 25.06.2024 को सभी प्रखंडो में 'चावल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा अपने क्षेत्र में दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा निर्धारित मात्रा एवं ससमय लाभुकों को राशन वितरण करने का निदेश दिया गया। बताते चलें कि वर्तमान में माह जून 2024। के तहत खाद्यान्न वितरण, माह अगस्त 2023 और सितम्बर 2023 का ग्रीन कार्डधारियों को चावल वितरण, माह अप्रैल 2024 का चना दाल तथा माह अक्टूबर 2023 से दिसम्बर 2023 तक के अवधि का चीनी तथा नमक का वितरण किया जा रहा है, साथ ही शेष बचे लाभुकों को सोना-सोबरन, धोती-सा?ी का वितरण भी किया जा रहा है।सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को समय पर दुकान खोलने, लाभुकों का अद्यतन सूची का प्रदर्शन करने, सुचना पट्ट लगाने सहित विभिन्न दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के तहत ज्ञल्ब् कराने के लिए सभी लाभुकों को प्रेरित करने तथा इसमें स्वास्थ्य सहिया ।

## आपातकाल की 49 वीं वर्षगांठ पर विचार गोष्ठी


**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में आपातकाल के 49 साल पूरे होने पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। संचालक संजय कुमार ने किया। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की तस्वीर पर फूल माला चा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। गोष्ठी में उदय राम ने कहा कि देश में आपातकाल के 49 साल बीत चुके हैं। 25 जून 1975 ई. को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने देश में आपातकाल की घोषणा की थी। आपातकाल लागू होते ही रातों-रात राष्ट्र को जेल में बदल दिया था। प्रेस, अदालतें, शासन आदि खत्म हो गए। गरीबों और दलितों पर अत्याचार किए गए। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में




25 जून एक काला अध्याय के रूप में याद किया जाता है। गोष्ठी में जयपाल मोची, श्याम पाठक, प्रदुमन तिवारी, विजय राम, संजीत कुमार, उमेश कुमार पासवान, राजू राम, अरविंद कुमार, रामनरेश महतो, संजय तिवारी, संजय चैरसिया ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## एक मनरेगा डोभा योजना पर दो लाभुको ने दावेदारी की

**डंडई(उज्ज्वल दुनिया )** डंडई प्रखंड के लवाहीकलां पंचायत में एक डोभा निर्माण योजना पर एक ही नाम के दो लाभुक के परिजनों के द्वारा दावेदारी करने का मामला प्रकाश में आया है। योजना का वर्क कोड 3407008005/आई एफ /7080902623811 बताया जा रहा है। एक पक्ष के लाभुक विनोद साव पिता सुखदेव साव तथा दूसरा पक्ष विनोद साव पिता स्व सेवक साव का नाम बताया गया है। लाभुक विनोद साव पिता सुखदेव साव का कहना है कि 90म90म09 डोभा निर्माण योजना फरवरी 2024 में स्वीकृत कराया था। जिसका जियो टैग होने के बाद डोभा की खुदाई कराई गई। जिसमें 1.58 लाख रुपये मजदूरों के खाते में मजदूरी की राशि भुगतान हो गई है। वहीं लाभुक विनोद साव (जिनकी मृत्यु हो चुकी है) पिता स्व सेवक साव के भाई श्यामलाल साव, वीरेंद्र साव तथा पत्नी बिंदा कुंअर का कहना है कि




विनोद साव के नाम से मेरा डोभा योजना है। जिसमें बिना काम कराये ही 1.58 लाख की निकासी भी कर ली गई है। कहा कि 90म90म09 डोभा विनोद साव (मृतक) के नाम से ही है । हम लोग जिले के अधिकारियों से शिकायत कर जांच कराने की मांग भी किए हैं। वहीं मजदूर फरीद अंसारी हामिद अंसारी राजू साव नरेश साव रेखा देवी प्रमिला देवी सहित अन्य का कहना है कि हम लोग विनोद साव पिता सुखदेव साव के खेत में डोभा निर्माण कार्य में मजदूरी का काम किए हैं जिसका मजदूरी भी प्राप्त कर लिए हैं।मामले में मुखिया बच्चा लाल गुप्ता ने कहा कि लवाहीकलां गांव के ही मुखिया प्रत्याशी रहें श्यामलाल साव साजिश रचकर मेरा छवि को धूमिल कर रहे हैं। कहा कि श्यामलाल साव अपनी भवह बिन्दा कुंअर से जिला में शिकायत कराया है कि डोभा निर्माण के बगैर 1.58 लाख रुपये निकासी कर ली गई है और योजना स्वीकृत के नाम पर मेरे द्वारा ?25000 रिश्वत ली गई है। जिसमें मेरा कहना है कि विनोद साव के नाम से पूर्व मुखिया शीला के समय में सत्र 2020-2021 में 100 म100 साइज का डोभा योजना मिला था जिसका कुल भुगतान 15 फरवरी 2023 तक 3 लाख 48 हजार 976 रुपए हो चुका है और योजना अभी भी ऑन गोइंग है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के भुगतान के करीब 9 महीना बाद दिसंबर 2023 में विनोद साव की मृत्यु हो जाती है ऐसे में मृत्यु के बाद फरवरी 2024 में उसके नाम से कोई भी योजना करना नामुमकिन है। कहा कि प्रतिद्वंद्वी के द्वारा शिकायत में कहवाया गया है कि विनोद साव के नाम से सत्र 2023- 2024 में योजना स्वीकृत हुई है। और उसमें ?25000 रिश्वत ली गई है। जिस पर मेरा कहना है कि लाभुक का एक योजना ऑन गोइंग है और वह दिसंबर में ही उसकी मृत्यु हो गई है तो फिर फरवरी 2024 में डोभा योजना करने के नाम पर मृत व्यक्ति से कैसे बात होगी और कैसे रिश्वत देगा यह सबसे बड़ा सवाल है।

# संपादकीय

## संसद में मोदी सरकार की अग्नि परीक्षा

तीसरी बार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिर पर कांटों का ताज है। नरेंद्र मोदी 13 साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री बने रहे। 10 साल केंद्र में प्रधानमंत्री रहे। नरेंद्र मोदी की सत्ता का यह 24वां साल है। 23 साल तक मोदी का सत्ता में एकछत्र राज रहा है। 23 साल तक सदन में उनके पास पूर्ण बहुमत था। पहली बार वह अल्पमत की सरकार के प्रधानमंत्री बने हैं। विपक्ष इस समय जोश से भरा हुआ है। भले उसके पास स्पष्ट बहुमत ना हो। लेकिन उसमें इतनी ताकत है, कि वह सरकार से पूरी ताकत से मुकाबला कर सके। सदन के अंदर अब सत्ता पक्ष मनमानी नहीं कर सकेगा। बहुमत के आधार पर कानूनो को हो-हल्ले के बीच पास नहीं करा पाएंगे। कानून पास कराने के पहले सदन के अंदर चर्चा भी करानी होगी। लोकसभा अध्यक्ष के ऊपर भी दबाव होगा, सरकार द्वारा जो भी बिल सदन में पेश किए जा रहे हैं, वह नियम और कानून के तहत पेश हों। उन पर विधिवत चर्चा हो। चर्चा होने के बाद मतदान हो। उसी के बाद बिलों की स्वीकृति प्रदान की जाए। पिछले 10 वर्षों में कई कानून नियम विरुद्ध सदन में पेश किए गए। सदन से उन्हें अध्यक्ष ने पास भी करा दिया। मनी बिल के रूप में ऐसे बहुत सारे नियम और कानून बनाए गए। जो मनी बिल के रूप में सदन के अंदर स्वीकृत ही नहीं हो सकते थे। पिछले 10 साल में संसद सदस्यों के अधिकार भी सदन के अंदर कम हुए हैं। सरकार के मुकाबले सदन के अधिकार सरकार के पास चले गए। बहुत सारे कानून बिना किसी चर्चा के ध्वनि मत से पारित करा दिए गए। तीन अपराध कानून भी उसी श्रेणी में आते हैं। विपक्षी सांसदों को निष्कासित कर सदन में कुछ मिनटों के अंदर ध्वनि मत से कानूनों को पास करा दिया गया। इससे अध्यक्ष पद की साख भी पहले की तुलना में काफी कमजोर हुई है। अब विपक्ष के पास सदन के अंदर ताकत है। अध्यक्ष भी सदन के अंदर विपक्ष की ताकत को अनदेखा नहीं कर सकता है। सदन के अंदर जो भी बिल पेश किए जाएंगे, वह नियम के अंतर्गत सरकार को अध्यक्ष की अनुमति से पेश करने होंगे। ऐसे बिलों पर संसद के अंदर बहस भी होगी। सभी सांसदों को बोलने का मौका मिलेगा। मोदी सरकार ने 10 साल में जो कानून पारित कराए हैं। उनको लेकर विपक्ष समय-समय पर अपनी नाराजी जताता रहा है। संसदीय परंपराओं का पालन नहीं किया गया। मजदूरों से संबंधित श्रम कानून, न्यायिक नियुक्ति आयोग कानून, 3 अपराध कानून, दिल्ली सरकार के अधिकारों पर कटौती, चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून और मनी बिल के तहत जो कानून पास कराए जा रहे थे। संसद में विपक्ष की जो अनदेखी सरकार द्वारा की जा रही थी। अब उन सारे मामले में टकराव बनना तय है। संशोधन या अन्य माध्यमों से विपक्ष चर्चा करने की हर संभव कोशिश करेगी। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में टकराव बढ़ेगा। 18वीं लोकसभा के प्रथम सत्र में विपक्ष पेपर लीक, अग्नि वीर, मणिपुर, महंगाई और बेरोजगारी को लेकर सरकार को तगड़ी चुनौती देता हुआ दिख रहा है। सरकार ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर भी विपक्ष के साथ सहमति बनाने का कोई प्रयास सरकार द्वारा नहीं किया गया। जिसके कारण स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार अध्यक्ष पद के लिए लोकसभा में चुनाव होगा। जिस तरह की स्थितियां लोकसभा में बनती दिख रही हैं, उसमें एक ज्योतिषी जो इन दिनों देश एवं दुनिया में बड़े चर्चित हैं, उनका नाम है- राजीव नारायण, जिन्होंने भविष्यवाणी की है। भाजपा के खिलाफ जन असंतोष बढ़ेगा। विपक्षी दलों का विरोध भी बढ़ेगा। भाजपा के अंदर ही बगावत होगी। भाजपा के लिए अपनी सत्ता बनाए रखना बड़ा मुश्किल होगा। उसी तरह की स्थिति सदन के अंदर बनती हुई दिख रही है।

तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सहयोगी दलों और भाजपा के ही वरिष्ठ नेताओं से जिस तरह की चुनौती मिल रही है, उससे मोदी के लिए सत्ता में बने रहना, दिन प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है। उड़ीसा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार जरूर बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवीन पटनायक के साथ जो विश्वासघात का खेला किया है, उसके कारण नवीन पटनायक भी अब उनके खिलाफ खड़े हो गए हैं। उड़ीसा का असर अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों पर भी पड़ रहा है। रही सही कसर अयोध्या और राम मंदिर पूरी कर रहे हैं। मुख्य सहयोगी दलों को सरकार में महत्वपूर्ण विभाग नहीं दिए गए। अध्यक्ष पद भी उन्हें नहीं दिया गया। जिसके कारण सहयोगी दलों से भी सरकार को चुनौती मिल रही है। अयोध्या के रेलवे स्टेशन की एक दीवार टूट गई। अयोध्या का मुख्य मार्ग अटल पथ ढह गया। राम मंदिर की छत से पानी रिसने लगा। गर्भ ग्रह में पानी भर गया। तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए कहीं से भी अच्छे समाचार नहीं आ रहे हैं। तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने अस्तित्व को बचाए रखने की लड़ाई लड़ना पड़ रही है। देखना यह है, कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैसे अपनी सत्ता को बचाए रखते हैं।

## ये बाजपेयी के नहीं मोदी के नेतृत्व की सरकार है

राकेश अचल

अठारहवीं लोकसभा में यद्यपि सरकार को पहले ही दिन विपक्ष के तेवरों का सामना करना पड़ा है ,लेकिन विपक्ष को भी याद रखना चाहिए कि 2024 में भाजपा के नेतृत्व में तीसरी बार गठबंधन की सरकार बनी है और इसकी अगुवाई प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी कर रहे हैं । ये सरकार अटलबिहारी बाजपेयी की सरकार नहीं है जिसे आसानी से अपदस्थ किया जा सके।

नरेंद्र दामोदर दास मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार बनी गठबंधन की सरकार में हालाँकि भाजपा की ताकत 2014 और 2019 जैसी नहीं है ,लेकिन भाजपा की हैसियत अभी भी मरे हुए हाथी जितनी तो है ही ,यानि कम से कम सवा लाख की। इसलिए विपक्ष ये सपने देखना छोड़ दे कि इस सरकार को फूंक मार कर उड़ाया या गिराया जा सकता है। वैसे भी 2024 में देश की जनता ने भाजपा और विपक्ष को स्पष्ट जनादेश नहीं दिया है । भाजपा की ताकत कम कर उसे बैशाखनंदन बना दिया है वही विपक्ष को ताकत देकर ये संकेत दिया है कि यदि उन्हें सत्ता तक पहुंचना है तो एकता बनाये रखते हुए अगले चुनाव तक काम करना पड़ेगा ,हुलफुलाहट में विपक्ष यदि कोई कदम उठता है तो वो देश के लिए भारी पड़ सकता है।

नयी संसद के पहले ही दिन विपक्ष ने संविधान की प्रतियां लेकर जो जुलूस निकला उससे नयी सरकार भयभीत कदाचित नहीं हुई है । प्रधानमंत्री ने संसद में प्रवेश से पहले जिस तरीके से आपातकाल का पुण्य स्मरण किया है उससे जाहिर है कि न उनके सिर से कांग्रेस का भूत अभी उतरा है और न उनका देश को कांग्रेस विहीन करने का लक्ष्य ही बदला है। मोदी जी लंगड़ी-लूली सरकार के जरिये भी अपने पुराने लक्ष्य को हासिल करने के लिए वो सब करेंगे जो उन्होंने अपनी पिछली सरकारों में किया था। विपक्ष लाख संविधान की प्रतियां लहराए वो नयी सरकार के बढ़ते हुए कदमों को शायद नहीं रोक पायेगा। विपक्ष की ताकत का अंदाजा लोकसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में ही हो जाएगा।


नए जनादेश में सब कुछ स्पष्ट है। विपक्ष को विपक्ष की भूमिका में तब तक रहना है जब तक कि नए आम चुनाव नहीं हो जाते । कायदे से चुनाव पांच साल बाद होना चाहिए लेकिन मौजूदा सूरतेहाल में ये चुनाव कभी भी हो सकते हैं। मेरा अनुभव कहता है कि देश में नए चुनाव समय से पहले करने का फैसला विपक्ष नहीं, बल्कि मौजूदा सरकार ही करेगी। मौजूदा सरकार अगले कुछ ही महीनों में अपनी खोई हुई ताकत वापस हासिल करने के लिए शीघ्र ही आपरेशन लोटस की तर्ज पर कोई नया आपरेशन शुरू कर सकती है। नयी खिचड़ी सरकार के सामने कल भी कांग्रेस और विपक्ष निशाने पर था और आज भी है। सरकार सदन में अपने समर्थकों की मौजूदा संख्या बढ़ाने के लिए वो सब नैतिक -अनैतिक कर सकती है जो अटल बिहारी बाजपेयी नहीं कर पाए थे। अटल जी ने सत्ता बचने के लिए चिमटे का सहारा लेने से इंकार कर दिया था ,लेकिन मोदी जी चिमटा क्या प्लास तक का इस्तेमाल करने से हिचकने वाले नहीं है।

चूंकि नयी संसद का श्री गणेश कहें या विस्मिल्लाह कहें ,कड़वाहट के साथ हो रहा है ,इसलिए मुझे लगता है कि अभी देश में अदावत की राजनीती का युग समाप्त होने वाला नहीं है। आने वाले दिनों में भी ईडी और सीबीआई विपक्ष के खिलाफ उसी तरह इस्तेमाल की जाएगी जिस तरह पहले की गयी है। नयी सरकार ने भले ही संविधान की शपथ लेकर देश सेवा का वादा किया है किन्तु संविधान के दायरे में रहकर भी वो विपक्ष को नुक्सान करने से हिचकेगी नहीं। दरसल अभी मधु का छत्ता भाजपा के पास है । विपक्ष के पास जो छत्ता है उसका मधु निकाला जा चुका है या उसमें मधु भरने में अभी समय लगेगा। ऐसे में विपक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी एकता को बनाये रखने की है। सत्ता की चाशनी में विपक्ष की कोई भी मख्खी छलांग लगा सकती है।

देश के नए विपक्ष को नहीं भूलना चाहिए कि देश की तमाम संवैधानिक संस्थाओं पर अभी भी संघ के प्रचारक काबिज है। यहां तक कि न्यायपालिका भी इससे अछूती नहीं है। अनेक मामलों में आये अदालती फैसलों पर आप संघ प्रचारकों की सोच की छाप परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से पड़ती देख सकते हैं। आज भी पुरानी ईडी है जो अधीनस्थ न्यायलय से जमानत मिलने के बाद भी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से बाहर नहीं आने देने के लिए ऊपर की अदालत में खड़ी हुई है। आज भी झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को किसी भी अदालत ने जमानत नहीं दी है। जाहिर है कि देश में जितनी भी संस्थाएं न्याय न्याय का फैसला करतीं हैं वे अभी भी संघ और भाजपा केप्रभाव में हैं। इन्हें विपक्ष हटा नहीं सकता हाँ, इनकी मुश्कें बाँधने के लिए दबाब बना सकता है।

देश और दुनिया ने अतीत में देखा है कि पुरानी सरकार ने किस तरह से संसद को ध्वनिमत से चलाया था और विपक्ष को रत्ती भर भाव नहीं दिया था। कल को आज भी दोहराया जा सकता है। संसद को आज भी ध्वनिमत से चलने की जुर्रत नयी सरकार कर सकती है।

# जनता ही क्रान्ति करती है



नीरज कृष्ण

**लोकतंत्र सामूहिक इच्छाशक्ति एवं साझा सत्ता के प्रमाण के रूप में सुदृढ़ रूप से स्थापित है। सत्ता के केंद्रीकरण पर आधारित अधिनायक व्यवस्थाओं के विपरीत, लोकतंत्र जनता के सशक्तीकरण द्वारा संचालित होता है**

लोहिया जीवंत, जाग्रत लोकतंत्र मेंसजग, सचेत,सक्रिय नागरिक की भूमिका कोअत्यंत महत्वपूर्ण मानते थेबह कहते थे-जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती।लोहिया के कथन को प्रतिनिधि वापसी केअधिकार की मांग के रूप में प्रतिध्वनितकिया।

मूल रूप से, लोकतंत्र शासन की वह प्रणाली है जहां सत्ता सीधे जनता के हाथों में अथवा निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से निहित होती है। यह संरचना इस बात को सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गई है कि सरकार बहुमत की इच्छा का प्रतिनिधित्व करे और साथ ही अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा भी करे। लोकतांत्रिक शासन का केंद्र बिंदु लोकप्रभुसत्ता का सिद्धांत है, जहां सरकार का अधिकार उसके लोगों की सहमति से निर्मित और बनाए रखा जाता है।

लोकतंत्र सामूहिक इच्छाशक्ति एवं साझा सत्ता के प्रमाण के रूप में सुदृढ़ रूप से स्थापित है। सत्ता के केंद्रीकरण पर आधारित अधिनायक व्यवस्थाओं के विपरीत, लोकतंत्र जनता के सशक्तीकरण द्वा-रा संचालित होता है। यह एक ऐसी प्रणाली है जहां प्रत्येक आवाज, चाहे वह कितनी भी मंद क्यों न हो, सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में योगदान देती है। यह उक्ति सर्वथा सत्य है कि लोकतंत्र में जनता ही क्रांति का स्त्रोत होती है - यह कथन इस गहन सत्य को रेखांकित करता है कि एक लोकतांत्रिक समाज में वास्तविक शक्ति उसके नागरिकों से ही निःसृत होती है।

अतः लोकतांत्रिक क्रांतियां केवल विद्यमान व्यवस्थाओं को उखाड़ फेंकने के बारे में नहीं होतीं, बल्कि सक्रिय भागीदारी के माध्यम से राजनीतिक परिदृश्य को पुनर्जीवित करने के बारे में होती हैं। यह भागीदारी मतदान, विरोध प्रदर्शन, सविनय अवज्ञा और नागरिक जुड़ाव के अन्य स्वरूपों को ग्रहण कर सकती है।


ये पाँच शब्द किसी भी देश के क्रान्तिकारियों के लिए मूलमंत्र हैं। इस मूल मंत्र को छोड़कर जो लोग सोचते हैं कि, जनता तो अन्धी भेड़ होती है, कोई वीर पुरुष ही क्रान्ति कर सकता है, वे लोग हीरोइज्म के शिकार होकर जाने अनजाने क्रान्ति को बदनाम करते हैं, और धीरे-धीरे खुद क्रान्ति से दूर होते जाते हैं।हीरोइज्म के शिकार लोग जनता को कमजोर समझते हैं। जब कि जनता अपने आप में इतनी ताकतवर होती है कि किसी भी बड़ी से बड़ी हुकूमत का तख्ता पलट सकती है।

इतिहास गवाह है जनता जब अपने पर आ गई तो एक करोड़ बयालिस लाख सैनिकों वाली विशाल फौज भी रूस के जारशाही हुकूमत की हिफाजत नहीं कर पाई। इतिहास ऐसे उदाहरणों से परिपूर्ण है जहां लोगों ने क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए लोकतंत्र की शक्ति का उपयोग किया है। अमेरिकी क्रांति (1775-1783) और फ्रांसीसी क्रांति (1789-1799) जनता के अत्याचार के विरुद्ध विद्रोह कर लोकतांत्रिक सिद्धांतों को स्थापित करने के सर्वोत्कृष्ट उदाहरण हैं। ये क्रांतियां स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित समाज की आकांक्षा रखने वाले आम नागरिकों के सामूहिक संकल्प से प्रेरित थीं।

20वीं शताब्दी में, संयुक्त राज्य अमेरिका में हुए नागरिक अधिकार आंदोलन ने यह रेखांकित किया कि किस प्रकार लोकतांत्रिक सिद्धांतों का इस्तेमाल व्यवस्थागत दमन को चुनौती देने के लिए किया जा सकता है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे नेताओं ने न्याय और समानता की मांग करने के लिए जनसमुदाय को संगठित किया, जिसके परिणामस्वरूप 1964 के नागरिक अधिकार अधिनियम और 1965 के मतदान अधिकार अधिनियम जैसे ऐतिहासिक विधायी परिवर्तन हुए।

72 लाख सैनिकों वाली चीन की च्यांग काई शेक की सरकार जनता के सामने नहीं टिक पाई। इसके अलावा क्यूबा, उत्तर कोरिया, वियतनाम, लाओस, कम्बोडिया, जिम्बाम्बे.. आदि दर्जनों देश इसके उदाहरण हैं। परिणामों पर न जाएं तो नेपाल और हाल ही में श्रीलंका में हुए उथल-पुथल को भी एक हद तक उदाहरण के तौर पर लिया जा सकता है।

समकालीन युग में, लोकतांत्रिक क्रांति की अवधारणा निरंतर विकास कर रही है। अरब स्प्रिंग (2010-2012) एक उल्लेखनीय उदाहरण है, जहाँ कई मध्य पूर्वी देशों के नागरिकों ने लोकतांत्रिक सुधारों की मांग



की, जिसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्तन हुए।ये आंदोलन मुख्य रूप से आम जनता द्वारा संचालित थे, जिन्होंने सोशल मीडिया जैसे आधुनिक उपकरणों का उपयोग असहमति को संगठित करने और सार्वजनिक तौर पर व्यक्त करने के लिए किया।

जनता ही क्रान्ति करती है। इस लाईन से विचलन होते ही कोई क्रान्तिकारी किस गड्ढे में गिर कर पूँजीपतियों या सामंतों की गोद में पहुँच जायेगा, इसका अंदाजा लगाना कठिन है।

1970 का दशक प्रारंभ से ही भारत के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक कठिनाइयों का काल था। देश को मुद्रास्फीति की तीव्र वृद्धि, व्यापक गरीबी और बेरोजगारी का सामना करना पड़ा। 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध भले ही बांग्लादेश के उदय का कारण बना, लेकिन इसने भारत की अर्थव्यवस्था पर भी दबाव डाला। 1973 के तेल संकट ने आर्थिक कठिनाइयों को और गहरा दिया, जिसके परिणामस्वरूप आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि हुई।

ये आर्थिक दबाव सामाजिक अशांति के लिए उर्वर भूमि तैयार कर गए। आम जनता, जो वित्तीय अस्थिरता से जूझ रही थी, अपने नेतृत्वकताओं की दक्षता और लागू की जा रही नीतियों पर सवाल उठाने लगी। राजनीतिक वर्ग के वादों और जनता के वास्तविक जीवनयापन के बीच की खाई लगातार चौड़ी होती गई, जिससे मोहभंग और आक्रोश बढ़ता गया।

जिन्हें जनता की अपार शक्ति पर भरोसा नहीं है, वे हीरोइज्म का शिकार होकर व्यक्ति पर भरोसा करके व्यक्तिवादी हो जाते हैं।किसी बहुसंख्यक जाति पर भरोसा करके उस जाति को रिझाने के चक्कर में फँस जाते हैं। इस तरह जाति पर भरोसा करके जातिवादी हो जाते हैं, या जाति समूहों पर भरोसा करके अगड़ावादी, पिछड़ावादी, दलित वादी हो जाते हैं, और जातियों के गठबंधन करने के चक्कर में पड़ जाते हैं।

या किसी महापुरुष या देवता पर भरोसा करके उसका अंधभक्त हो जाते हैं। या कानून पर भरोसा करके कानून वादी हो जाते हैं अथवा संविधान पर भरोसा करके संविधान वादी हो जाते हैं,या सम्प्रदाय पर भरोसा करके सम्प्रदायवादी हो जाते हैं, या संसद पर भरोसा करके संसदवादी हो जाते हैं, या हथियार पर भरोसा करके उग्रवादी, आतंकवादी हो जाते हैं, नस्ल पर भरोसा करके नस्लवादी हो जाते हैं, दलितों पर भरोसा किया तो दलित वादी हो जाते हैं, पूँजीपतियों एवं उनके नेताओं पर भरोसा किया तो पूँजीवादी हो जाते हैं। सिर्फ कैडरों पर भरोसा हो जाए तो भी उग्र कार्यवाहियों में फंस कर अपना नुकसान कर डालते हैं।

जनता ही क्रान्ति करती है। इस लाईन से विचलन होते ही कोई क्रान्तिकारी किस गड्ढे में गिर कर पूँजीपतियों या सामंतों की गोद में पहुँच जायेगा, इसका अंदाजा लगाना कठिन है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकलुभावन आंदोलनों का उदय इस बात का सूचक है कि स-रकार में लोगों की आवाज सुनी जाए, यह एक सतत अभिलाषा है। चाहे वह पारदर्शिता का आह्वान हो, भ्रष्टाचार विरोधी उपाय हों, या सामाजिक न्याय हो, ये आंदोलन लोकतांत्रिक ढाँचे के भीतर एक निरंतर क्रांति को दशाते हैं।

नागरिक जुड़ाव एक सुदृढ़ लोकतंत्र का प्राण है। इसमें वे तरीके शामिल हैं जिनसे नागरिक राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेते हैं, सार्वजनिक नीति को प्रभावित करते हैं और समुदाय में योगदान देते हैं। मतदान नागरिक जुड़ाव का सबसे प्रत्यक्ष रूप है, लेकिन यह निश्चित रूप से एकमात्र तरीका नहीं है। वकालत, सामुदायिक सेवा, सार्वजनिक परामर्श और जमीनी स्तर पर संगठित होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देने में शिक्षा की निर्णायक भूमिका होती है। सुसूचित जनता के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिक प्रभावी ढंग से भाग लेने की संभावना अधिक होती है। अतः, भविष्य की पीढ़ी के लगे हुए नागरिकों को विकसित करने के लिए नागरिक शिक्षा और आलोचनात्मक सोच कौशल को बढ़ावा देना आवश्यक है।

अपनी सकारात्मक विशेषताओं के बावजूद, लोकतंत्र अनेक चुनौतियों का सामना करता है। मतदाता उदासीनता, गलत सूचना और मताधिकार से वंचित होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर कर सकता है। हालाँकि, ये चुनौतियाँ पुनर्जीवन के अवसर भी प्रस्तुत करती हैं। जमीनी स्तर पर आंदोलन और नागरिक प्रौद्योगिकी नवाचार अधिक समावेशी और सहभागी लोकतंत्र के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।


जनता ही क्रान्ति करती है। इस लाइन पर भरोसा होते ही हम जाति, धर्म, पंथ, रंग, लिंग, नस्ल, भाषा, क्षेत्र के नाम पर होने वाले झगड़ों से ऊपर उठ जाते हैं। जनता ही क्रान्ति करती है। इस सच्चाई पर विस्वास होने से जाति, धर्म आदि समूहों की ताकत से विस्वास खत्म होता जाता है। तब किसी जाति विशेष को रिझाने, पटाने के लिए किसी महापुरुष का झूठा महिमामण्डन करने की जरूरत नहीं महसूस होती। जयभीम लाल सलाम बोलकर दलितों का भावनात्मक शोषण करने की जरूरत नहीं पड़ती। किसी धर्म विशेष के तुष्टीकरण के लिए कभी पूजा करने तिलक लगाने या टोपी लगाने, मुल्ला या मुल्ली कहलवाने, महन्त या महन्तिनी बनने का ढोंग करने की जरूरत नहीं पड़ती। जनता ही क्रान्ति करती है। इस लाइन पर भरोसा होते ही क्रान्तिकारी लोग जनता की ओर खिंचते चले जाते हैं, जनता से मिलने, जनता से सीखने, जो सीखा वहीं जनता को बताने की प्रक्रिया उनके व्यवहार में उतरने लगती है। और धीरे-धीरे एक समय आ जाता है जब जनता क्रान्तिकारी कार्यवाहियों के लिए तैयार हो जाती है। और शोषक वर्ग का तख्ता पलट देती है। क्रान्ति न तो कोई बदले की कार्यवाही है और ना ही कोई अपराध है, यह जनता का जन्मसिद्ध अधिकार है। परिस्थिति अनुकूल होने पर जनता अपने इस अधिकार का प्रयोग करती है। यह सामाजिक विकास के अवरोधों को हटा कर समाज को आगे ले जाने की अनिवार्य प्रक्रिया है।

एक लोकतंत्र में, जनता शासन की निष्क्रिय प्राप्तकर्ता नहीं होती, अपितु शासन प्रणाली में सक्रिय भागीदार और अपने राजनीतिक भविष्य की निमार्ता होती है। क्रांतियों को जन्म देने की जनशक्ति केवल ऐतिहासिक घटनाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह जुड़ाव, वकालत और निरंतर कार्रवाई की एक सतत प्रक्रिया है। इस भूमिका को समझने और अपनाने के द्वा-रा नागरिक यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि लोकतंत्र सकारात्मक बदलाव के लिए एक गतिशील और लचीला शक्ति के रूप में बना रहे।

लोकतंत्र में क्रांति एक सतत प्रक्रिया है, जो एक न्यायपूर्ण, समतावादी और जवाबदेह समाज के निर्माण के लिए प्रयासरत जनसामान्य की सामूहिक इच्छा से संचालित होती है। भविष्य की ओर दृष्टिपात करते हुए, हम में से प्रत्येक व्यक्ति पर यह दायित्व है कि वह इस निरंतर लोकतांत्रिक क्रांति में सक्रिय रूप से भाग ले, यह सुनिश्चित करते हुए कि जनता की शक्ति ही सुशासन की आधारशिला बनी रहे।

1970 के दशक में भारतीय लोकतंत्र में सत्ता के विरुद्ध जनता का रोष मात्र तात्कालिक आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों की प्रतिक्रिया नहीं था, अपितु यह एक गहन जन-आंदोलन था जिसने राष्ट्र के लोकतांत्रिक लोकाचार को पुनर्निर्मित किया। इस अवधि की विरासत भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की सतत जीवंतता और उसके नागरिकों की लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति अविचल प्रतिबद्धता में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। 1970 के दशक ने भारत को यह मूल्यवान सबक दिया कि लोकतंत्र न केवल समृद्धि के दौर में फलता-फूलता है बल्कि अपने शासन ढांचे को चुनौती देने और उसमें सुधार लाने के लिए अपने नागरिकों के लचीलेपन और दृढ़ संकल्प के माध्यम से भी संपन्न होता है।

# इंदिरा के तानाशाही सरकार के पतन का कारण बना आपातकाल



प्रो विवेकानंद तिवारी

आज से 49 साल पहले देश में आपातकाल घोषित कर दिया गया था, जिसे भारतीय राजनीति के इतिहास का काला अध्याय भी कहा जाता है. 25 जून 1975 की आधी रात को आपातकाल की घोषणा की गई, जो 21 मार्च 1977 तक लगी रही. उस दौरान तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार की सिफारिश पर भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन देश में आपातकाल की घोषणा की थी.

स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादस्पद काल था. आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए थे. इसे आजाद भारत का सबसे विवादास्पद दौर भी माना जाता है. वहीं अगले सुबह यानी 26 जून को समूचे देश ने रेडियो पर इंदिरा गांधी की आवाज में आपातकाल की घोषणा के बारे में सुना. आपातकाल के पीछे कई वजहें बताई जाती है, जिसमें सबसे अहम है 12 जून 1975 को इलाहबाद हाईकोर्ट की ओर से इंदिरा गांधी के खिलाफ दिया गया फैसला.

कहा जाता है कि आपातकाल की नींव 12 जून 1975 को ही रख दी गई थी. इस दिन इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को रायबरेली के चुनाव अभियान में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने का दोषी पाया था और उनके चुनाव को खारिज कर दिया था. इतना ही नहीं, इंदिरा पर छह साल तक चुनाव लड़ने पर और किसी भी तरह के पद संभालने पर रोक भी लगा दी गई थी.

राज नारायण ने 1971 में रायबरेली में इंदिरा गांधी के हाथों हारने के बाद मामला दाखिल कराया था.

जस्टिस जगमोहनलाल सिन्हा ने यह फैसला सुनाया था. हालांकि 24 जून,1975 को सुप्रीम कोर्ट ने आदे-श बरकरार रखा, लेकिन इंदिरा को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बने रहने की इजाजत दी. एक दिन बाद जयप्रकाश नारायण ने इंदिरा के इस्तीफा देने तक देश भर में रोज प्रदर्शन करने का आह्वाहन किया. देश भर में हड़तालें चल रही थीं. जय प्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई सहित कुछ नेताओं के नेतृत्व में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था.

इंदिरा आसानी से सिंहासन खाली करने के मूड में नहीं थीं. संजय गांधी कतई नहीं चाहते थे कि उनकी मां के हाथ से सत्ता जाए. उधर विपक्ष सरकार पर लगातार दबाव बना रहा था. नतीजा ये हुआ कि इंदिरा ने 25 जून की रात देश में आपातकाल लागू करने का फैसला लिया. आधी रात इंदिरा ने तत्कालीन राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद से आपाताकाल के फैसले पर दस्तखत करवा लिया.

ह्लराष्ट्रपति ने आपातकाल की घोषणा कर दी है। इसमें घबराने की कोई बात नहीं है। मुझे यकीन है कि आप सभी उस गहरी और व्यापक साजिश से वाकिफ हैं, जो तब से चल रही है जब से मैंने भारत में आम आदमी और औरत के लिए कुछ प्रगतिशील लाभ के उपाय शुरू किए हैं।ह्व ऑल इंडिया रेडियो पर इन शब्दों की घोषणा के साथ, प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने 1975 में आपातकाल के ऐतिहासिक क्षण की घोषणा की। स्वतंत्रता के बाद के भारतीय इतिहास के सबसे काले दौर में से एक के रूप में पीछे मुड़कर देखने पर, आपातकाल की दो साल लंबी अवधि शायद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिक विकास में सबसे महत्वपूर्ण प्रकरण भी थी ।

आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी ने खुद को हुक्मनामा चलाने की शक्ति दे दी थी। उन्होंने पार्टी के कुछ करीबी सदस्यों और अपने छोटे बेटे संजय गांधी से सलाह-मशविरा करके फैसले लिए।

आपातकाल के दौरान, संजय गांधी ने एक राजनेता के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त की, उन्होंने अपनी माँ को सभी मोर्चों पर सलाह दी। संजय गांधी ने वरिष्ठ विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी और उसके बाद 1977 में हुए आम चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

21 मार्च 1977 को इंदिरा गांधी ने आपातकाल हटा लिया और आम चुनावों की घोषणा की। कांग्रेस पार्टी सत्ता से बाहर हो गई और मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला। मोरा-रजी देसाई भारत के पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री बने।

आपातकाल के दौरान सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए गए थे, जिसमें बिना किसी आरोप के लोगों को हिरासत में लेना, बंदियों और राजनीतिक कैदियों को प्रताड़ित करना और बड़े पैमाने पर और अवैध तरीके से कानून बनाना शामिल था। आंतरिक सुरक्षा अधिनियम (मीसा) का बहुत दुरुपयोग किया गया। लालू प्रसाद यादव ने अपने पहले बच्चे का नाम इस बेहद बदनाम कानून के नाम पर मीसा रखा। 1977 में नव-निर्वाचित जनता पार्टी सरकार ने मीसा को निरस्त कर दिया।

भारतीय इतिहास के इस काले दौर में जबरन नसबंदी और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को नई दिल्ली से बाहर निकालने के लिए उन्हें काफी बदनामी मिली थी।

आपातकाल के दौरान, संजय गांधी अपने कट्टर वफादारों के एक समूह पर निर्भर थे, जिनमें कमल नाथ और अंबिका सोनी शामिल थे।

आपातकाल में जय प्रकाश नारायण की अगुवाई में पूरा विपक्ष एकजुट हो गया. पूरे देश में इंदिरा के खिलाफ आंदोलन छिड़ गया. सरकारी मशीनरी विपक्ष के आंदोलन को कुचलने में लग गई थी. अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, मुलायम सिंह यादव समेत विपक्ष के तमाम नेता जेल में ठूंस दिए गए. संजय गांधी की मनमानियां सीमा पार कर गई थीं. उनके इशारे पर न जाने कितने पुरुषों की जबरन नसबंदी करवा दी गई थी.

सरकार ने पूरे देश को एक बड़े जेलखाना में बदल दिया गया था.

1977 के चुनाव में कांग्रेस बु-री तरह हारी. इंदिरा खुद रायबरेली से चुनाव हार गईं और कांग्रेस 153 सीटों पर सिमट गई. 23 मार्च 1977 को इक्यासी वर्ष की उम्र में मोरार जी देसाई प्रधानमंत्री बने. ये आजादी के तीस साल बाद बनी पहली गैर कांग्रेसी सरकार थी.

आपातकाल के दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया था. इमरजेंसी में जीने तक का हक छीन लेने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने भी 2011 में अपनी गलती मानी थी. सुप्रीम कोर्ट ने 2 जनवरी, 2011 को यह स्वीकार किया कि देश में आपातकाल के दौरान इस कोर्ट से भी नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ था.

# बेरमो विधायक ने योजनाओं का किया शिलान्यास व प्रखंड में साइकिल वितरण किया

## ● धरातल पर विकास की योजना लाना ही मेरी प्राथमिकता है : विधायक

उज्जवल दुनिया



जैनामोड़ : जरीडीह प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विकास की योजनाओं का शिलान्यास बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह ( अनुप सिंह ) के द्वारा नारियल फोड़कर किया गया । इसके पूर्व विधायक आराजू पंचायत निवासी सादिक अंसारी के पुत्र और पुत्री के निकाह कार्यक्रम में शामिल हुए । सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जात-पात, उच्च - नीच , बड़ा - छोटा की राजनीति पर विश्वास नहीं करती है । यह संगठन, कार्यकताओं और क्षेत्रों की विकास शीलता पर विश्वास करती है ।

धरातल पर विकास की योजनाओं को लाना मेरी प्राथमिकता होगी । जरीडीह प्रखंड अंतर्गत कल्याण विभाग से चिलगडडा पंचायत के ईदगाह में शेड मरम्मती , कब्रिस्तान का सुंदरीकरण , दिलखुश अंसारी के नेतृत्व में किया जायेगा । कल्याण विभाग द्वारा गायछंदा पंचायत के पाथुरीया टोला स्थित कब्रिस्तान का सुंदरीकरण वकील अंसारी के नेतृत्व में किया जायेगा । आरालडीह पंचायत टोला जगासुर स्थित कब्रिस्तान का सुंदरीकरण जैनूल अंसारी के नेतृत्व में किया जायेगा । बांधडीह दक्षिणी पंचायत स्थित नाई टोला में मंशा मंदिर के सामने शेड निर्माण , बांधडीह दक्षिणी पंचायत स्थित कब्रिस्तान का सुंदरीकरण सादिक अंसारी के निगरानी में किया जायेगा । तांतरी उतरी पंचायत के सीधाटांड़ स्थित द्रोपदी मूर्मू के घर से डीबू मांझी के घर तक पीसीसी पर का शिलान्यास किया गया ।

कल्याण विभाग झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजना के तहत 318 आंठवां वर्ग के छात्राओं के बीच बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह ,जरीडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो , जरीडीह अंचल अधिकारी प्रणव रितुराज , विधायक निजी सचिव बिनोद कुमार महतो , राजेश कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रुप से साईकिल का वितरण किया गया ।

अमर कुमार मिश्रा , रितेश कुमार मिश्रा , अप्पू दुवे , देवनारायण ओझा , उप मुखिया चिलगडडा मंजू देवी , असरफ अली , मुस्लिम अंसारी , हविव अंसारी ,दीपिका पांडेय , विजय प्रकाश , सुनीता टुडू , प्रमुख देवनारायण भगत , पंकज मरांडी , राजू तिवारी ,उप प्रमुख सिथोनी मूर्मू आदि उपस्थित थे.


# डीवीसी ने पंचेत डैम पर रियल टाइम डेटा अधिग्रहण प्रणाली को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया






एग्यारकुंड। डीवीसी ने राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना के तहत 83 टेलीमेट्री साईट्स पर रियल टाइम डेटा अधिग्रहण प्रणाली (आरटीडीएक्स) लगाया है। इस प्रणाली को लेकर डीवीसी ने पंचेत डैम में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में वरीय प्रबंधक (सिविल) सूरज कुमार ने आरटीडीएक्स मशीन और एडब्ल्यूएलआर, एएनएस एवं एआरजी के कार्य सिद्धांत के संबंध में विस्तार से लोगों को बताया। उन्होंने बताया कि ये मशीनें मौसम के बारे में तापमान, वर्षा, जलस्तर, वाष्पीकरण, आर्द्रता, सौर विकिरण, वायु गति, दिशा आदि को सही समय पर सही जानकारी देते हैं। कहा कि ये मशीनें या प्रणालियां राष्ट्रीय सम्पति है और इन्हें सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। इनसे छेड़छाड़ नहीं करना चाहिए। मौके पर डीवीसी पचेत परियोजना प्रमुख आर आर शर्मा,डीजीएम मानिक पाण्डेय, वरीय प्रबंधक नागसुधा कुमारी, आलोक बनर्जी, निलेश एक्का, केदारनाथ दत्ता सहित दर्जनों डीवीसी कर्मी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# राजकीयकृत मध्य विद्यालय राधानगर में भीषण जल संकट



महुदा, राजकीयकृत मध्य विद्यालय राधानगर में लगे दो चापाकल में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण भीषण जल संकट उत्पन्न हो गया है ।विद्यालय प्रबंधन जार में पानी खरीद कर किसी तरह मध्यान्ह भोजन तथा अन्य आवश्यकता पूरी कर रहे हैं। मंगलवार को भीषण जल संकट के बीच बच्चों को 12:00 बजे छुट्टी दे दिया गया हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार लाला ने बताया कि 180 फीट नीचे लगे सबमर्सिबल पंप से भी पानी नहीं आ रहा है संभवत डीप बोरिंग करने से पानी की समस्या का हल हो सकता है ।मामले की सूचना प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को दे दी गई है। इधर पदुगोडा पंचायत के मुखिया महेश कुमार पटवारी ने तत्काल टैंकर के द्वारा पानी उपलब्ध कराकर बच्चों का मध्यान्ह भोजन कराया गया । विद्यालय में दो 250 के आसपास छात्र हैं। वही
सिंगडा पंचायत आधा दर्जन जल मीनार लगाया गया है लेकिन किसी में पानी नहीं निकल रहा है, गांव चरकीटांड उप मुखिया के घर के समीप खराब पड़े हैं हैंड पंप, इस सोलर पंप से नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को घर से पानी लेकर आना है मजबूरी। इस सोलर पंप को कोई देखने वाला नहीं है। इस तरह से कई सोलर पंप पंचायत में हाथी के दांत के तरह खड़ा है। कोई प्रतिनिधि शुद्ध लेने वाले नहीं।

# हूल दिवस के शुभ अवसर पर बाइक महा रैली निकालने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया

टुंडी : पूर्वी टुंडी में मंगलवार को सोरोश चिरगल संथाल समाज के सदस्यों द्वारा पूर्वी टुंडी के लगभग सभी पांचायतो के विभिन्न गांवों मे भ्रमण कर आगामी 30 जून को हूल दिवस के शुभ अवसर पर बाइक महा रैली निकालने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया । 30 जून को प्रत्येक वर्ष की भांति हूल दिवस में बाईक महारैली निकालकर सिद्धू कानहू, चाँद भैरव के संकल्पों का प्रचार प्रसार किया जाएगा । बाईक महारैली में 30 जून को पूर्वी टुंडी के सभी पंचायत से शहरपुरा मोड़ में एकत्रित होकर रैली निकाला जाएगा वहाँ से दक्षिणी टुंडी के दुगार्डीह शहीद आश्रम से एक साथ होकर टुंडी थाना मोड़, कोलहर, मनियाडीह, मछियारा होकर बालिका बिहार में सिद्धू कानहू को माल्यार्पण कर सम्पन्न होगा । इसको लेकर गांव गांव जा कर लोगो से जनसंपर्क करके बाइक माहा रैली में साथ सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया गया ।

# टुंडी के प्रतापपुर / चरकमोड़ में श्री श्री 108 शत चंडी महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण किया गया




टुंडी : मंगलवार को टुंडी प्रखंड के कोलहर पंचायत अंतर्गत प्रतापपुर / चरकमोड़ में आगामी 29 जून से 05 जुलाई तक श्री श्री 108 शत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा । इस यज्ञ का आयोजन विगत कई वर्षों से होता आ रहा है। आगामी 29 जून को कलश यात्रा के साथ इस यज्ञ का शुभारम्भ होगा तथा 05 जुलाई को पूणाहुति की जाएगी । यज्ञ के संध्या बेला में 07:00 बजें से वृंदावन से प्रख्यात पंडित जी महाराज के द्वारा शिव पार्वती का कथा प्रवचन होगा तथा अंतिम दिन प्रखर प्रवचन कर्त्ता हेमन्त दुबे का कार्यक्रम तय किया गया है। यज्ञ पूणाहुति के पश्चात आगंतुक अतिथियों के लिए अंतिम दिवस पर भंडारे का आयोजन किया गया है। इस यज्ञ का संचालन यज्ञ समिति के अध्यक्ष पंडित श्री अनिल पाण्डेय तथा रितेश पाण्डेय द्वारा किया जा रहा है। यज्ञ के आचार्य पंडित श्री सुबोध पाण्डेय ,यज्ञाचार्य श्री प्रकाश पाण्डेय तथा यजमान के रूप में विजय कुमार पाण्डेय का चयन किया गया है । यज्ञ प्रारम्भ होने से पूर्व पारंपरिक विधि - विधान से मंगलवार को विधि विधान के साथ ध्वजारोहण किया गया । युवा वर्ग तन मन धन से यज्ञ को सफल करने में जुट गए हैं । ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से भागीरथ पांडे, राजा पांडे, श्रीकांत पांडे, श्रीपति पांडे, दीपक पांडे, मंटू पण्डा, पप्पू पण्डा, टिन्कू रजवार, गोदो रजवार, नीरज मंडल आदि सम्मिलित हुए।

# निरसा सीएससी निरीक्षण करने हजारीबाग प्रभारी मलेरिया पदाधिकारी डॉ श्याम किशोर कांत अपनी टीम के साथ पहुंचे

निरसा। मलेरिया और फलेरिया जांच को लेकर उतरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग प्रभारी मलेरिया पदाधिकारी डॉ श्याम किशोर कांत अपनी टीम के साथ जांच करने निरसा सीएससी पहुंचे इस दौरान उन्होंने काफी अनिमिता अस्पताल में पाया उनके साथ डीआरसीएचओ रोहित गौतम उदय शंकर सज्जाद कलाम और महेंद्र पाल थे जांच के बाद प्रेस वार्ता करते हुए श्रीकांत ने बताया कि यहां मरीजों की गलत रिपोटिंग की गई है खाली रजिस्टर में ही जांच होता है जबकि हकीकत कुछ और है एक भी गर्भवती महिला को जांच नहीं किया जाता है इसके अलावा फलेरिया मलेरिया बीमारी से बचने के लिए जो भी लोग अस्पताल आते हैं उसकी भी जांच नहीं की जाती है दवा भी उपलब्ध नहीं है पूछताछ के क्रम में कर्मचारी सही से जवाब नहीं दे पा रहे है ब्लड जांच मशीन भी खराब है पर अभी तक किसी ने इसकी रिपोटिंग भी जिले में नहीं दी इससे यहां के कर्मचारियों के प्रति घोर लापरवाही कहीं जा सकती है उन्होंने कहा कि इसके अलावे कलियासोल और चिरकुंडा की भी सेटरो की जांच की जाएगी जो भी खामियां पाई गई उसे राज के वरीय पधिकारी को सूचित किया जाएगा और कर्मियों पर उचित कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

# बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने इस्पात राज्य मंत्री के समक्ष सेलकर्मियों के मुद्दों को उठाया



उज्जवल दुनिया

बोकारो : बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने इस्पात राज्य मंत्री भूपती राजु श्रीनिवास वर्मा के समक्ष सेल कर्मियो के मुद्दा को उठाया। बीएकेएस महासचिव दिलीप कुमार ने मुलाकात कर सेल कर्मियो की समस्याओ से अवगत कराया। दिलीप ने बताया कि मुलाकात का दौरान मंत्री ने कई मुद्दो पर आश्चर्य व्यक्त किए कि इतना गलत सेल मे कैसे हो रहा है ? अपनी डायरी पर उसको नोट भी किया है तथा अगली बार पुरी टीम लेकर आने का आमंत्रण भी दिया है । बीएकेएस महासचिव ने इस्पात राज्य मंत्री के समक्ष सेल कर्मियो का कई मूद्दो को रखा जिसमे कुछ प्रमुख मुद्दो मे से वेज रीविजन का एमओए जल्द करने, बाकि महारत्ना कंपनियो जैसा एमजीबी तथा पर्क्स एरियर का साथ देने ,
एनजेसीएस मे सिर्फ निर्वाचित नेताओ को ही जगह देने,सेल मे प्रत्येक ग्रेड तथा कलस्टर का अलग अलग पदनाम देने , गैर वैधानिक लाभो को शुरू करने ,सेल की सभी छोटी बड़ी युनिटो मे चुनाव कराने , स्थांतरित कर्मचारियो को बोकारो स्टील प्लांट मे वापस करने जैसा गंभीर मुद्दो को उठाया।

इधर दिलीप ने बयान जारी करते हुए कहा कि इस्पात राज्य मंत्री काफी उजार्वान है ।
उन्होने सेल की रीयल कहानी रखने पर यूनियन का आभार जताया है । जल्द ही सभी यूनिटो की बीएकेएस टीम इस्पात मंत्री तथा इस्पात राज्य मंत्री से मिलकर सेल कर्मियो का मुद्दा को हल कराने का प्रयास करेगी.

# टुंडी प्रखण्ड परिसर में एक दिवसीय भ्रष्टाचार एवं अफसरशाही के विरुद्ध धरना एवं प्रदर्शन किया गया

टुंडी : सोमवार को टुंडी प्रखण्ड परिसर में एक दिवसीय भ्रष्टाचार एवं अफसरशाही के विरुद्ध धरना एवं प्रदर्शन किया गया । धरना एवं प्रदर्शन कार्यक्रम में हजारों - हजार की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष ने हिस्सा लिया, जिसका नेतृत्व मनियाडीह के पूर्व मुखिया विदेश दाँ ने किया । विदेश दाँ ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की अधिकारी और कर्मचारी आयें दिन हर छोटे-छोटे कार्यों के लिए तकनीकी बहाना बनाकर क्षेत्र के जनता को परेशान किया करते हैं, और यह सारा खेल केवल मुद्रा मोचन हेतु किया जाता हैं । यहां तक की वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन के लिए भी बगैर राशि लिए कार्य नहीं करते हैं । साथ ही श्री दाँ ने कहा की अब तक कुछ अधिकारी एवं छुटभैय्ए वैसे नेतागण जिनका टुंडी विधानसभा से को लेना-देना नहीं हैं वे सभी चारागाह के रूप में इस विधानसभा को अब तक देखते रहें हैं , उन्होंने शख्त और चेतावनी भरें लहजे में कहा अब उनकी यह मनमानी नहीं चलेगी । उन्होंने सभा में सम्बोधन के क्रम में अपना निजी दुर्भाष नम्बर लिखवाया और कहा यदि कोई अधिकारी कार्य करने में आनाकानी करता हैं ,और प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप राशि की मांग करता हैं तों मेरे फोन नम्बर पर सम्पर्क करें, मैं समाधान करने का अथक प्रयास करूंगा ।
धरना कार्यक्रम में उपस्थित हुए जेबीकेएसएस पार्टी के धनबाद लोकसभा से रह चुके प्रत्याशी एकलाख अंसारी ने कहा भ्रष्ट पदाधिकारी नहीं चेते तों होगा जोरदार प्रदर्शन । कार्यक्रम का संचालन रोहित रंजन सिंह ने किया । धरना एवं प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से विदेश दाँ, छोटू अंसारी, रहीम अंसारी, गंगाधर सिंह, चिन्तामणी दे, पूरण दाँ, मदन दत्ता, परेस सेन एवं छोटू रक्षित इत्यादि के अलावा हजारों - हजार की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष अन्तिम क्षण तक डटे रहें ।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डीपीएस बोकारो ने फिर लहराया अपनी शैक्षणिक गरिमा का परचम

- नॉर्वे की संसद में मिला इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड, प्राचार्य डॉ. गंगवार ने किया ग्रहण
- भारत-नॉर्वे शिक्षा शिखर सम्मेलन के दौरान परिवर्तनकारी उत्कृष्टता के लिए झारखंड से अकेले पाया यह सम्मान

उज्जवल दुनिया



बोकारो : श्रीलंका, मॉरीशस, दुबई, बांग्लादेश, थाईलैंड सहित अन्य देशों के बाद दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शैक्षणिक गरिमा का परचम लहराया है। विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में विश्वस्तरीय नवाचार एवं मानवीय मूल्यों के साथ परिवर्तनकारी उत्कृष्टता के लिए नार्वें में सम्मानित किया गया है। ओस्लो स्थित नॉर्वे की संसद में आयोजित भारत-नॉर्वे अंतरराष्ट्रीय शिक्षा शिखर सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 2024 के दौरान विद्यालय को विश्व-प्रतिष्ठित ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

नॉर्वे किंगडम के सांसद एवं शिक्षा व शोध की स्थायी समिति के सदस्य हिमांशु गुलाटी ने बतौर मुख्य अतिथि आकेरशुस (नॉर्वे) के राज्यमंत्री ओले जैकब जोहान्सन तथा नॉर्वे किंगडम में भारत के राजदूत डॉ. अकीनो विमल की मौजूदगी में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार को यह सम्मान प्रदान किया। पूरे भारतवर्ष से 30 विद्यालयों को उक्त समारोह में सम्मानित किया गया। खास बात यह रही कि झारखंड से एकमात्र डीपीएस बोकारो ही यह सम्मान पानेवाला विद्यालय रहा। मंगलवार को प्रातःकालीन विशेष सभा में जैसे ही इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि की घोषणा हुई, पूरा विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।
विदित हो कि इसके पूर्व भी विभिन्न देशों में डीपीएस बोकारो को शिक्षा के क्षेत्र में नवोन्मेषता, उच्चस्तरीय गुणवत्ता, पर्यावरणहित संबंधी पहलों सहित अन्य श्रेणियों में विश्वमंच पर सम्मानित किया जा चुका है।
नॉर्वे में प्राप्त यह नवीनतम पुरस्कार गुणवत्तापूर्ण और भविष्योन्मुखी शिक्षा के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्राचार्य डॉ. गंगवार के नेतृत्व में विद्यालय निरंतर शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता के नए अध्याय जोड़ रहा है। नवीनतम उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्य डॉ. गंगवार ने इसके लिए सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि यह प्रतिष्ठित सम्मान उत्कृष्टता एवं नवोन्मेषता के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को और सशक्त करता है। विद्यालय विभिन्न प्रकार की पाठ्येतर गतिविधियों, खेल, कला-संस्कृति और चरित्र-निर्माण सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को लेकर सतत प्रयत्नशील है। इस प्रकार की उपलब्धियां इन्हीं प्रयासों का परिणाम हैं। यह सम्मान हमें आगे और भी बेहतरी के साथ काम करने की प्रेरणा देता है, जिससे कि हम सभी मिलकर अपनी शैक्षणिक गरिमा को ऐसे ही बढ़ाते हुए समृद्ध समाज व राष्ट्र-निर्माण में सशक्त भूमिका निभा सकें.

# अपर नगर आयुक्त की पहल पर कई वार्डों को मिला पानी

उज्जवल दुनिया




बोकारो : चास नगर निगम क्षेत्र में भीषण गर्मी को देखते हुए एक तरफ जहां जलस्तर काफी नीचे चले जाने और कुछ वार्ड में जो अभी तक चास वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से पानी का पाइप लाइन का काम नही हुवा है। वहाँ के कॉलोनी वाशियों को अपर नगर आयुक्त सौरव भुवानियां एवं प्रियंका कुमारी एवं मुक्ति कीरो सहायक नगर आयुक्त के निगरानी में जहां जलापूर्ति की समस्या थी।
वहां टैंकर के माध्यम से आम जनों के बीच जलापूर्ति की जा रही है ।वहीं जलापूर्ति को लेकर अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया स्वयं क्षेत्र में पेयजलापूर्ति की व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। वहीँ इस विषय पर अपर नगर आयुक्त ने बताया कि हमारे टीम ने चास नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में आसन्न गर्मी को देखते हुए जलापूर्ति समस्या एवं पाईप लाईन मरम्मति, चापाकल मरम्मति, डीप बोरिंग, मरम्मती एवं आपातकाल टैंकर आपूर्ति के लिए टीम गठित कर कार्य किया गया,एवं प्रत्येक दिन जिस कॉलोनी से पानी की समस्या की सूचना मिली उस कॉलोनी में तत्काल टैंकर के माध्यम से पानी पहुँचाया गया ।
प्रत्येक दिन लगभग 15 से 20 टैंकर की जलापूर्ति की जा रही है,जैसे भर्रा कॉलोनी ,कैलाश नगर, कमलडीह,चीरा चास, सुल्तान नगर,अंसारी मुहल्ला, जेवियर कॉलोनी, सदर बाजार,रामनगर कॉलोनी, बभनिया गली,स्वर्णकार मुहल्ला,यदुवंश नगर, पिनरगड़िया, वाशुन्धरा कॉलोनी, शिवशक्ति कॉलोनी, नान्दुस्थान कॉलोनी आदि जगहों पर लगातार निगरानी करके टैंकर पहुचाया जा रहा है ।वहीं इस गर्मी में पानी की किल्लत से राहत पहुचाने के लिए कॉलोनी वशियों ने चास नगर निगम के इस कार्य की सराहना की.

# थापरनगर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं व द्रुतगामी ट्रेनों के ठहराव सहित सात सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा स्टेशन पर एक दिवशीय धरना

एग्यारकुंड/निरसा। मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष उमेश गोस्वामी के नेतृत्व में आसनसोल मंडल के थापरनगर स्टेशन पर यात्रि सुविधा एवं द्रुतगामी ट्रेनों के ठहराव को लेकर एक दिवशीय धरना दिया गया। धरना दो घण्टे तक चला ततपश्चात आसनसोल मंडल रेल प्रबंधक के नाम थापरनगर स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौपा गया।
धरनास्थल पर राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने कहा कि स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का घोर अभाव है। बिजली,पानी,सड़क, शौचालय की समुचित व्यवस्था नही है। इतना ही नही अप एंड डाउन प्लेटफॉर्म आमने सामने नही है। दोनों प्लेटफॉर्म दो छोर पर हैं ।अप प्लेटफॉर्म पूरब दिशा में है तो दूसरा डाउन प्लेटफॉर्म पश्चिम दिशा में ।आने जाने का रास्ता रेलवे ट्रैक से है ।लोग जान जोखिम में डाल एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाते हैं। उन्होंने कहा कि थापरनगर स्टेशन 14 कोलियरी,स्कूल कॉलेज,पालीटेक्निक, पुलिस थाना व ओपी,तीन तीन प्रखण्ड एवं मैथन थर्मल पावर ,एवं दामोदर वेली कॉर्पोरेशन,बैंकों के अलावा छोटे बड़े कल कारखाने से घिरा हुआ है। यंहा बिहार,झारखण्ड,उत्तरप्रदेस,पंजाब, दिल्ली के लोग ब्यवसाय से जुड़े हैं , बहुत लोग नोकरी पैसे में हैं ।आने जाने के लिये स्टेशन पर दूरगामी ट्रेनों का ठहराव नही है। द्रुतगामी ट्रेनों को पकड़ने के लिये यंहा के लोंगों को 30 किलो मीटर पूरब आसनसोल या 30 किलो मीटर पश्चिम धनबाद जाना पड़ता है। मानसिक व आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है।

# सरकार पानी के लिए पानी की तरहा बहा रही हैं पैसा , फिर भी ग्रामीणों को पदाधिकारियो के उदासीनता के कारण नहीं मिल रहा हैं पानी

नितेश ओम तिवारी / सुजीत कुमार



चंदनकियारी : इन दिनों चिलचिलाती धूप एवं गर्मी लोग परेशान हैं। चंदनकियारी में गर्मी के दस्तक देने के साथ ही पेयजल की समस्या से लोग चिंतित हैं। परंतु विभाग द्वारा इस समस्या से निजात हेतु किसी प्रकार का पूर्वाभ्यास नहीं किया हैं। जिसकारण समस्या जस का तस हैं। हालांकि कागज कलम में आज भी विभाग के बाबुओं के फाइल में चंदनकियारी में पेयजल की समस्या नही हैं। तीन बड़े जलापूर्ति योजना एवं दर्जनों लघु जलापूर्ति योजना बनी शोभा की वस्तु :- चंदनकियारी प्रखंड मुख्यालय स्थित गुवाई नदी, सिलफोर तथा भोजूडीह में तीन बड़े जलापूर्ति योजना समेत पंचायत स्तर में भी कई गांवों में लघु जलापूर्ति योजना का निर्माण पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से किया गया है। सरकार करोड़ो रुपए खर्च करने के वावजूद इन योजनाओं से जनता को किसी प्रकार का फायदा नहीं हैं। इसके अलावा सरकार की ओर से हर पंचायत में मुखियाओं द्वारा सोलर जलापूर्ती योजना लगाया गया है। एक पंचायत में औसतन लगभग पांच जलापूर्ति योजना हैं। जो गांव की शोभा बढ़ा रही हैं।

जनहित के लिए नहीं बन रही योजनाएं, ठेकेदारी प्रथा के लिए हो रही हैं काम :- चंदनकियारी प्रखंड में योजनाओं के निर्माण जनहित के लिए नहीं। बल्कि ठेकेदारी प्रथा कायम रहने के लिए किया जाता हैं। यही कारण हैं कि सरकारी राशि का करोड़ो करोड़ो रुपए जनता को पानी की सुलभता के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जाता हैं। लेकिन जनता को पानी नसीब नहीं होता। ऐसा ही कई मामले देखने को मिल रहा हैं चंदनकियारी में। बीते साल चंदनकियारी के लोगो को सुलभ तरीके से पेयजल आपूर्ति के लिए लाखों खर्च किया गया है। फिर भी गर्मी आते ही वहीं पुरानी कहानी शुरू हो जाती हैं। वर्तमान में नदी सूखने के बहाना लोगो के सामने बताया जा रहा हैं। ग्रामीण कैलाशपति झा, मनोज भगत, स्वपन भगत, गणेश पाल आदि ने पेयजल की स्थायी समाधान का मांग किया हैं। ताकि गर्मी में भी लोगो को पेयजल मिल सकें।

## चंदनकियारी में खरीदकर पानी पीने के लिए हैं मजबूर हैं लोग

चंदनकियारी प्रखंड मुख्यालय स्थित गुवाई नदी मे वित्तीय वर्ष 2010- 11 में लगभग तीन करोड़ रुपये खर्च कर इंटेक वेल समेत विशालकाय जलमीनार का निर्माण किया गया। जहां चंदनकियारी पूर्वी एवं पश्चिमी पंचायत के लगभग बीस हजार आबादी को नियमित पानी मिल रहा था।

कुछ साल छिटपुट पानी की आपूर्ति होने के बाद 2018 के बाद विभागीय अधिकारियों के उदासीनता के कारण पूर्ण रूप से जलापूर्ति ठप हो चुका हैं। जिसकारण चंदनकियारी के लोगो को खरीदकर पानी पीने के लिए मजबूर हैं। यहां के लोगो प्रतिदिन लगभग बीस हजार लीटर पानी खरीदकर पीने के लिए मजबूर हैं। वहीं चंदनकियारी पुराण अस्पताल के समीप स्थित एक चापाकल पूरी तरह से लगभग तीन हजार आबादी निर्भर हैं।
वहीं सिलफोर में बने जलापूर्ति योजना से आजतक वहां के ग्रामीणों पानी नसीब नहीं हुआ। जबकि भोजूडीह जलापूर्ति योजना में वहां के ग्रामीणों के तत्परता के कारण पानी मिलता रहा। वो भी नियमित रूप से नहीं।

# 25 जून 1975 को लगाये गये आपातकाल के विरोध में भाजपा ने मनाया काला दिवस



गिरिडीह ।बगोदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत औरा मंडल जीटी रोड में 25 जून 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा लगाए गए आपातकाल के विरुद्ध में आज मौन जुलूस निकाल भाजपा ने काला दिवस मनाया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओ ने बाँह में काला पट्टी लगाया ।इस जुलूस में *मुख्य रूप से बगोदर पूर्व विधायक श्री नागेन्द्र महतो* मौजूद रहें ।वहीं पूर्व विधायक ने कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस के द्वारा आपातकाल लागू कर आम नागरिकों के मौलिक अधिकार को छीन लिया गया था ।प्रेस की स्वतंत्रता छीन ली गई और कांग्रेस के द्वारा देश में चुन गई सरकार को हटाया गया आपातकाल के दौरान लाखों लोगों को जेल में डाला गया इसमें कई लोग की मृत्यु भी हुई ।आज पूरे भारत में भाजपा काला दिवस के रूप में मना रहा है।

इस दौरान जिप सदस्य रीता प्रसाद, जिप सदस्य प्रतिनिधि माथुर प्रसाद, मुखिया महेश महतो,पूर्व जिप सदस्य जितेंद्र सिंह,जीबलाल महतो, राजेश पांडेय,प्रयाग महतो,जितेंद्र महतो,रघु कुमार सोनी, चानेश्वर साव, रोहित महतो,डालेश्वर महतो, बीरेंद्र मंडल,गंगाधर मंडल, सादिक अंसारी,मनोज प्रसाद, भुनेश्वर राम, गोवर्धन महतो, प्रसादी रविदास, विजय बर्नवाल, तालेश्वर महतो, मनोज मंडल, बासुदेव महतो, रोहित महतो, तुलसी महतो, छोटी मिस्त्री, बालदेव महतो, रियाज अंसारी, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

## जामतारा बायपास निवासी आजाद सिंह ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से किया मांग

डुमरीःजामतारा बायपास निवासी आजाद सिंह ने एक प्रेस बयान जारी कर स्थानीय पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि उसे पूर्व की भांति अपने परिवार के भरण पोषण हेतु वनांचल चौक के फुथपाथ/सरकारी भूमि में ठेला लगाने की अनुमति दी जाए क्योंकि जहां वह वर्षों से ठेला लगाते रहें हैं वहां एक दबंग व्यक्ति जीएम लैण्ड/सरकारी भूमि का कुछ फीट अतिक्रमण करके आलीशान प्रतिष्ठान बना लिया है और दबंगई पूर्वक मुझे ठेला लगाने से मना कर देता है जबकि मेरे और मेरे परिवार का भरण-पोषण एकमात्र साधन ठेला में फल बिक्री करना है। बताया कि वे सभी अधिकारियों के पास फरियाद कर चुके हैं लेकिन कहीं से इंसाफ नहीं मिला है।

## मुफस्सिल एवं टाउन थाना में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा दो वाटर कूलर लगाया गया



गिरिडीह ।भीषण गर्मी को देखते हुए मंगलवार को मुफस्सिल थाना एवं टाउन थाना में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा दो वाटर कूलर उपलब्ध कराया गया। इस बाबत अध्यक्ष राहुल बर्मन ने कहा की थाना परिसर में आने जाने वाले लोगों एवं थाना में कार्यरत कर्मचारियों के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा इस सुविधा का लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में सचिव विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल दास भदानी,कार्यकारी सदस्य राहुल कुमार, मसरूर सिद्धिकी, सदस्य संतोष गुप्ता,रंजित केशरी समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।

## गांवा प्रखंड अंतर्गत सेरूआ उच्च विद्यालय में मध्यान्ह भोजन को लेकर छात्रों में आक्रोश



गावां ।गांवा प्रखंड अंतर्गत सेरूवा उच्च विद्यालय में मध्यान्ह भोजन को लेकर भारी अनिमियतता बरती जा रही है, जहां एक और सरकार मध्यान भोजन को लेकर निरंतर चलाने का प्रयास कर रही है वहीं स्कूल के प्रधानाध्यापक एवम विद्यालय प्रबंधन समिति महीना दिन से मध्यान भोजन को बंद रखा है यहां के छात्राओं ने बताया कि बताया जाता है कि महीनो दिन से लगभग यहां मध्यान्ह भोजन नहीं बन रहे हैं और प्रधानाध्यापक से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रबंधन समिति सर्वो सर्वा होती है,लेकिन इस चीज पर ध्यान नहीं है।उन्होंने बताया कि अध्यक्ष एवं संयोजिका से बात हुई है लेकिन वह विद्यालय नहीं आ रहे हैं इसलिए मध्यान भोजन में बनने में थोड़ी कठिनाई हो रही है, वहीं छात्रों का आक्रोश है कि विद्यालय में ना कोई भी चीज का कोई सुविधा उपलब्ध है पीने का पानी यहां तक भी उपलब्ध नहीं है पंखा बिजली शौचालय आदि की व्यवस्था नहीं है और नवम वर्ग के छात्रों ने बताया कि नामांकन के फॉर्म में 5 के फॉर्म में 20 की वसूली की जा रही है।

## विकास कार्यों मे भारी अनिमियता को लेकर प्रखंड मुख्यालय सभागार में टास्क फोर्स सदस्यों के साथ एक बैठक

गावां ।गांवा प्रखंड अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय सभागार में टास्क फोर्स सदस्यों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गांवा प्रमुख ललिता देवी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे ।बैठक में विकास कार्यों मे भारी अनिमियता को लेकर,एवं राजस्व कर्मचारी एवं सी आई द्वारा छात्राओं को जाति, आय आवासीय बनने में कठिनाइयों का सामना, एवं बंद पड़े आंगनबाड़ी केंद्र सेविका पर जांच होनी चाहिए, प्रखंड में कई आंगनबाड़ी बंद है इसकी जांच होनी चाहिए पिछले जांच में बलथरवा अम्तरो , गदर, नगवां आदि आंगनबाड़ी केंद्र बन पाया गया जिस पर कार्रवाई होनी चाहिए। डीजल एवं मोटर चोरी के मामले में सवाल जवाब भी किया गया, बैठक में सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जितने भी कार्य चल रहे हैं वह सही ढंग एवं सही-सही देखरेख में हो सके एवं सभी पदाधिकारी को डांट फटकार भी लगाया गया। मौके पर उपस्थित गांवा बी डी महेंद्र रविदास, सी ओ अविनाश रंजन, बी पी ओ भीख देव पासवान, बी पी आर ओ संजय कुमार, अरविंद कुमार सिंह,विकाश कुमार, काफी संख्या में रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, जनसेवक, के एवं ब्लॉक कर्मी उपस्थित थे।

## यात्रियों की सेवार्थ सेवा कैंप लगाने और स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय

मधुबन( गिरिडीह ) श्री शिखरजी स्वच्छता समिति मधुबन की एक आवश्यक बैठक समिति कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष तेजनारायण महतो ने किया। बैठक में वर्ष 2023 - 24 का ऑडिटेड रिपोर्ट प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया ।वहीं गत वर्ष को भांति इस वर्ष भी आने वाले मोक्ष सप्तमी के दिन यात्रियों की सेवार्थ सेवा कैंप लगाने और स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया ।तथा बैठक मे जानकारी दिया गया की समिति के पदाधिकारियों को सांगली महाराष्ट्र में आयोजित एक सभा में आमंत्रित किया गया है ।जिसमे सभा में समिति के पदाधिकारीगण अपनी उपस्थिति देंगे।

# प्रखंड मुख्यालय गांवा में रक्तदान शिविर का आयोजन

## रक्तदान महादान में पुण्य का भागी बनेः बीडीओ

उज्जवल दुनिया




गावां । गिरिडीह रक्त अधिकोष में रक्त की कमी में नियमित रूप से रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय गांवा में मगंलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से गांवा प्रमुख ललिता देवी, उप प्रमुख नेहा कुमारी, गिरिडीह सिविल सर्जन पदाधिकारी, बी डी ओ महेन्द्र रविदास,सी ओ अविनाश रंजन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चंद्र मोहन कुमार, उपस्थित रहे,बतौर मुख्य अतिथि धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित रहे।

सभा को संबोधित करते हुए गांवा बी डी ओ महेन्द्र रविदास ने कहा कि गिरिडीह रक्त अधिकोष में रक्त की कमी एवं अधिकोष में नियमित रूप से रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यक्ति रक्तदान महादान में पुण्य का भागी बने, एवं रक्तदान ही सबसे बड़ा महादान है इसलिए सभी लोगों से आग्रह है कि इस रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भागीदारी बने, वही सी ओ अविनाश रंजन ने कहा कि यह सबसे बड़ी अहम भूमिका हम सभी को निभाना है । वहीं सिविल सर्जन गिरिडीह ने कहा कि रक्तदान महादान है जो की सभी लोगों को इसकी भूमिका निभानी चाहिए इसे स्वास्थ्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता इसमें बढ़ चढ़कर भागीदारी बने, रक्तदान एक महादान है जो की सभी लोगों को इस महादान में भाग लेना चाहिए, वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्र मोहन कुमार ने कहा कि हम सभी को मिलजुल कर रक्तदान करने में अहम भूमिका निभानी चाहिए जिससे हर किसी को रक्त की परेशानी से बचा जा सके ।

रक्तदान एक महादान है सबसे बड़ा पुण्य रक्त दान है, आज शिविर में चार लोगों का अपना रक्तदान मे अहम भूमिका निभाया है, प्रदीप चौधरी पिता सुरेश्वर चौधरी, गंगा कुमार राणा पिता बृजनंदन राणा, कुमार गौरव पिता सुग्रीव सिंह, केदार प्रसाद चौधरी पिता स्वर्गीय मौजी महथा, इन्होंने अपना रक्त शिविर में अहम भूमिका निभाई है। मौके पर उपस्थित गांवा मुखिया कनाहय कुमार, नागेश्वर यादव अखिलेश यादव गंगा राना, एवं ब्लॉक कर्मी एवं स्वास्थ्य कर्मी लोग उपस्थित रहें।

## आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने मनाया काला दिवस, किया सेमिनार का आयोजन

● आज संविधान की बात करने वाले कांग्रेस के तत्कालिन पीएम इंदिरा ने कुचला था संविधानः विरंची नारायण

उज्जवल दुनिया



गिरिडीह। तत्कालिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा लगाए आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को भाजपा ने काला दिवस के रूप मनाते हुए सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें बोकारो विधायक विरंची नारायण, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, भाजपा नेता सुरेश साहू, दिनेश यादव, नेता दिलीप वर्मा, चुन्नुकांत समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान नेताओं और कार्यकर्ता ने अपने बांह में काला पट्टी बांधकर आपातकाल का विरोध जताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोकारो विधायक सह सचेतक विरंची नारायण ने कहा कि इंदिरा सरकार ने 50 साल पहले जो आपातकाल लगाया था। उसकी टिस आज भी युवा महसूस करते हैं। उस वक्त देश के सभी विपक्षी नेताओं को जेल में बंद कर यातनाएं दी गई थी। कहा कि आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस आज संविधान की दुहाई दे रही है। जबकि कांग्रेस की इंदिरा गांधी ने ही आपातकाल लागू कर इसी संविधान को कुचला था। कहा कि पहले तो कांग्रेस नेताओ को देश से माफी मांगना चाहिए। जिसकी हिम्मत आज तक कांग्रेस नही जुटा पाई है।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, भाजपा नेता सुरेश साहू, दिनेश यादव, नेता दिलीप वर्मा, चुन्नुकांत समेत कई नेताओं ने संबोधित करते हुए अपने विचारों को व्यक्त किया। वहीं जिला महामंत्री संदीप डंगाईच ने कार्यक्रम का संचालन किया। सेमिनार में हरमिंदर सिंह बग्गा, प्रकाश सेठ, मोती लाल, देवमाथ राणा, शालिनी वैशखियार, प्रो0 विनिता, ज्योति शर्मा समेत कई नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

## 117 वे स्थापन दिवस के उपलक्ष में पंजाब एंड सिंध बैंक ने किया अपनी 1635वी शाखा का शुभारंभ



गिरिडीह : लोगो को बेहतर बैंकिंग सुविधाओं लाभ देने के लिए भारत की अग्रणी सरकारी बैंक , पंजाब एंड सिंध बैंक ने आज दिनांक 21 जून को अपनी 1635 वी शाखा की शुरूआत की। इस नई शाखा का उदघाटन श्री दीपक कुमार दुबे, उप विकास आयुक्त गिरिडीह के कर कमलो द्वारा किया गया। इस बैंक के माध्यम से समाज के लोगो को नए बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिल पायेगा जिसमे सस्ते ब्याज दर पर लोन की सुविधाएं तथा विभिन्न तरह की आकर्षक चालू खाते और बचत खातों की सुविधाएं उपलब्ध है।

इस शुभ अवसर पर बैंक के उप महाप्रबंधक श्री समिंदर सिंह द्वारा ने बैंक के विभिन्न उत्पादों और बैंक के ढरइ वठक्ळ मोबाइल एप्लीकेशन की जानकारी साझा की साथ में लोगो को बताया की ढरइ वठक्ळ से बैंकिंग सुविधाएं कितनी आसान हो चुकी है। 117 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष में बैंक द्वारा दिव्यांग जानो में २ व्हील चेयर का वितरण किया गया और साथ ही पास के साई मंदिर में वाटर कूलर भी उपलब्ध करवाया गया।

## फैक्ट्री में प्रदूषण नियंत्रण मशीन का सही ढंग से उपयोग नहीं किए जाने के कारण हो रहा पूरा क्षेत्र प्रदूषित : विनय सिंह

उज्जवल दुनिया



गिरिडीह । गिरिडीह विधानसभा के भाजपा पूर्वी भाग मंडल में सेवानिवृत्ति इंजीनियर विनय कुमार सिंह प्रदेश प्रवक्ता ओबीसी मोर्चा भाजपा द्वारा मोहनपुर पंचायत के विश्वासडीह,माथाडीह, तुरूकडीहा आदि गांवों मे जनसंपर्क करते हुए माथाडीह में मंडल महामंत्री प्रदीप राय, ओबीसी मोर्चा जिला कार्य समिति सदस्य वासुदेव राम चंद्रवशी, मोहनपुर पंचायत के मुखिया दुलारचंद यादव ,पंचायत समिति सदस्य वीरेंद्र राय, नागेश्वर मिश्र ,भास्कर मिश्रा ,परमेश्वर मिश्रा, निखिल उपाध्याय, रोहित कुमार राय सहित अन्य ग्रामीणों के साथ बैठक कर बूथ संख्या 165 से 169 तक के बूथों में हुए मतदान की समीक्षा के साथ जनसमस्याओं से संबंधित जानकारी प्राप्त किया गया ,इस संबंध में इंजीनियर विनय सिंह द्वारा बताया गया की फैक्ट्री में प्रदूषण नियंत्रण मशीन का सही ढंग से उपयोग नहीं किए जाने के कारण पूरा क्षेत्र प्रदूषित हो रहा है ,जिससे नागरिकों को काफी कठिनाई हो रही है, नल जल योजना का कार्य तकनीकी रूप से नहीं होने के कारण लोगों को इस भीषण गर्मी में पानी आपूर्ति नहीं हो रही है, विश्वासडीह मैं देखा गया की वितरण पद्धति में बिछाए गए पाईप प्रावधान के विरूद्ध जमीन के अंदर न कर जमीन के ऊपर बिछाया गया है जिसकी जांच आवश्यक है ,किसान मित्र का फॉर्म भरने के बावजूद किसानों को किसान सम्मन निधि की राशि प्राप्त नहीं हो रही है,

श्मशान घाट पर पानी की कोई व्यवस्था नहीं है तथा माथाडीह में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रहने के बावजूद वहां के लोगों को लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर मध्य विद्यालय मोहनपुर में मतदान करने के लिए जाना पड़ रहा है जिससे कई मतदाता अपने मतदान करने में असमर्थ हो जाते हैं, उक्त गंभीर समस्याओं के निदान हेतु ग्रामीणों के आवेदन के साथ जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मिलकर उसके निदान की दिशा में प्रयास किया जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के नेतृत्व में ग्राम रक्षा दल की एक बैठक बनियाडीह में आयोजित



उज्जवल दुनिया

गिरिडीह । पुलिस अधीक्षक गिरिडीह दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में ग्राम रक्षा दल की एक बैठक बनियाडीह में आयोजित किया गया। इस बैठक में ग्राम रक्षा दल के सदस्यों से महत्वपूर्ण बातचीत की गई। सदस्यों से क्षेत्र की स्थिति की जानकारी ली गई। वहीं क्षेत्र में विधि व्यवस्था में संधारण के लिए इन्हें उत्तप्रेरित किया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक श्याम किशोर महतो को अवश्यक निर्देश दिया क्षेत्र में ग्राम रक्षा दल का गठन करें। इन्हें उचित सुविधा भी प्रदान की जायेगी। ग्राम रक्षा दल के साथ बैठक करने के अलावा बनियाडीह शिव मंदिर प्रांगण में पौधा रोपण भी पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के द्वारा किया गया। इधर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शीघ्र ही मुफस्सिल थाना क्षेत्र में लगभग 100 लोगों की संख्या से ग्राम रक्षा दल का विधिवत गठन करते हुए उनसे विधि व्यवस्था के संधारण में सहयोग लिया जाएगा। इस दौरान सीसीएल गिरिडीह के परियोजना पदाधिकारी एसके सिंह के अलावा, पुअनि सतेंद्र कुमार पाल, स्थानीय दिनेश यादव, राजेश कुमार, महेश यादव, संतोष यादव, दिनेश सिंह, दिलीप पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

# बिरनी उपप्रमुख ने गिरीडीह उपायुक्त को लिखा पत्र

उज्जवल दुनिया



बिरनी/गिरिडीह । बिरनी के उप प्रमुख शेखर सुमन ने गिरिडीह उपायुक्त को एक आवेदन दिया था।

आवेदन देने के बाद इस पर अब तक कार्रवाई नहीं करने पर पुनः एक आवेदन और दिया । उप प्रमुख शेखर सुमन ने आवेदन में कहा गया है कि बीते दिन मेरे द्वारा उपायुक्त को एक आवेदन दिया गया था।

जिसमें कहा गया था,कि बिरनी प्रखंड मुख्यालय में संचालित एफसीआई गोदाम एवं डोर स्टेप डिलीवरी में भारी गड़बड़ी किया जा रहा है।। यहां के कार्डधारीयो को नियमित राशन वितरण नहीं किया जा रहा है,बिरनी में राशन वितरण 3 महीने से बैकलॉग चल रहा है।इनकी वजह क्या है?जांचउपरांत इसकी नियमित करने का प्रयास करे साथ ही साथ गिरीडीह उपायुक्त से उप प्रमुख शेखर सुमन ने फरियाद किया कि बिरनी में कार्डधारियों को एडवांस में अंगूठा का निशान ले लिया जाता है और बाद में मनमानी तरीके से राशन वितरण किया जाता है।

उन्होंने इस पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि आदेश निर्गत करने का कष्ट करें।

उन्होंने यह भी कहा है कि पंचायत समिति का गठन होने के बाद से आज पंचायत समिति बैठक के लिए निर्णय का पालन नहीं किया जा रहा है।। जिसमें बिरनी के त्रिस्तरीय पंचायत समिति गठन के बाद पंचायत समिति बैठक के लिए गए प्रस्तावों का जांच कर अविलम्भ कार्रवाई करने की मांग की है।

उप प्रमुख शेखर सुमन ने कहा कि बिरनी प्रखंड के 28 पंचायत में आपूर्ति योजना के तहत सात पानी टैंकर की खरीदारी पंचायत समिति मद से किया गया था।।जो आज सभी टैंकर जैसे के तैसे सड़ रहे हैं ।इस पर भी उपायुक्त को मामले को गंभीरता से लेने का अपील किया है और दोषियों पर कार्रवाई करने का मांग किया है।।

# चल रहे योजनाओं की कार्य प्रगति एवं कार्य योजनाएं बनाने के लिए प्रखण्ड में एक कार्यशाला का आयोजन

उज्जवल दुनिया



डुमरीःस्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के तहत प्रखण्ड में चल रहे योजनाओं की कार्य प्रगति एवं कार्य योजनाएं बनाने हेतु मंगलवार को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया.

कार्यशाला में प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया,एई व जेई,पंचायत सेवक सहित योजनाओं से जुड़े सभी कर्मी उपस्थित हुए ।इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यशाला के उद्देश्यों की बिन्दुवार जानकारी देते हुए योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित कराने हेतु प्रपत्र उपलब्ध कराया गया ।वहीं उपस्थित मुखियाओं ने नल जल योजना के विसंगतियों एवं बरती गयी लापरवाही का मामला उठाया ।कार्यशाला के बाद बीडीओ डुमरी अन्वेषा ओना ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन फेज -2 में चल रहे सभी योजनाओं से संबंधित बारीकी से जानकारी दी गई और उससे जरूरतमंद लाभुकों को लाभान्वित कराने हेतु सभी मुखियाओं व कर्मियों को निर्देशित किया गया ।वहीं कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित जिला समन्वयक एक्सल डब्ल्यू बिरेन्द्र कुमार मंडल ने कहा कि विलेज एक्शन प्लान के तहत जो मुखियाओं को प्रपत्र दिए गए हैं,पंचायत और ग्राम की प्राथमिक जानकारी जैसे जनसंख्या,घर, वर्मी कम्पोस्ट कितनी बनाई जानी है ।कितने लोगों को शौचालय निर्माण हो गया है और कितनी शौचालय निर्माण कार्य होना बाकी है ये सारी जानकारी का सर्वे करके उसे प्रखंड व जिला कार्यालय में जमा करना है

जहां से सभी डाटा का संकलन कर राज्य कार्यालय को भेजा जाएगा ताकि डाटा के अनुसार फंड का मांग कर उसे पंचायत में उपलब्ध कराया जा सके ।साथ ही कार्यशाला में जल जीवन मिशन के बारे में बताया गया

कि जल को कैसे बबार्दी से बचाया जा सकता है जल का महत्व के बारे में जानकारी देते हुए वर्षा के जल को संरक्षित करने तथा वाटर हार्वेस्टिंग के महत्व के बारे में बताया गया ।कार्यशाला में पीएचईडी के जेई जयप्रकाश यादव मुखिया जगदीश महतो,जितेंद्र दास, दीलीप कुमार,इतवारी हेंब्रम,कलावती देवी,सीताराम तुरी,खेमलाल महतो,जागेश्वर महतो,नूरउद्दीन अंसारी, जागेश्वर यादव,शोभा जायसवाल,रीना कुमारी मुखिया प्रतिनिधि अनील रजक,असलम अंसारी आदि प्रखंड के सभी मुखिया उपस्थित थे।

## आमजनों की सुनवाई में पदाधिकारी न बरतें कोताही: हेमंत सती, उपायुक्त

साहिबगंजः समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जहां जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित प्राणिक सोरेन, नेपाल गोराई, जावेद परवेज, भगमात मुर्मू एवं अन्य से एक एक कर उनकी समस्याएं सुनी साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। उधर संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित रहते हैं जहां जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया है। वही सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। वही उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को खास निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों में अधिकारी अपने दायित्वों व कार्यों में कोताही नहीं बरते अन्यथा उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## जेटके कुम्हारजोरी गांव में करंट लगने से एक युवक की मौके पर हुई मौत

बोरियोः थाना क्षेत्र के जेटके कुम्हारजोरी पंचायत के जेटके गांव में बिजली का करंट लगने से एक युवक गुमित हेंब्रम की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम करीब 4 बजे युवक गुमित हेंब्रम उम्र 25 वर्ष अपने घर का बिजली कनेक्शन जोड़ रहा था इसी क्रम में बिजली का झटका लगने से पोल खूंटा से नीचे गिर गया और उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। इसके बाद जैसे ही यह खबर गांव वालों को लगी पूरे गांव में मातम पसर गया है। उधर मृतक युवक गुमित हेंब्रम अपने पीछे पांच साल की एक बेटी को छोड़कर इस दुनिया से चल बसा है। उधर घर चलाने के लिए वो एकलौता सदस्य था लेकिन इनका भी मौत होने के बाद परिवार में भरण पोषण के लिए कोई नहीं बचे जिससे उनके परिवार में सरकार से गुहार लगाकर मदद की मांग की है।

## थाना प्रभारी ने चलाया संघन वाहन जांच अभियान

बरहेटः थाना क्षेत्र के बरहेट थाना के समीप मंगलवार को थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बरहेट बोरियो, बरहरवा बरहेट मुख्य पथ पर आवागमन करने वाले वाहनों को बारीकी से जांच की गई। इस दौरान मोटरसाइकिल से सवारी करने वाले चालकों से कागजात व हेलमेट की जांच की गई। वही बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले मोटरसाइकिल चालकों को दंडित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि मोटरसाइकिल चालक सड़कों पर आवागमन करते समय हेलमेट आवश्यक रूप से पहने व वाहनों से जुड़े आवश्यक कागजात भी अपने साथ लेकर चलें।

## विधायक प्रतिनिधि की गैर मौजूदगी में प्रखंड अध्यक्ष ने सुनी लोगों की समस्याएं

बरहरवाः प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कक्ष में प्रत्येक मंगलवार की भांति मंगलवार को अपरिहार्य कारणों से कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के क्षेत्र में ना रहने के कारण प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू ने जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनी। जहां नगर पंचायत बरहरवा एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू के समक्ष रखा जिसे प्रखंड अध्यक्ष ने बारी बारी से सुनकर संबंधित अधिकारियों को बुलाकर निदान करवाया। उधर प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों आवास लाभुकों ने आवास का भुगतान नहीं मिलने की समस्या को लेकर पहुंचे जहां मामले में प्रखंड अध्यक्ष ने प्रखंड कोर्डिनेटर मार्शल किस्कू से मिलकर उक्त लाभुकों की शिकायत को जल्द से जल्द दूर करने की बात कही। वही अंचल से संबंधित समस्या लेकर आए लोगों की उपस्थिति में राजस्व कर्मचारी सेत मालतो को बुलाकर यथाशीघ्र निदान करने को कहा। इसको लेकर प्रखंड अध्यक्ष रंजित टुडू ने कहा कि कुछ समस्याओं का निदान ऑन द स्पॉट करवाया तथा बाकी आवेदन को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए जल्द से जल्द समाधान कराने का आग्रह किया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि विधायक कक्ष में जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्यायों का निस्वार्थ भाव से निदान कराना है।

## 17 वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, सदर अस्पताल में चिकित्सक ने किया मृत घोषित



साहिबगंजः नगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर दहला के रहने वाले शुभम कुमार उम्र 17 वर्ष पिता गोवर्धन पासवान ने ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लेने का प्रयास किया। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन आनन फानन में उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद मृतक किशोर के परिजन शव को सदर अस्पताल से उठाकर ई रिक्शा पर लादकर घर चले गए। वही फांसी लगाकर जान देने की सूचना नगर थाना क्षेत्र की पुलिस को मिलते ही मृतक के घर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक शुभम कुमार किसी बात को लेकर काफी दिनों से परेशान था जहां मंगलवार को अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। इधर नगर थाना क्षेत्र की पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

## हुल दिवस को लेकर झामुमो ने किया बैठक



बरहेटः प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हाईस्कूल मैदान के प्रांगण में झामुमो जिला कमिटी की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जहां इसकी अध्यक्षता झामुमो जिलाध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने की। उधर बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का वीर शहीद सिद्धो कान्हू की पावन धरती भोगनाडीह में 30 जून को हूल दिवस पर आगमन हो रहा है जहां इसको लेकर सभी प्रखंड के कार्यकर्ता तैयारी में लग जाए। वही बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर साल के भांति इस साल भी 30 जून को हूल दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जहां क्रांति स्थल पंचकठिया से मशाल जुलूस सांसद विजय कुमार हांसदा के नेतृत्व में निकाला जाएगा। उधर बैठक को केंद्रीय प्रवक्ता हेमलाल मुर्मू, केंद्रीय समिति सदस्य प्रो. नजरूल इस्लाम, एमटी राजा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधी संजीव सामु हेंब्रम, संजय गोस्वामी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी, सचिव मुजिबुर रहमान, प्रमुख बर्नार्ड मरांडी सहित सभी प्रखंड के अध्यक्ष, सचिव सहित सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्टेडियम घूमने आए दो दोस्तों के साथ अज्ञात युवकों ने की मारपीट

साहिबगंजः जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिद्धो कान्हु स्टेडियम घूमने आए मदनशाही सोती चौकी निवासी सुदीप कुमार व उसके दोस्तों के साथ 10 से 15 अज्ञात युवकों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है जिसमें सुदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर घायल सुदीप को इलाज के लिए दोस्तों ने सदर अस्पताल में भर्ती करवाया है जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वही घायल सुदीप के दोस्त राहुल ने बताया कि वे लोग घूमने के लिए स्टेडियम आए हुए थे तभी 10 से 15 युवक आए और सुदीप को मारने लगे और उन लोगों को पकड़ लिया। इधर इस मारपीट की घटना में सुदीप का सिर फट गया है।

# सदर अस्पताल में अत्याधुनिक मॉड्यूलर ओटी का उपायुक्त समेत अन्य अधिकारियों ने किया उद्घाटन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल के प्रथम तल्ले में बनाए गए अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थीएटर का उद्घाटन मंगलवार को उपायुक्त हेमंत सती, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा व सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया।

जहां इस नई सुविधा का उद्देश्य मर-ीजों को बेहतर और सुरक्षित सर्जिकल सेवाएं प्रदान करना है। उधर उद्घाटन समारोह के दौरान उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि यह अत्याधुनिक मॉड्यूलर ओटी हमारे जिले के स्वास्थ्य सेवाओं को एक नया आयाम देगा इससे ना केवल सर्जिकल प्रक्रियाएं अधिक सुरक्षित और कुशल होंगी, बल्कि मरीजों को भी उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। इस अवसर पर डीडीसी सतीश चंद्रा ने कहा कि यह अत्याधुनिक ओटी अस्पताल के बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण सुधार है, जो हमारे जिले के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर अनुभव प्रदान करेगा।

वही सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार ने इस नई सुविधा के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मॉड्यूलर ओटी में उच्च स्तरीय स्वच्छता मानकों का पालन किया जाएगा, जिससे संक्रमण के खतरे को न्यूनतम किया जा सकेगा।

इसके साथ ही, अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता से सर्जिकल प्रक्रियाओं की सटीकता और सफलता दर में भी वृद्धि होगी।

इस मौके पर अस्पताल के कई अन्य वरिष्ठ चिकित्सक और कर्मचारी भी उपस्थित थे। वही उन्होंने इस नई सुविधा के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि इससे अस्पताल की सर्जिकल सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। वही सदर अस्पताल में इस अत्याधुनिक मॉड्यूलर ओटी का उद्घाटन क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल न केवल जिले के नागरिकों के स्वास्थ्य सुधार में सहायक होगी, बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में जिले की प्रतिष्ठा को भी बढ़ाएगी। ज्ञात हो कि इस मॉड्यूलर ओटी का निर्माण आक-ांक्षी जिला योजना मद से लगभग 99 लाख रुपए की लागत से हुई है।

## युवा नेता अफीफ अमसल ने अपने गृह पंचायत हस्तिपाड़ा से किया चुनावी शंखनाद की शुरूआत

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवाः पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत युवा नेता अफीफ अमसल ने हस्तिपाडा. एवं विशनपुर पंचायत के विभिन्न जगहों में सीधे आम वोटरों को संबोधन कर उपस्थित सभी युवा एवं बुजुर्गों से आने वाले चुनाव को देखते हुए पुनः एक बार मेहनत कर जीत दिलाने का आग्रह किया। जहां चौक चौराहों एवं कस्बों तक पूर्व विधायक अकील अख्तर के द्वारा किए गए विकास कार्य एवं पाकुड़ विधानसभा को लेकर उनके सपनों को लोगों तक पहुंचाने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा की पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल के दौरान वर्तमान विधायक आलमगीर आलम के द्वारा अवैध रूप से कमाया गया राशि से क्षेत्र की जनता खुद वाकि-फ है इसलिए ऐसे भ्रष्ट जनप्रतिनिधि को इस बार चुनाव में आईना दिखाने की सख्त जरूरत है। उक्त मौके पर अंसार अली उर्फ.मिंटू, असराउल हक, बादीर आलम, हैदर अली, साजेद अली, मासुद आलम, इसराइल हक, मुजिबुर रहमान, साथ ही दोनों पंचायत के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हूल दिवस की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक हुई आयोजित

उज्जवल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः हूल दिवस 2024 की तैयारियों को लेकर विकास भवन समाहरणालय के सभागार में उप विक-ास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जहां बैठक के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को सभी तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वही उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित कर लें और तालमेल बनाते हुए तैयारियां शुरू कर दें। उधर उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन और शिलान्यास, परिसंपत्ति वितरण की जाने वाली योजनाओं से संबंधित सभी आवश्यक कार्रवाई कार्यक्रम से पूर्व ही सुनिश्चित करने को कहा। इस बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णुदेव कच्छप, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. हरिशंकर झा, भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस मार्टिन तारीक, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार विन्हा, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य देवीलाल हांसदा उपस्थित थे।

## बड़ा पचरूखी पहाड़ से खटिया पर टांगकर मरीज को इलाज कराने के लिए परिजन पहुंचे सदर अस्पताल

उज्जवल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बड़ा पचरूखी पहाड़ से गंभीर रूप से बीमार एक मरीज को बेहतर इलाज कराने के लिए मंगलवार को आदिम जनजाति समुदाय के लोग बांस की बनी खटिया पर टांगकर उसे 1 घंटे तक उबड़ खाबड़ रास्तों से गुजरते हुए जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल पहुंचे। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार ने गंभीर रूप बीमार मरीज का फौरन इलाज किया। वही इसको लेकर गंभीर रूप से बीमार मरीज चुन्नू पहाड़िया पिता सुकरा पहाड़िया के भाई बेपरा पहाड़िया ने बताया कि उसका भाई घर के बाहर पेशाब कर रहा था जहां अचानक ही वो जमीन पर गिर पड़ा। उधर उसका इलाज गांव में ही कराया गया जहां स्थिति में सुधार नहीं होने पर उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के लिए एंबुलेंस चलधी गांव तक गया मगर उसके मरीज को वापस लेक-र सदर अस्पताल नहीं आया। उधर मंगलवार को तबियत ज्यादा बिगड़ने पर परिवार के लोगों ने बांस से बनाई गई खटिया को ही एंबुलेंस बनाकर उस पर मरीज को लेटाकर करीब एक घंटे तक पैदल चलने के बाद किसी तरह सदर अस्पताल पहुंचा है। वही आपको बता दें कि जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने के लिए हरेक साल लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर देने के बावजूद भी यहां पहाड़ों पर रहने वाले आदिम जनजाति समुदाय के लोगों को समुचित लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।

उधर अधिकतर मामलों में ऐसा देखा जाता है कि दूरदराज के इलाकों से 108 एंबुलेंस जो पूरी तरह से निशुल्क है उसमें भी मरीजों को लाने व ले जाने के नाम पर वाहन के चालक मरीजों से पैसे की मांग करते हैं जबकि राज्य स-रकार के द्वारा यह व्यवस्था पूरी तरह से निशुल्क रखी गई है। उधर अधिकांश मरीज के परिजन भी मजबूरी में कभी रास्ता खर्चा या कभी तेल भराने के नाम पर ठगे जाते हैं जिसपर न तो स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की नजर पड़ती है और न ही कोई मरीज के परिजन इसकी शिकायत संबंधित विभाग में ही करते हैं।

## सोनजोरी गांव में जमीनी विवाद दो पक्षों के बीच हुए मारपीट में 5 लोग गंभीर रूप से घायल, इलाज कराने पहुंचे सदर अस्पताल





उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहेटः थाना क्षेत्र के सोनाजोरी गांव में मंगलवार को खेत जमीन बंटवारा को लेकर दो पक्षो में जमकर मारपीट हो गई जहां इस मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से कुल 11 लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार दोनों पक्ष थाना क्षेत्र के सनमनी गाँव के रहने वाले बताए जा रहे है। वही दोनों ही पक्षों के लोग अपनी अपनी जमीन पर हक जाता रहे हैं। जानकारी के अनुसार पहला पक्ष सलीम अंसारी उम्र 66 वर्ष, महेरजन बीवी उम्र 56 वर्ष, हफीजुल अंसारी उम्र 45 वर्ष, मुकलेश अंसारी उम्र 30 वर्ष, जाहिद अंसारी उम्र 45 वर्ष, इजराफुल अंसारी उम्र 65 वर्ष, तोहिद अंसारी उम्र 28 वर्ष, आमिर अंसारी उम्र 30 वर्ष, माहिरुल बीबी उम्र 60 वर्ष, नसीम अंसारी उम्र 40 वर्ष, युसूफ अंसारी उम्र 35 वर्ष एवं दूसरा पक्ष हारेज अंसारी उम्र 24 वर्ष, फारूक अंसारी उम्र 30 वर्ष, जैगुन बीवी उम्र 35 वर्ष, इब्राहिम अंसारी उम्र 29 वर्ष व छोटा अंसारी उर्फ सलामत अंसारी उम्र 40 वर्ष सभी घायल सनमनी गांव के रहने वाले हैं। उधर दोनों पक्षों ने खेत जमीन बंटवारे को लेकर सोनाजोरी गांव पहुंचे थे जहां बात बात पर कहा सुनी होने से आपस में लाठी डंडा चलने लगा जिससे दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। वही घटनास्थल पर दोनों पक्षों के बीच हुए मारपीट से पूरा इलाका खून से लथपथ हो गया।

उधर स्थानीय ग्रामीणों की मदद से बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार को सूचना से अवगत कराया जहां थाना प्रभारी पवन कुमार के निर्देश पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। उधर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया जहां डॉ. हेमंत मुर्मू, अनंत कुमार पंडित ने सभी घायलों को बारी बारी से इलाज किया। उधर गंभीर रूप से घायल 5 लोगों बेहतर इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. केशव कृष्णा एवं डॉ. मुकेश कुमार ने बारी से इलाज किया। उधर गंभीर रूप से घायल सलीम अंसारी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल से हायर सेंटर रे-फर कर दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन प्राप्त होते ही पुलिस मामले की छानबीन कर आगे की कार्रवाई करेगी।

## पाकुड़ आरपीएफ की टीम ने रेलवे का लोहा चोरी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद भेजा जेल



उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः हावड़ा रेलमंडल के गुमानी रेलवे स्टेशन से रेलवे का लोहा चोरी करने के मामले में पाकुड़ आरपीएफ की टीम ने बीते दिनों 8 अप्रैल 2024 को रेलवे कांड संख्या 02/24 दर्ज करते हुए छानबीन कर रही थी। इसी कड़ी में पाकुड़ आरपीएफ की टीम ने कोटालपोखर थाना क्षेत्र के चाकपाड़ा एवं कांकजोल इलाके में छापेमारी करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उधर गिरफ्तार किए गए सभी चारों आरोपियों को पाकुड़ आरपीएफ की टीम ने सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जहां जेल भेजे गए आरोपियों की पहचान अबु ताहिर शेख पिता हुसैन अंसारी घर चाकपाड़ा, ईशा शेख पिता इमाम शेख घर चाकपाड़ा, हबीबुर रहमान पिता अताउर शेख घर चाकपाड़ा एवं मो. जरजिस पिता वजीर शेख घर कांकजोल के रूप में हुई है।

# जी का जंजाल बन चुकी क्षतिग्रस्त पुलिया में आखिरकार हुई दुर्घटना, दो घायल, एक रेफर

### संवेदक की मनमानी की भेंट चढ़ा लोहा पुल, दे रही मौत को दावत प्रशासन मौन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बरहरवाः बरहरवा नगर पंचायत के पतना बरहरवा मुख्य मार्ग में लोहा पुल नामक पुलिया जो संवेदक की मनमानी की भेंट चढ़ा और वर्तमान में क्षतिग्रस्त अवस्था में है अब मौत का पूल बन चुका है। जहां मंगलवार को इसी क्षतिग्रस्त पुलिया में दो युवक दुर्घटनाग्रस्त होकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिसकी संभावनाएं महीनों से जताई जा रही थी आखिरक-ार इस पुल में घटना घटित हो ही गई। मिली जानकारी के अनुसार उधवा निवासी जेरुल शेख 19 वर्ष पिता इस्ताफ शेख एवं अरमान शेख 18 वर्ष पिता सदाकाश शेख केंदुआ बिशनपुर से दोनों बाइक में सवार होकर बरहरवा की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में पतना बरहरवा मुख्य मार्ग पर क्षतिग्रस्त लोहा पुल के पास अनियंत्रित होकर पुलिया के बीचो बीच गिर पड़े। इस दुर्घटना में दोनों युवक घायल हो गए। उधर सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही बड़हरवा थाना के एएसआई सिदाम रविदास दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवकों को बरह-रवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सक द्वारा दोनों युवकों का प्राथमिक इलाज किया गया। इस दौरान चिकित्सक सरिता टुडू ने बताया कि जेरुल शेख नामक युवक के सिर पर गंभीर चोटे आई है जिसका प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। इस दौरान घायल लोगों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। वही घटना के समय दोनों युवक शराब के नशे में भी मालूम पड़ रहे थे।

### क्या कहते है अंचलाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी

बरहरवा अंचल अधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी ने इस मामले को लेकर कहा कि पुलिया की वर्तमान अवस्था और परेशानियों को लेकर जिला पथ निर्माण विभाग से लेकर वरीय पदाधिकारियों को लिखित रूप से पत्राचार कर अवगत कराया गया है जल्द ही इस पर कार्यवाही की जाएगी।

### लगभग एक वर्ष से क्षतिग्रस्त अवस्था में है पुल, संवेदक पर नहीं हुई कार्यवाही

बरहरवा पतना मुख्य मार्ग में लोगों के लिए मौत का सबक बन चुकी क्षतिग्रस्त लोहा पुल संवेदक की मनमानी और लापरवाही के कारण लोगों को मौत का दावत दे रही है।

जहां दिन प्रतिदिन इस क्षतिग्रस्त पुलिया में दुर्घटनाओं की संभावना बनी हुई थी जिसकी शुरूआत मंगलवार को हो गई। वही ब्रिटिश जमाने के बनी इस मजबूत पुलिया को संवेदक द्वारा नव निर्माण करने हेतु जबरन तोड़ दिया गया जिसे अर्ध क्षतिग्रस्त अवस्था में छोड़कर संवेदक फरार हो गए।

उधर आज तक संवेदक पर कोई कार्यवाही नहीं कि गई जबकि मीडिया द्वारा प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर पदाधिकारियों को अवगत कराया गया था जिसपर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों ने भी संज्ञान लेना उचित नहीं समझा।

स्वामी वी.आई. एंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवम प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह,द्वारा वृंदा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड,प्लॉट संख्या-342,344 चिरौंदी-बोरया रोड,रांची-8 झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, आरएनआई संख्या.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# 'उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश-2024' लाएगी योगी सरकार

**लखनऊ, (एजेंसी)**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक में रखे गए 44 प्रस्तावों में से 43 को मंजूरी मिल गयी। पर्चा लीक कराने वालों को कठोर सजा दिलाने और उनसे वसूली करने संबंधी ह्यउत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश-2024ह्व लाने के प्रस्ताव समेत विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को हरी झंडी मिल गयी है।

बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने फैसलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग के तहत अयोध्या में टाटा कम्पनी द्वारा सीएसआईआर फंड 650 करोड़ रुपये से विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय के निर्माण को मंजूरी मिली है। इसके कुल प्रस्तावित बजट 750 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली है। जमीन निःशुल्क रूप से लीज पर मुहैया कराई जाएगी।

**इन फैसलों को मिली मंजूरी-**
सहारनपुर के बेहट तहसील में शाकुंभरी देवी धाम पर्यटन विकास के लिए पर्यटन विभाग द्वारा निःशुल्क भूमि देय की मंजूरी।

पर्यटन विभाग के बंद या घाटे में चल रहे पर्यटन आवास गृह को पीपीपी मोड पर दिए जाने के लिए मंजूरी।

इसमें राही पयर्टक आवास गृह, मुंशीगंज (अमेठी), खुर्जा (बुलन्दशहर), देवा शरीफ (बाराबंकी), हरगांव (सीतापुर) को लीज पर दिए जाने के साथ लेटर ऑफ अवॉर्ड दिए जाने को मंजूरी।

उप्र में पर्यटन विकास, रोड एयर कनेक्टिविटी को लेकर जनपद लखनऊ प्रयागराज कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर) में पीपीपी मोड पर हेलीपोर्ट निर्माण को लेकर हेलीपैड बनवाने की हरी झंडी।

प्रदेश के हेरीटेज बिल्डिंग को पीपीपी मोड पर एडॉप्ट करने का निर्णय। आज तीन हेरिटेज इमारतें कोठी रोशनउद्दौला लखनऊ, शुक्ला तालाब कानपुर, बरसाना जलमहल मथुरा को तकनीकी निविदा प्राप्त करने की मंजूरी।

प्रदेश में पर्यटन को लेकर टूरिज्म पॉलिसी 2022 के तहत मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप कार्यक्रम को मंजूरी, शोधार्थी इस फेलोशिप में पर्यटन विकास के लिए सहभागिता प्रदान करेंगे व अध्ययन करेंगे। साथ ही निवेशकों के साथ पर्यटन विकास में सहायता करेंगे। शोधार्थियों को 30 हजार मानदेय एवं 10 हजार क्षेत्र भ्रमण के लिए एवं एक टैबलेट का लाभ दिया जाएगा।गोरखपुर में परमहंस योगानन्द जी की जन्मस्थली को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को मंजूरी। गोरखपुर के असरकरगंज में 460 वर्गमीटर भूमि पर्यटन विभाग को दिए जाने की मंजूरी।ऊर्जा विभाग के लिए विद्युत निरीक्षक व मुख्य विद्युत निरीक्षकों के लिए नियमावली को मंजूरी।

नगर पालिकाओं, निगमों नगर पंचायतों में आवासीय, अनावासीय सम्पत्तियों के लिए नियमावली बनाने की मंजूरी।अयोध्या में नए सीवरेज प्रोजेक्ट को मंजूरी, कैंट क्षेत्र में 351.40 करोड़ की योजना को मंजूरी, 27,928 घरों को सीवरेज कनेक्शन देने का फैसला। अमृत योजनांतर्गत अमृत 01 योजना में 10 लाख के ऊपर के निकायों मे निकायों की आर्थिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए निकाय अंश 30 फीसदी से घटाकर 15 फीसदी कर दिया गया है। साथ ही 10 लाख के अंदर की आबादी के निकायों के निकाय अंश 20 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी किये जाने की मंजूरी प्रदान की गयी है।

अमृत 02 योजना में 1 लाख के नीचे के आबादी निकायों के अंश 20 से घटाकर 10 फीसदी, एक से 10 लाख निकायों के निकाय अंश 10 फीसदी किया गया। 10 लाख आबादी से ऊपर निकायों के अंश 15 फीसदी किया गया।इन्वेस्टमेंट समिट में हुए एमओयू की श्रृंखला में जिन निवेशकों की यूनिट बंद हो गई, उनके कर्ज को वन टाइम सेटलमेंट करने की मंजूरी। 11 यूनिट के 117 करोड़ 19 लाख भुगतान करने की सहमति मिली है। इसके साथ 871.85 एकड़ भूमि औद्योगिक विकास विभाग की प्राप्त होंगी।नोएडा में सेक्टर 142 स्टेशन से बोटेनिकल गॉर्डन तक कुल 11.56 किमी की एक्वा लाइन मेट्रो कॉरिडोर के प्रस्तावित विस्तार में 2254.35 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

## विकास के नाम पर सरकारी राशियों का बंदरबांट,सरकारी कर्मी से लेकर जनप्रतिनिधि तक लूट में शामिल

**अररिया,(एजेंसी)**।फारबिसगंज के ग्रामीण इलाकों में हो रहे विकास कार्यों में जमकर लूट मची हुई है।प्राक्कलन के विपरीत ऐन केन प्रकारेन किसी तरह योजनाओं को पूरा कर राशि का बंदरबांट कर दिया जाता है। सरकारी राशि के इस बंदरबांट में सरकारी कर्मचारी से लेकर जनप्रतिनिधि तक शामिल रहते हैं। इतना ही नहीं सरकारी राशि को लूटने वाले जनप्रतिनिधि और कर्मचारी नियम के बावजूद योजनाओं को लेकर बोर्ड तक लगाना उचित नहीं समझते हैं।

ताजातरीन मामला है फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय कन्या डाक हरिपुर का।जहां पंचायती राज विभाग की ओर से स्कूल में साढ़े पांच लाख रुपए की लागत से पेवर्स ब्लॉक लगाया जाना था।साढ़े पांच लाख की प्राक्कलित राशि से योजना मध्य विद्यालय कन्या डाक हरिपुर में पेवर्स ब्लॉक लगाना था।डाक हरिपुर पंचायत के वार्ड संख्या 15 स्थित इस विद्यालय में योजना के तहत पेवर्स ब्लॉक लगाने से पहले नीचे में ईंट सोलिंग का कार्य करवाकर पेवर्स ब्लॉक को लगाया जाना था। प्रखंड प्रमुख ओमप्रकाश पासवान के सौजन्य से योजना स्कूल में लाई गई थी लेकिन न तो कार्य के दौरान और न ही कार्य के पूरा होने के कगार तक में किसी तरह का कोई निर्देशन बोर्ड लगाना उचित नहीं समझा गया।इन सबके बीच पेवर्स ब्लॉक भी स्कूल परिसर में लगा दिया गया।लेकिन शिक्षा के मंदिर को भी अपनी लूट की योजना में शामिल कर रखे सरकारी कर्मियों और जनप्रतिनिधियों ने बिना ईंट सोलिंग के हो पेवर्स ब्लॉक को बिछा दिया गया और सरकारी राशि का आपस में बंदरबांट कर लिया गया।

मामले को लेकर जब प्रखंड प्रमुख ओमप्रकाश पासवान से बात की गई तो उन्होंने योजना को पूरा कर लिए जाने की बात कही और कहा कि इस्टीमेट के आधार पर काम कराए जाने का दावा किया।वहीं पेवर्स ब्लॉक से पहले ईंट सोलिंग किए जाने पर ध्यान आकृष्ट कराया गया तो उन्होंने कहा कि जैसा प्राक्कलन में था,वैसा काम किया गया है।लेकिन वहीं जब विभाग के कनीय अभियंता चंदन कुमार से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना साढ़े पांच लाख की है और प्राक्कलन के मुताबिक स्कूल परिसर और बाहर दोनों जगह ईंट सोलिंग कर ऊपर से पेवर्स ब्लॉक लगाया जाना है। जेई चंदन कुमार ने बातचीत में माना कि स्कूल परिसर में पेवर्स ब्लॉक के नीचे ईंट सोलिंग नहीं की गई है।

## नक्सल प्रभावित मुदवेंडी गांव में 20 वर्ष बाद नए शिक्षा सत्र से खुलेगा स्कूल

**बीजापुर, (एजेंसी)**। जिले के घुर नक्सल प्रभावित मुदवेंडी गांव में नए शिक्षा सत्र में 26 जून से स्कूल की घंटी बजनी शुरू हो जाएगी। सड़क और सुरक्षा के विस्तार के बाद जिला प्रशासन के प्रयासों से अब मुदवेंडी के बच्चों को 20 वर्ष बाद शिक्षा के अधिकार का लाभ मिलेगा और अशिक्षा के अंधकार से मुक्ति मिलेगी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के प्रयासों से नक्सल प्रभावित इलाकों में नियद नेल्लानार के जरिये विकास की पहुंच और स्कूल वेंडे वरार्टू पंडूम से शिक्षा की मुख्यधारा में लौटने की अपील का असर दिखने लगा है। जिले के नक्सल प्रभावित डुमरीपालनार, तोड़का, सावनार, कोरचोली, कावड़गांव जैसे गांव में भी 20 वर्ष बाद स्कूल खुल रहे हैं।

बीजापुर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने बताया कि जिला प्रशासन आवश्यक बुनियादी जरूरतों के अलावा गांव के ही शिक्षित बेरोजगारों को शिक्षादूत की जिम्मेदारी देकर निश्चित मानदेय मुहैया करा रहा है । जिला प्रशासन की टीम शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों की शाला में वापसी के लिए ग्रामीणों के बीच पहुंचकर स्कूल वेंडे वरार्टू पंडूम के तहत घर-घर दस्तक अभियान से यह संभव हुआ है। शिक्षा के फायदे और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी देकर ग्रामीणों को आश्वास्त किया गया कि भविष्य को संवारने में शिक्षा ही महत्वपूर्ण माध्यम है। सड़क एवं सुरक्षा के विस्तार के बीच ग्रामीण अब आश्वास्त है कि उनके बच्चों का भविष्य विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा।

उल्लेखनीय है कि बीते कुछ समय पूर्व मुदवेंडी गांव में पुलिस नक्सली मुठभेड़ के दौरान क्रॉस फायरिंग में 6 माह की बच्ची की गोली लगने से मौत हो गई थी, तब यह गांव सुर्खियों में आया था। अब वही गांव नियद नेल्लानार से फिर से आबाद हो रहा है। बुनियादि सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ सुरक्षा मिलने से स्कूल वेंडे वरार्टू पंडुम से 24 बंद और 32 नये स्कूल की शुरूआत का प्रयास सफल हो रहा है। जिला प्रशासन की मुहिम स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम का व्यापक प्रभाव माओवाद प्रभावित इलाकों में देखने को मिल रहा है।

## राशन दुकान संचालक की मनमानी से त्रस्त वार्डवासियों ने किया प्रदर्शन

**कांकेर, (एजेंसी)**। जिले के नगर पालिका के संजय नगर वार्ड में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालक ने हितग्राहियों से थंब लगवाकर उन्हें महीनों से राशन नहीं दिया। वार्डवासियों ने इसका विरोध करते हुए राशन दुकान संचालक को हटाने की मांग को लेकर दुकान के बाहर प्रदर्शन किया। पार्षद ने फूड इंस्पेक्टर को बुलाया, उन्होंने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद हितग्राही वार्डवासी शांत हुए।

संजय नगर वार्ड की गंगा बाई ने बताया कि राशन दुकान संचालक सभी से थंब लगवाकर चावल नहीं दिया है। कई लोगों को करीब तीन माह से थंब लगाने के बाद भी चावल नहीं दिया गया है। इसी तरह मोहल्ले के अधिकतर लोगों से थंब लगाकर सिर्फ शक्कर देकर चावल दो दिन बाद आकर



लेने की बात कही और दो दिन बाद जाने पर हितग्राहियों से कहा कि आप चावल ले गए, संचालक के इस जवाब से आक्रोशित हितग्राही सभी वार्डवासी एक होकर संचालक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हितग्राहियों ने वार्ड पार्षद को मौके पर बुलाया, पार्षद ने इसकी सूचना खाद्य विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही फूड इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचकर हितग्राहियों का बयान लेकर जांच कर कड़ी कर्रवाई की बात कही है। संजय नगर वार्डवासियों की मांग है कि दुकान संचालक को हटाया जाए।

## सोनीपत पुलिस ने बड़ी साइबर धोखाधड़ी का भंडाफोड़ किया, तीन गिरफ्तार

**सोनीपत, (एजेंसी)**। सोनीपत साइबर पुलिस ने बड़े साइबर धोखाधड़ी मामले में मंगलवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर लगभग 7.25 लाख रुपये की ठगी का आरोप है। पुलिस आयुक्त बी. सतीश बालन और पूर्वी सोनीपत के पुलिस उपायुक्त गौरव राजपुरोहित आईपीएस के नेतृत्व में हुए इस ऑपरेशन में 70,000 रुपये और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए।

24 मई, 2024 को स्थानीय निवासी संलाप ने साइबर पुलिस को एक धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी कि 21 मई, 2024 को उन्हें एक अज्ञात नंबर से कॉल आई।

जिसमें दावा किया गया कि उनका डीएचएल पार्सल सीमा शुल्क विभाग ने रोक दिया है। इस पार्सल में एटीएम कार्ड और पासपोर्ट जैसे संवेदनशील सामान शामिल थे। कॉल करने वाले ने




संलाप की पहचान से जुड़ा मामला बताते हुए कानूनी कार्रवाई की धमकी दी।

धोखेबाजों ने मुंबई पुलिस के अधिकारी बनकर धमकाया और एक नकली आईपीएस अधिकारी के पास कॉल ट्रांसफर कर दी। इस फर्जी अधिकारी ने संलाप पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाते हुए उनसे बैंक विवरण मांगे। घबराहट में संलाप ने 7,25,000 रुपये दो अलग-अलग लेनदेन के माध्यम से धोखेबाजों के खाते में ट्रांसफर कर दिए।

पुलिस उपायुक्त गौरव राजपुरोहित आईपीएस ने इस जांच की मंगलवार को जानकारी दी कि साइबर थाना प्रबंधक निरीक्षक बसंत कुमार की पुलिस टीम ने महाराष्ट्र राज्य के अलग-अलग जिलों से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया। इन गिरफ्तारियों के दौरान 70,000 रुपये, पांच मोबाइल फोन, छह चेक बुक, तीन पास बुक और तीन एटीएम कार्ड बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने भारत भर में साइबर धोखाधड़ी में संलिप्त होने की बात स्वीकार की, जिनके खिलाफ 150 से अधिक शिकायतें दर्ज हैं।

धोखेबाजों ने डिजिटल अरेस्ट नामक एक तरीका अपनाया, जिसमें वे पुलिस अधिकारी बनकर पीड़ितों को डराते और उन्हें अपनी बात मानने के लिए मजबूर करते थे। उन्होंने ऐप्स का उपयोग कर पीड़ितों के साथ संपर्क बनाए रखा और फर्जी कानूनी मुद्दों को सुलझाने के लिए पैसे मांगे। पुलिस उपायुक्त गौरव राजपुरोहित आईपीएस ने जनता से सतर्क रहने की अपील की। यदि कोई व्यक्ति पुलिस या सीबीआई अधिकारी बनकर पैसे मांगता है, तो तुरंत परिवार के सदस्यों को सूचित करें और नजदीकी पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करें।

## योगी सरकार का बड़ा फैसला, पेपर लीक किया तो होगी उम्रकैद, एक करोड़ तक का लगेगा जुमार्ना

**लखनऊ, (एजेंसी)**। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने परीक्षाओं को पारदर्शी और शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश-2024 को मंजूरी प्रदान की। इस अध्यादेश में पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ दो साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुमार्ने के प्रावधान किए गए हैं। पेपर लीक अथवा अन्य कारणों से परीक्षा प्रभावित होने पर खर्च की भरपाई साल्वर गैंग से की जाएगी। परीक्षा में गड़बड़ी करने वाली कंपनियों और सेवा प्रदाताओं को हमेशा के लिए ब्लैक लिस्ट करने का भी प्रावधान किया गया है।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक के फैसलों की जानकारी दी। खन्ना ने बताया कि कैबिनेट के समक्ष कुल 44 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें 43 को मंजूरी प्रदान की है। अनुमोदित प्रस्तावों में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक रोकथाम अध्यादेश 2024 भी शामिल रहा। वित्त मंत्री ने बताया कि पेपर लीक के संबंध में मंत्रिपरिषद के द्वारा अध्यादेश के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया है। इसके तहत यदि कोई संस्था या उससे जुड़े लोग पकड़े जाएंगे तो उन्हें 2 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। अध्यादेश के तहत लोकसेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, उत्तर प्रदेश बोर्ड, विश्वविद्यालय, प्राधिकरण या निकाय या उनके द्वारा नामित संस्था भी इसमें सम्मिलित हैं। यह अध्यादेश किसी प्रकार की भर्ती परीक्षाओं, नियमितीकरण या पदोन्नति करने वाली परीक्षाएं, डिग्री-डिप्लोमा, प्रमाण पत्रों या शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं पर भी लागू होगा। इसके अंतर्गत फर्जी प्रश्नपत्र बांटना, फर्जी सेवायोजन वेबसाइट बनाना इत्यादि दंडनीय अपराध बनाए गए हैं। अधिनियम के प्राविधानों के उल्लंघन पर अध्यादेश के अंतर्गत दोषियों को 2 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा, जबकि एक करोड़ रुपये के जुमार्ने का प्रावधान किया गया है।

मंत्री खन्ना ने बताया कि यदि परीक्षा प्रभावित होती है तो उस पर आने वाले वित्तीय भार को सॉल्वर गिरोह से वसूलने तथा परीक्षा में गड़बड़ी करने वाली संस्था तथा सेवा प्रदाताओं को सदैव के लिए ब्लैक लिस्ट करने का भी प्राविधान किया गया है। अधिनियम में अपराध की दशा में संपत्ति की कुर्की का भी प्रावधान किया गया है। इसके तहत समस्त अपराध संज्ञेय, गैर जमानती एवं सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय एवं अशमनीय बनाए गए हैं। जमानत के संबंध में भी कठोर प्राविधान किए गए हैं। वर्तमान में विधानसभा का सत्र न होने के कारण बिल के स्थान पर अध्यादेश का प्रस्ताव किया गया है। मंत्रिपरिषद के द्वारा प्रस्ताव के अनुमोदन के बाद अध्यादेश की प्रक्रिया को पूरी की जाएगा

## पुणे पोर्शे कार दुर्घटना मामले में नाबालिग को तत्काल रिहा करने का बॉम्बे हाई कोर्ट का आदेश

**मुंबई, (एजेंसी)**। पुणे जिले के कल्याणीनगर पोर्शे कार दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपित को बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को तत्काल रिहा करने का आदेश जारी किया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपित के बुधवार को बाल सुधार गृह से छूटने की संभावना है।

## संक्षिप्त खबरें

### तालाब भरे जाने के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**मुर्शिदाबाद, (एजेंसी)**। जिले के बहरमपुर के पास शिवपुर गांव में महिलाओं ने तालाब भरे जाने के खिलाफ प्रदर्शन किया। सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नगरपालिकाओं के साथ राज्य सचिवालय नवान्न में हुई बैठक के दौरान तालाब भर कर निर्माण कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार करने का निर्देश दिया था। उसके अगले ही दिन मंगलवार को गांव के लोग सड़क पर उतर आये।

सूत्रों के अनुसार, मंगलवार सुबह से ट्रैक्टर से मिट्टी लाकर तालाब भरने का काम शुरू किया गया था। स्थानीय निवासी नेताओं के डर से अब तक चुप थे लेकिन गांव की महिलाओं ने ट्रैक्टर रोक दिया।

एक प्रदर्शनकारी महिला ने कहा कि हातीनगर ग्राम पंचायत की सदस्य पिंकी विश्वास दास के पति सुदीप दास के नेतृत्व में तालाब भरने के काम किया जा रहा है। उनके साथ कुछ अन्य लोग जबरन तालाब भर रहे हैं। वहीं हातीनगर ग्राम पंचायत के मुखिया कृष्णा मांझी ने कहा कि पूरी घटना की सूचना बीएलआरओ को देने के बाद तालाब भरने का काम रोक दिया गया है। मुझे नहीं पता कि उस तालाब को दोबारा भरने का काम किसने शुरू किया।

ग्रामीणों के अनुसार, कुछ दिन पहले प्रशासन व बीएलआरओ कार्यालय के अधिकारी आये और तालाब भरने का काम रुकवा दिया। फिर भी तालाब भरने का काम नहीं रुका। पूरे मामले को लेकर सुदीप दास से कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो सका

### जेवर चुराकर उस पर गोल्ड लोन लेने वाली गैंग गिरफ्तार

**जबलपुर, (एजेंसी)**। पुलिस ने ज्वेलरी चुराकर उस पर गोल्ड लोन लेने वाले एक गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया है इस गिरोह से सोने और चांदी के जेवर भी बरामद हुए है। पुलिस को बीते दिनों माढ़ोताल और विजयनगर थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं की शिकायत मिल रही थी। लगभग 10 अपराध पंजीबद्ध होने के बाद पुलिस समझ नही पा रही थी कि लगातार हो रही इन चोरियों के पीछे किस शातिर गैंग का हाथ है।

इन शातिर सेंधमारों तक पहुंचाने के लिए पुलिस ने अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया जिसके बाद पुलिस को यह सूचना मिली कि गुलौआ चौक निवासी राहुल पटेल उर्फ डालडा और उसके साथियों का रहन-सहन आजकल कुछ बदला हुआ है। इसी आधार पर पुलिस ने राहुल उर्फ डालडा, विनोद केवट और आकाश केवट से कड़ी पूछताछ की जिसमें उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। सेंधमारों की इस गैंग का सरगना राहुल पटेल उर्फ डालडा था। इन शातिर अपराधियों के कब्जे से 360 ग्राम सोना और ढाई किलो चांदी जिसकी कुल कीमत 30 लाख रुपए है वह बरामद की गई है।

### श्रमिक की हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपित रिमांड पर लिया

**सोनीपत,(एजेंसी)**। एचएसआईआईडीसी, बड़ी स्थित फैक्टरी में काम करने वाले श्रमिक कांशीराम की हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपित बालकृष्ण को बड़ी थाना पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस ने मंगलवार को आरोपित से हत्या में प्रयुक्त लोहे की राड भी बरामद कर ली है।







